राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 12
अंक : 80
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
मंगलवार 04 अक्टूबर 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334



मुख्य अपडेट

पेज 3 काका कालेलकर और साहित्यकार विष्णु प्रभाकर जी की स्मृति को समर्पित एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ

पेज 5 अयोध्या में युवक ने पंजा काटा, सरयू तट पर चढ़ाया, बोला- बिहार में भ्रष्टाचार, नहीं हो रही सुनवाई

पेज 7 स्वांते पाबो को मिला मेडिसिन का नोबेल, इस खास काम के लिए नवाजे गए स्वीडन के वैज्ञानिक


## हैदराबाद में आईएस और लश्कर से जुड़े तीन आतंकी गिरफ्तार

### फिदायीन हमले की फिराक में थे आतंकी, 4 हैंड ग्रेनेड बरामद

हैदराबाद। हैदराबाद पुलिस ने रविवार को शहर में आतंकी साजिश का पर्दाफाश किया है। मामले में आईएस और लश्कर से जुड़े तीन आतंकी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी शहर के मलकपेट से हुई है। उनके पास से 5 मोबाइल, कैश और 4 हैंड ग्रेनेड भी बरामद हुए हैं। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए भीड़-भाड़ इलाके में आतंकी फिदायीन हमले की फिराक में थे।

आतंकियों की पहचान अब्दुल जाहेद, मोहम्मद समीउद्दीन और माज हसन फारूक के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि ये सभी आतंकी हैदराबाद में किसी पब्लिक प्लेस को निशाना बनाने की योजना बना रहे थे, जिससे शहर में आतंक और सांप्रदायिक तनाव पैदा हो सके।

पुलिस के मुताबिक कुल छड आतंकी की सूचना मिली थी। तीन आतंकी



अभी भी फरार है, उनकी तलाश की जा रही है।

### कई आतंकी साजिश को अंजाम दे चुका है अब्दुल जाहेद

पुलिस ने बताया कि अब्दुल जाहेद ने हैदराबाद में हुए कई आतंकी साजिश को अंजाम दिया। उसने 2002 में दिलसुखनगर के साईंबाबा मंदिर, 2004 में सिकंदराबाद में मौजूद गणेश मंदिर और 2005 में बेगमपेट स्थित सिटी पुलिस कमिश्नर के टास्क फोर्स के ऑफिस पर आत्मघाती हमला किया था।

हमले के लिए अब्दुल ने कई लोकल युवाओं की भर्ती की थी।

पुलिस के मुताबिक अब्दुल जाहेद पहले से कई आतंकी गतिविधियों में शामिल रहा है और वह पाकिस्तानी ढ्रस्ढ्ढ और लश्कर ऑपरेटर्स के लगातार संपर्क में था।

### कस्टडी में भेजे गए तीनों आतंकी

अब्दुल जाहिद ने अपने कबूलनामे में खुलासा किया है कि वो फरहतुल्ला गोरी, अबू हमजाला और मजीद से संपर्क में था और उन्होंने हैदराबाद में आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए प्रेरित किया और पैसे भी दिए। पुलिस ने कहा कि पाकिस्तान स्थित आकाओं के इशारे पर, जाहिद ने समीउद्दीन और माज हसन को अपने साथ जोड़ लिया। कोर्ट में पेश करने के बाद तीनों लोगों को कस्टडी में भेज दिया गया है।

### जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले में एक पुलिसकर्मी शहीद

**जम्मू-कश्मीर के पुलवामा आतंकी हमले में एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया। सीआरपीएफ का एक जवान भी घायल है। जम्मू-कश्मीर पुलिस के मुताबिक ये हमला उस समय हुआ, जब पुलवामा के पिंगलान इलाके में सीआरपीएफ और पुलिस की जॉइंट पार्टी पेट्रोलिंग कर रही थी। हमले के बाद इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पुलिसकर्मी की मौत पर दुख जताया है।**

## आप सरकार के दावे निकले खोखले

### पराली जलाने में पंजाब अव्वल : 3 दिन में 136 केस

चंडीगढ़। मानसून सीजन खत्म होते ही पंजाब के किसानों ने धान की फसल उठाने के बाद पराली को आग लगाना शुरू कर दिया है। यही कारण है कि पराली जलाने के मामले में शुरुआत में ही पंजाब अव्वल आ गया है, जबकि दूसरे स्थान पर उत्तर प्रदेश और तीसरे पर हरियाणा है। रविवार तक 3 दिन में पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में पराली जलाने के 193 मामले सामने आए। इनमें पंजाब 17 दिन में 275 मामलों के साथ पहले नंबर पर है।



### पंजाब के किस जिले में कितने मामले हुए दर्ज

पंजाब में 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पराली जलाने के कुल 275 मामले दर्ज हुए हैं। धान की फसल की कटाई सबसे पहले अमृतसर और तरतारन में शुरू होती है। साल 2020 और 21 की तरह साल 2022 में भी 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक अमृतसर में पराली जलाने के सबसे अधिक 230 मामले दर्ज किए गए। दूसरे नंबर पर तरनतारन में 27, तीसरे नंबर पर पटियाला 4, चौथे नंबर पर फिरोजपुर-गुरदासपुर में 3-3, जालंधर व कपूरथला में 2-2 और फतेहगढ़ साहिब, मुक्तसर, एसएएस नगर व एसबीएस नगर में 1-1 मामला दर्ज किया गया है। यह डाटा कंसोटियम फॉर रिसर्च ऑन एग्रोइकोसिस्टम मॉनिटरिंग एंड मॉडलिंग फ्रॉम स्पेस लैबोरेटरी द्वारा तैयार किया गया है।

### आप सरकार के प्रयास विफल

कृषि मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल ने पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए हैप्पी सीडर मशीनों पर सब्सिडी के आवेदनों की समय सीमा बढ़ाई। उन्होंने मिट्टी में पराली को अवशोषित करने के लिए, कृषि विभाग के पायलट प्रोजेक्ट के तहत 5 हजार एकड़ में डी-कंपोजर घोल का छिड़काव करने की बात कही। कृषि विभाग कर्मियों की छुट्टियां निरस्त कीं, लेकिन राज्य सरकार की सभी तैयारियां नाकाफी साबित हुई हैं।

### बारिश से खेतों में पानी भरने पर मिली थी राहत

गत 18 सितंबर से पहले पराली जलाने की घटनाएं दर्ज की जाने लगी थीं। 21 सितंबर को पराली जलाने की 56 और 22 सितंबर को 30 घटनाएं दर्ज की गईं।

इसके बाद पश्चिमी विक्षोभ और मध्य प्रदेश के ऊपर बने कम हवा के दबाव क्षेत्र के चलते उत्तर भारत में अच्छी बारिश हुई। इससे खेतों में पानी भर गया और नमी के कारण पराली जलाने की घटनाएं रुकी रहीं, लेकिन खेत सूखते ही पराली जलाने की घटनाएं तेजी से बढ़ने लगी हैं।

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान की रियल टाइम मॉनिटरिंग के मुताबिक, 23 से 29 सितंबर तक पंजाब, उत्तर प्रदेश और हरियाणा की खेतों में पराली जलाने की कोई घटना दर्ज नहीं की गई, लेकिन खेतों के सूखने पर सबसे अधिक 136 मामले पंजाब में, 49 मामले उत्तर प्रदेश और 8 मामले हरियाणा में सामने आए।

## नशे में चढ़ा दी 6 साल के बच्चे की बलि

### आरोपियों ने बताई सपने और बलि की कहानी

नई दिल्ली। दिल्ली में दो युवकों ने 6 साल के मासूम की गला रेतकर हत्या कर दी। घटना लोधी कॉलोनी एरिया में सीआरपीएफ हेडक्वार्टर्स की कंस्ट्रक्शन साइट पर शनिवार रात को हुई। आरोपियों ने हत्या करने से पहले गांजा पिया था। उन्होंने अपना गुनाह कबूल कर लिया और पुलिस को सपने, शिव और बलि की कहानी सुनाई।

पुलिस ने जिन दो युवकों को गिरफ्तार किया है, उनके नाम विजय और अमन हैं। दोनों बिहार के रहने वाले हैं और कंस्ट्रक्शन साइट पर सीमेंट कटर का काम करते हैं। जिस बच्चे की हत्या की गई, उसका नाम धर्मेंद्र है। धर्मेंद्र के पिता अशोक भी मजदूर हैं। वे यूपी के बरेली के रहने वाले हैं।



जिस कंस्ट्रक्शन साइट पर सभी लोग काम करते थे, वहां रात को भजन चल रहे थे। महिलाएं और अशोक भी इसमें शामिल थे। आरोपी विजय गांजा पीने के बाद यहां पहुंचा। उसने शिव की पूजा के लिए धूप मांगी, लेकिन महिला ने धूप देने से मना कर दिया। इसके बाद वह अपनी झुग्गी में लौट आया।

विजय ने पुलिस से कहा कि हम लोगों ने शिव का प्रसाद खाया था। इसके बाद उसे सपना आया कि भगवान शिव बच्चे की बलि मांग रहे हैं। रात करीब साढ़े दस बजे 6 साल का धर्मेंद्र अकेला दिखा। विजय और अमन को बच्चा जानता था। इसी का फायदा उठाकर आरोपी उसे अपनी झुग्गी में ले गए। सब्जी काटने वाले चाकुओं से बच्चे का गला रेत दिया।

फोरेंसिक टीम ने हत्या में इस्तेमाल किए गए दोनों चाकू बरामद कर लिए हैं। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बच्चे के पिता अशोक ने पुलिस को बताया कि भजन के दौरान काफी देर तक धर्मेंद्र नहीं दिखा। इसके बाद उसकी तलाश शुरू हुई। आरोपियों की झुग्गी के पास खून के छींटे दिखे। खटखटाने पर आरोपियों ने दरवाजा नहीं खोला।

### मुर्मू ने 1330 करोड़ के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

गांधीनगर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को गुजरात के गांधीनगर से 1330 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास-लोकार्पण किया। राष्ट्रपति बनने के बाद आज पहली बार गुजरात की यात्रा पर आईं श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने इस अवसर पर गुजराती में संबोधन की शुरुआत करते हुए कहा, राष्ट्रपति बन्या पछी पहेली वार आप सौनी वच्चे अहीं गुजरातमां आवीने प्रसन्नतानो अनुभव करी रही छुं। आप सौनी कुशलतानी प्रार्थना करुं छुं. (राष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार गुजरात में आकर प्रसन्नता का अनुभव कर रही हूँ। आप सबकी कुशलता की प्रार्थना करती हूँ।)

## त्योहार के जश्न में 4 लोगो की मौत

### एक के पिता ने भी सदमे में दम तोड़ा, गरबा और अभिनय करते हुए जान गंवाई

एजेंसी

आणंद। महाराष्ट्र, गुजरात और उत्तर प्रदेश में त्योहार का जश्न मनाते 4 युवकों की मौत हो गई। चारों की मौत की वजह हार्ट अटैक रही। इनमें से महाराष्ट्र में जान गंवाने वाले युवक के पिता को भी सदमे में हार्ट अटैक आया और उन्होंने भी दम तोड़ दिया।

### महाराष्ट्र : युवक की 3 महीने पहले ही हुई थी शादी

महाराष्ट्र के पालघर में गरबा खेलने के दौरान 35 साल के मनीष नरपजी सोनिग्रा शनिवार रात इलाके के ग्लोबल सिटी परिसर में गरबा खेल रहे थे। तभी वे बेहोश होकर गिर पड़े। उनके पिता नरपजी सोनिग्रा (66 वर्ष) बेटे को तुरंत अस्पताल लेकर गए। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। खबर लगते ही अस्पताल में ही पिता को भी हार्ट अटैक आ गया और उनकी भी मौत हो गई। मनीष की तीन महीने पहले 24 जून 2022 को शादी हुई थी।

### गुजरात : आणंद में युवक गरबा खेलते हुए गिरा और मौत

राज्य में आणंद जिले में शुक्रवार रात वीरेंद्र सिंह राजपूत (21) की भी गरबा खेलने के दौरान मौत हो गई। तारापुर इलाके की शिव शक्ति सोसायटी में नाचते समय उन्हें चक्कर आया और वे गिर गए। सोसायटी के लोग उसे तुरंत अस्पताल ले गए, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। डॉक्टर ने बताया कि उन्हें अटैक आया था। घटना 30 सितंबर की है, लेकिन इसका वीडियो अब वायरल हो रहा है। वीरेंद्र के दोस्त ने ही यह वीडियो बनाया था। उसने बताया कि दोस्तों की जिद पर ही वीरेंद्र गरबा खेलने पहुंचा था।

### उत्तर प्रदेश : हनुमान का पात्र कूदा, गिरा और फिर नहीं उठा

उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले के सलेमपुर गांव में रामलीला में हनुमान की भूमिका निभा रहे रामस्वरूप (55) की अभिनय के दौरान मौत हो गई। घटना से जुड़ा एक वीडियो भी वायरल हो रहा है।

बैकग्राउंड में हनुमान लीला से संबंधित गाना चल रहा है और रामस्वरूप गदा लेकर कूद रहे हैं। अचानक वे मंच से गिरे और उनकी मौत हो गई।

### अयोध्या में रावण बने युवक की मौत मौत

उत्तर प्रदेश के अयोध्या के रुदौली में रावण का अभिनय कर रहे पतिराम रावत (58) की मौत हो गई। वह रविवार रात रामलीला में अभिनय कर चेंजिंग रूम जा रहे थे। तभी अचानक गिर गए। लोगों को लगा कि रस्सी फंसने से गिर गए हैं। फिर लोग उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## देश में कोरोना से स्वस्थ होने वालों की संख्या में हुई वृद्धि

### अब कोरोना से निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 4,40,32,671 हो गयी है

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटों में कोविड-19 संक्रमण से 4,301 मरीजों की सेहत में सुधार हुआ है, जिससे अब कोरोना से निजात पाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 4,40,32,671 हो गयी है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि देश में पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 3,011 नये मामले



सामने आने के साथ संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 4,45,97,498 तक पहुंच गयी है और सक्रिय मामले 36126 हैं एवं सक्रिय दर 0.08 प्रतिशत है।

इसी अवधि में कोरोना महामारी से आठ मरीजों की मौत होने मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 5,28,701 हो गया है और मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत और स्वस्थ दर 98.73 प्रतिशत है।

पिछले 24 घंटों में आठ राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश में कोराना के मामलों में बढ़ोतरी हुई है और अन्य राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में इसके मामलों में कमी देखी गयी है।

### 218.77 करोड़ से अधिक टीके लगे

नयी दिल्ली। देश भर में राष्ट्रीय कोविड टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 218.77 करोड़ से अधिक कोविड टीके लगाए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि आज सुबह सात बजे तक दो अरब 18 करोड़ 77 लाख 6 हजार 75 टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के 3011 नये मरीज सामने आयें हैं। इनके साथ ही देश में कोरोना रोगियों की संख्या 36 हजार 126 रह गयी है। यह संक्रमित मामलों का 0.08 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 2.23 प्रतिशत हो गयी है। मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि में 4301 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल 4 करोड़ 40 लाख। 32 हजार 671 रोगी कोविड से उबर चुके हैं।

## भारत जोड़ो यात्रा में गुरुवार को शामिल होंगी सोनिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी छह अक्टूबर को कर्नाटक के मांड्या जिले में श्री राहुल गांधी की बहुचर्चित 'भारत जोड़ो यात्रा' में शामिल होंगी।

कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि श्रीमती गांधी छह अक्टूबर (गुरुवार) को कर्नाटक के मांड्या में 'भारत जोड़ो यात्रा' में शामिल होंगी। उन्होंने कहा कि चार और पांच अक्टूबर को विश्राम का दिन होगा।



रमेश ने कहा, वह ज्यादा वक्त नहीं रहेंगी, पर शामिल जरुर होंगी। छह अक्टूबर को सुबह हम यात्रा फिर से वापस शुरु करेंगे और करीब साढ़े आठ बजे कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी जी इसमें शामिल होंगी। उन्होंने कहा कि यात्रा की जानकारी आम जनता देने लिये एक मोबाइल ऐप 'भारत जोड़ो यात्रा' जारी किया जाया जा रहा है। इसे एंड्रोयड फोन पर आप डाउनलोड कर सकते हैं। उन्होंने कहा, एक डिजीटल भारत जोड़ो यात्री भी बन सकते हैं। आपके इलाके में आप चल सकते हैं, एक किलोमीटर, दो किलोमीटर और आपको एक सर्टिफिकेट दिया जाएगा कि आप भारत जोड़ो यात्रा में शामिल थे। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा का आज 26वां दिन है और लखीमपुर खीरी हत्याकांड की पहली बरसी भी है। एक साल पहले लखीमपुर खीरी में कई किसान मारे गए थे। जो किसान काले कानून के खिलाफ आंदोलन चला रहे थे, उनको जानबूझकर मारा गया।

## जेईई 2021 पेपर लीक मामले में रूसी नागरिक हिरासत में

### दिल्ली एयरपोर्ट से पकड़ा गया आरोपी; परीक्षा के दौरान सॉफ्टवेयर किया था हैक

नई दिल्ली। जेईई मेंस 2021 परीक्षा पेपर लीक मामले में सीबीआई ने एक रूसी नागरिक को हिरासत में लिया है। आरोप है कि उसने परीक्षा के दौरान सॉफ्टवेयर की कथित हैकिंग की थी। रूसी नागरिक को दिल्ली एयरपोर्ट पर तब पकड़ा गया, जब वो कजाकिस्तान से भारत आ रहा था। बाद में उसे सीबीआई के हवाले कर दिया गया। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार पकड़े गए रूसी नागरिक की पहचान मिखाइल शेरगिन के रूप में हुई है। वह जेईई मेंस परीक्षा 2021 घोटाले का मास्टरमाइंड है। एजेंसी ने बताया कि मिखाइल ने परीक्षा के दौरान iLeon सॉफ्टवेयर से छेड़छाड़ की थी। सॉफ्टवेयर टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने डिजाइन किया गया था। इस सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल परीक्षा के लिए किया गया था। आरोप है कि मिखाइल ने परीक्षा के दौरान संदिग्ध उम्मीदवारों के कंप्यूटर सिस्टम को हैक करने में अन्य आरोपियों की मदद भी की थी।

सीबीआई ने पिछले साल जेईई मेंस पेपर लीक मामले में एफिनिटी एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड और इसके तीन निदेशकों-सिद्धार्थ कृष्णा, विश्वंभर मणि त्रिपाठी और गोविंद वार्ष्णेय सहित कई लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

आरोप था कि ये निदेशक दलालों और सहयोगियों के साथ मिलकर हरियाणा के सोनीपत में स्थित एक परीक्षा केंद्र में पैसे के बदले छात्रों को एनआइटी जैसे बड़े इंस्टीट्यूट में एडमिशन दिलाने के लिए ऑनलाइन परीक्षा में हेरफेर कर रहे थे। यह लोग एक रिमोट एक्सेस के जरिए स्टूडेंट्स के पेपर को हल करवा रहे थे।

सजा

### अंतिम सांस तक जेल में रहना होगा, 23 महीने पहले नाबालिग छात्रा से की थी दरिंदगी

## यूपी : झांसी पॉलिटेक्निक गैंगरेप में 8 दोषियों को उम्रकैद

एजेंसी

झांसी। झांसी के राजकीय पॉलिटेक्निक गैंगरेप केस में 8 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। सभी को अंतिम सांस तक जेल में रहना होगा। उन पर 56-56 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। कुल जुर्माना 4.48 लाख में से आधी रकम पीड़िता को प्रतिकर के रूप में दी जाएगी।

जुर्माना नहीं देने पर दोषियों को 6 माह की जेल अतिरिक्त काटनी होगी। यह महत्वपूर्ण फैसला सोमवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट सहित रेप) नितेंद्र



कुमार सिंह ने सुनाया है।

### दोस्त से पीड़िता के कपड़े उतरवाकर बनाया था वीडियो

घटना 11 अक्टूबर 2020 की है। तब पीड़िता 16 साल की थी। वह घर से ट्यूशन पढ़ने जा रही थी। सुबह करीब 10 बजे राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज की मैन सड़क पर 5 लड़कों ने रोक लिया।

मारते हुए पीड़िता को पकड़कर पॉलिटेक्निक कॉलेज के बॉयज हॉस्टल में ले गए। वहां पीड़िता के दोस्त को पहले से पकड़ रखा था। झाड़ियों में दोस्त से पीड़िता का पेंट उतरवाकर वीडियो व फोटो बनाए।

विरोध करने पर संजय कुशवाहा ने उसे बेल्ट से पीटा। रोहित, संजय, भरत और मोनू गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए हॉस्टल की लंबी झाड़ियों के पीछे ले गए। वीडियो रिकॉर्ड होते समय सभी 8 आरोपी रोहित, विपिन, संजय, भरत, मोनू, शैलेंद्र, मयंक और धर्मेंद्र मौजूद थे। सभी से गंदे इशारे कर रहे थे।

### वीडियो वायरल की धमकी देकर रुपए वसूले

ब्लैकमेल करते हुए संजय ने वीडियो वायरल करने की धमकी दी। संजय और भरत ने पीड़िता की पेंट की जेब से एक हजार रुपए छीन लिए थे। फिर धमकी देते हुए संजय ने अपनी स्कूटी पर बैठा लिया। पहले यतिन कंप्यूटर्स पर ले गया।

जहां नेटवर्क न आने के कारण दो हजार रुपए का ट्रांसजेक्शन फेल हो गया।

इसके बाद बालाजी रोड स्थित तपन साइबर कैफे ले गया। लड़की ने अपने मोबाइल से दो हजार रुपए ऑनलाइन दुकानदार के खाते में ट्रांसफर दिए। दुकानदार ने लड़की को दो हजार कैश दिए। संजय ने रुपए ले लिए। फिर संजय वापस उसे हॉस्टल ले गया।

## शार्ट न्यूज

### साहसिक पर्यटन का केन्द्र बनेगा जम्मू

जम्मू। प्रर्यटन को प्रोत्साहन देने के मकसद से जम्मू पर्यटन निदेशालय ने क्षेत्र में साहसिक पर्यटन (एडवेंचर टूरिज्म) पर विशेष तवज्जो देने का फैसला किया है और इस दिशा में सोमवार को यहां राजकीय गांधी स्मारक साइंस कालेज में हाट एयर बैलून प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन भारतीय स्कीइंग और पर्वतारोहण संस्थान (आईआईएसएम) और केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय ने जम्मू पर्यटन विभाग के साथ मिल कर किया। आईआईएसएम के अधिकारी कर्नल जे एस ढिल्लन ने कहा, जम्मू को एडवेंचर टूरिज्म क्षेत्र के रूप में स्थापित करने के लिये साहसिक पर्यटन के दो प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किये गये। सूबे के पर्यटन निदेशक विवेकानंद राय ने कहा, जम्मू में शिविर के आयोजन के लिये हम आईआईएसएम के आभारी है। वास्तव में इस क्षेत्र में साहिसक पर्यटन की प्रचुर संभावनाये हैं। विशेष प्रशिक्षण शिविर में जम्मू क्षेत्र के युवा प्रशिक्षित होंगे जिनकी मदद से क्षेत्र के पर्यटन क्षेत्र को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होने कहा, एडवेंचर आधारित पर्यटन गतिविधियों से बड़ी संख्या में सैलानी इस क्षेत्र के प्रति आकर्षित होंगे जो निसंदेह जम्मू पर्यटन उद्योग के लिये लाभकारी सिद्ध होगा। भविष्य में यहां पर्वतारोहण, हाट स्पाट बैलून, पैरा जंपिंग और पैरा ग्लाइडिंग जैसी अन्य साहसिक पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जायेगा।

### हैदराबाद में छह अक्टूबर को होगा अलाई-बलाई का आयोजन

हैदराबाद। हैदराबाद में दशहरा के बाद छह अक्तूबर को अलाई-बलाई ट्रस्ट द्वारा आयोजित वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन नामपल्ली प्रदर्शनी मैदान में किया जायेगा। सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी अलाई-बलाई ट्रस्ट की अध्यक्ष और हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय की बेटी सुश्री बंडारू विजयलक्ष्मी ने दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव एवं जी किशन रेड्डी, आंध्र प्रदेश के राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन व तेलंगाना की राज्यपाल डॉ तमिलिसाई सौंदरराजन के अलावा सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि इसमें शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के विशेष आकर्षण फिल्म अभिनेता चिरंजीव हैं। ट्रस्ट ने इस वर्ष तेलंगाना लोक नृत्य समूहों के अलावा हरियाणा और पंजाबी लोक नृत्य समूहों को भी आमंत्रित किया है। अलाई-बलाई ट्रस्ट की अध्यक्ष ने कहा कि इस अवसर पर ट्रस्ट द्वारा तेलंगाना राज्य आंदोलन सहित विभिन्न क्षेत्रों में कुछ प्रमुख लोगों को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2021 में हुए इस उत्सव में 15 हजार से ज्यादा लोग शामिल हुए थे जिसमें पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू मुख्य अतिथि थे। इस वर्ष और लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

### हैदराबाद में एआईआर दफ्तर पहुंचे मुरुगन

हैदराबाद। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ एल मुरुगन सोमवार को यहां ऑल इंडिया रेडियो दफ्तर पहुंचे। डॉ. मुरुगन पहली बार ऑल इंडिया रेडियो हैदराबाद केंद्र आए हैं। आधिकारिक बयान में बताया गया कि डॉ. मुरुगन ने इस दौरान विभिन्न विभागों के कार्यों के बारे में राज्य और केंद्र के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इससे पहले उन्होंने राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड (एनएफडीबी) का भी दौरा किया और स्वच्छ भारत कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने एनएफडीबी के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया तथा स्वच्छ भारत के क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक भी की।

### नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ का आरोपी प्रधानाचार्य गिरफ्तार

नैनीताल। उत्तराखंड के चंपावत में अपने ही कालेज की नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ के आरोपी प्रधानाचार्य को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। चंपावत पुलिस के अनुसार आरोपी प्रभारी प्रधानाचार्य लीलांबर बिष्ट को राजकीय इंटर कालेज गरसाड़ी से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ यौन शोषण संरक्षण अधिनियम (पोक्सो) के तहत कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। प्रभारी प्रधानाचार्य पर आरोप है कि उसने 30 सितंबर को कालेज से लौट रही कक्षा नौ में पढ़ने वाली छात्रा के साथ छेड़छाड़ की। रोते बिलखती छात्रा घर पहुंची और परिजनों को घटना की सूचना दी। परिजनों की शिकायत पर पाटी थाना में आरोपी प्रधानाचार्य के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया। मामले की जांच की जा रही है।

### मोदी की बिलासपुर में जनसभा पांच अक्टूबर को

बिलासपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच अक्टूबर को हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 25 हजार कार्यकर्ताओं के शामिल होने की संभावना है। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश में बिलासपुर स्थित लुहणू मैदान का निरीक्षण किया। श्री मोदी पांच अक्टूबर को इसी मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस जनसभा से पहले प्रधानमंत्री बिलासपुर में एम्स और हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज का उद्घाटन और मेडिकल डिवाइसिस पार्क नालागढ़ तथा पिंजौर-नालागढ़ फोरलेन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना की आधारशिला भी रखेंगे। इस अवसर पर केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण, युवा मामले एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, भाजपा के प्रदेश प्रभारी अविनाश राय खन्ना, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेन्द्र गर्ग, सांसद एवं राज्य भाजपा अध्यक्ष सुरेश कश्यप, विधायक जे.आर. कटवाल और सुभाष ठाकुर, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार त्रिलोक जम्वाल, जिला भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान, मुख्य सचिव आर.डी. धीमान, सामान्य प्रशासन विभाग के प्रधान सचिव भरत खेड़ा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

### भाजपा ने आप सरकार के अंसवैधानिक कृत्यों के विरुद्ध दिया धरना

जालंधर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पंजाब के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के आह्वान पर भगवंत मान सरकार द्वारा विधानसभा सत्र में विश्वासमत प्रस्ताव लाने, माननीय राज्यपाल को गलत जानकारी देकर उनका अपमान करना तथा बाबा साहिब डॉ. भीम राव अंबेडकर लिखित संविधान की सदन में उल्लंघन किए जाने के विरोध में सोमवार को भीमराव अंबेडकर चौक में धरना दिया। भाजपा प्रदेश महामंत्री राजेश बाघा ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान मुख्यमंत्री के रूप में अपने कर्तव्यों के निर्वहन करने में पूरी तरह विफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री मान ने 27 सितंबर को सदन में अपने उपद्रवी विधायकों को क्रूर और असंसदीय तरीके से सबसे दुर्व्यवहार करने की अनुमति देकर संविधान की धज्जियाँ उड़ाई हैं। उन्होंने कहा कि श्री मान द्वारा बिजली, जीएसटी और पराली जलाने जैसे मुद्दों को सूचीबद्ध करके बुलाए गए सदन की झूठी जानकारी माननीय राज्यपाल को देकर सबसे पहले अपने असंवैधानिक विश्वास प्रस्ताव को पेश कर संविधान का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा कि 92 विधायकों वाली पंजाब सरकार को विश्वास मत लाने की क्या जरुरत है।

### फसल बर्बादी का मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

श्रीगंगानगर। श्रीगंगानगर जिले में भूमिपुत्र फाउंडेशन द्वारा रायसिंहनगर क्षेत्र के किसानों की खरीफ की फसल की हुई बर्बादी का मुआवजा तथा क्रॉप कटिंग करवाने को लेकर आज उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया। फाउंडेशन प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया की फाउंडेशन की टीम लगातार दो दिन से सीमावर्ती क्षेत्र के किसानों से मुलाकात कर उनकी फसलों के बारे में जानकारी जुटाई। किसानों ने बताया कि अधिक तापमान के कारण मूंग और ग्वार की फसल 70 से 80 प्रतिशत तक बर्बाद हो चुकी है। भूमि विकास बैंक के पूर्व चेयरमैन राकेश ठोलिया के नेतृत्व में दिये ज्ञापन में प्रशासन से मांग की गई है कि तुरंत क्रॉप कटिंग करवाई जाए तथा ताकि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ मिले सके।

# 6 राज्यों की 7 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा

## जारी लिस्ट के मुताबिक, इन सभी सीटों पर 3 नवंबर को मतदान होगा

नई दिल्ली। इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया ने 6 राज्यों की 7 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव की घोषणा कर दी है। चुनाव आयोग की ओर जारी लिस्ट के मुताबिक, इन सभी सीटों पर 3 नवंबर को मतदान होगा। नतीजों का ऐलान 6 नवंबर को किया जाएगा। जिन 7 विधानसभा सीटों पर पर उपचुनाव होने हैं, उनमें बिहार की 2 और महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, तेलंगाना, ओडिशा की एक-एक सीटें शामिल हैं।

मालूम हो कि बिहार की मोकामा और गोपालगंज, महाराष्ट्र की अंधेरी ईस्ट, हरियाणा की आदमपुर, तेलंगाना की




मनुगोड़, उत्तर प्रदेश की गोला गोकरणनाथ और ओडिशा की धामनगर (सुरक्षित) सीट पर उपचुनाव होने हैं।

### चुनाव का शेड्यूल

अधिसूचना जारी होने की तारीख- 7 अक्टूबर 2022
नामांकन की आखिरी तारीख- 14 अक्टूबर 2022
नामांकन की जांच- 15 अक्टूबर 2022
नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख- 17 अक्टूबर 2022
मतदान- 3 नवंबर 2022
मतगणना- 6 नवंबर 2022
चुनाव संपन्न कराने की आखिरी तारीख- 8 नवंबर 2022

### क्यों खाली हुईं ये सीटें?

बिहार की गोपालगंज सीट भाजपा नेता सुभाष सिंह के निधन के बाद खाली हुई है। मोकामा विधानसभा सीट से राजद के अनंत सिंह चुनाव जीते थे। घर में ...च-47 रखने के आरोप में उन्हें आरोपी करार दिया गया और उनकी सदस्यता रद्द कर दी गई। अब यह सीट खाली है। वहीं, यूपी के लखीमपुर खीरी जिले की गोला गोकर्ण नाथ सीट विधायक अरविंद गिरि के निधन से खाली हुई है। अगर हरियाणा की बात करें तो यहां की आदमपुर विधानसभा सीट कांग्रेस नेता कुलदीप बिश्नोई के इस्तीफे के बाद खाली हुई। बिश्नोई कांग्रेस से इस्तीफा देकर बीजेपी में शामिल हो गए। महाराष्ट्र की अंधेरी ईस्ट विधानसभा सीट से शिवसेना के रमेश लटके जीते थे, लेकिन उनका निधन होने के बाद से सीट खाली है।

### सोनिया 'भारत जोड़ो यात्रा' में शामिल होने पंहुंची मैसूरु

मैसूरु। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सोनिया गांधी सोमवार को 'भारत जोड़ो यात्रा' में शामिल होने के लिए कर्नाटक के मैसूरु पहुंचीं। यह पहली बार है जब श्रीमती सोनिया गांधी इस यात्रा में शामिल होंगी जो अपने 26वें दिन में प्रवेश कर चुका है। वह तथाकथित रुप से स्वास्थ्य कारणों से इसमें शामिल नहीं हो रही थीं। गांधी हालांकि दशहरा समारोह के दो दिन के अवकाश के बाद गुरुवार सुबह इस यात्रा में शामिल होंगी। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जयराम रमेश ने एक अक्टूबर को गुंडलुपेट में एक संवाददाता सम्मेलन में इस बारे में जानकारी दी थी, जहां यह यात्रा 30 सितंबर की रात को तमिलनाडु से कर्नाटक में प्रवेश कर चुका था।

## शाह के दौरे से पहले जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बढ़ाई गई

श्रीनगर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के सोमवार को दौरे शुरू होने के मद्देनजर राजमार्गों और महत्वपूर्ण सड़क संपर्कों पर अतिरिक्त सैनिकों की तैनाती के साथ पूरे जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है, जबकि श्रीनगर, बारामूला, राजौरी और केंद्र शासित प्रदेश के अन्य हिस्सों में चौकियों को भी बढ़ा दिया गया है।

एक पुलिस अधिकारी ने कहा, सामान्य तौर पर पूरे केन्द्रशासित प्रदेश में सुरक्षा बढ़ाई गई है और विशेष तौर पर उन क्षेत्रों में जहां श्री शाह रैलियों/सार्वजनिक सभाओं को संबोधित करने वाले हैं वहां अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों को तैनता किया गया है। अधिकारी ने कहा, चौबीसों घंटे चौकियों पर चौकसी बरती जाती है और गणमान्य व्यक्ति की सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा कर्मियों की संख्या बढ़ा दी गई है।

उन्होंने कहा कि राजौरी में जहां श्री शाह एक विशाल सभा को संबोधित करने वाले हैं, किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए चौकियों और अतिरिक्त सैनिकों की तैनाती की गई है। इसी तरह आधिकारिक सूत्रों ने यह भी बताया कि बारामूला में सुरक्षा बलों की संयुक्त टीमों द्वारा कड़ी चौकसी और चौबीसों घंटे गश्त जारी है।

## 'कर्नाटक के झंडे' पर राहुल की फोटो से विवाद, कन्नड़ संगठनों ने किया विरोध

एजेंसी

मैसूर। कर्नाटक के झंडे पर राहुल गांधी की तस्वीर से नया विवाद खड़ा हो गया है। कई कन्नड़ समर्थक संगठनों ने कर्नाटक में भारत जोड़ो यात्रा का नेतृत्व कर रहे राहुल गांधी पर निशाना साधा है।

कन्नड़ समर्थक संगठनों ने कांग्रेस को कर्नाटक ध्वज पर राहुल गांधी की तस्वीर का इस्तेमाल नहीं करने की चेतावनी दी है। अनौपचारिक कन्नड़ ध्वज या कर्नाटक ध्वज में एक पीले और लाल रंग की पट्टी होती है, जिसे कन्नड़ और कर्नाटक दोनों का प्रतीक कहा जाता है।

रविवार को मैसूर में पार्टी की यात्रा के दौरान कर्नाटक के झंडे लहराते देखे गए। इन झंडों पर राहुल गांधी की



तस्वीरें छपी हुई थीं। झंडे पर राहुल गांधी की तस्वीर छापने के लिए कन्नड़ समर्थक समूहों ने कांग्रेस से माफी मांगने की भी मांग की है। कर्नाटक नवनिर्माण सेना जैसे कन्नड़ समर्थक संगठनों ने कर्नाटक के झंडे का इस्तेमाल इस तरह की राजनीति के लिए नहीं करने का आग्रह किया है। संगठनों ने सोनिया गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी से माफी की भी मांग की।

कर्नाटक के राजस्व मंत्री आर अशोक ने कहा, मैं कन्नड़ ध्वज पर फोटो की निंदा करता हूं। जब [कांग्रेस नेता] सिद्धारमैया सत्ता में थे, उन्होंने कर्नाटक का झंडा बदल दिया। उस समय सभी कन्नडिगों ने विरोध किया, फिर उन्होंने इसे बदल दिया। अब, राहुल गांधी की तस्वीर [झंडे पर] कांग्रेस के लिए शर्म की बात है।

इस पूरे विवाद पर कर्नाटक कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार की भी टिप्पणी आ गई है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, उन्होंने कहा, मैं माफी नहीं मांगूंगा। यह हमारा मूल कर्तव्य है। कन्नड़ झंडा किसी की संपत्ति नहीं है। राष्ट्रीय ध्वज पर, हम अपने नेताओं की तस्वीर लगाते हैं। कन्नड़ ध्वज पर भी, हम अपने नेताओं की तस्वीर लगाते हैं। यह फैसला हमने लिया है। मैं माफी नहीं मांगना चाहता।

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा कर्नाटक के मैसूर शहर तक पहुंच गई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कर्नाटक में पार्टी की "भारत जोड़ो यात्रा" के तीसरे दिन सोमवार को यहां चामुंडी पहाड़ियों के ऊपर स्थित चामुंडेश्वरी मंदिर जा कर पूजा अर्चना की। राहुल जब मंदिर गए तब उनके साथ उनके समर्थक और पार्टी के नेता भी थे। देवी चामुंडेश्वरी मैसूर राजघराने की कुल देवी और कई शताब्दियों से मैसुरू की अधिष्ठात्री देवी हैं।

## राहुल ने बारिश में भीग कर लोगों को किया संबोधित

मैसूरु (कर्नाटक)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कर्नाटक के मैसूरु में रविवार की शाम को बारिश में भींगते हुए खचाखच भरी रैली को संबोधित किया। उन्होंने अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को समर्पित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने लोगों को हमेशा चलते रहना, निडर और स्वतंत्र रहना सिखाया।

गांधी ने कहा कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक की यह यात्रा किसी कारण से नहीं रुकेगी और उन्होंने दूर से आने और बारिश में खड़े होने सुनने के लिए लोगों को धन्यवाद दिया।

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने ट्वीट कर कहा, शुरूआत में, मैंने राहुल गांधी को कवर करने की कोशिश की, लेकिन फिर देखा कि वह बारिश रुकने का इंतजार नहीं करना चाहते थे क्योंकि हजारों लोग उन्हें सुनने के लिए बारिश में भींग रहे थे। उसने अपना संबोधन शुरू किया और पूरी तरह से भींग गए। एक सच्चे भारतीय नेता।

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जयराम रमेश ने कहा, यह एक स्पष्ट घोषणा थी। कोई भी शक्ति नफरत, बेरोजगारी और महंगाई के खिलाफ देश को एकजुट करने वाले भारत जोड़ो यात्रा को नहीं रोक सकती है।

रविवार शाम को इस यात्रा की एक शानदार शुरुआत हुई क्योंकि लोगों की भीड़ एक जीवंत और उत्सव के माहौल में देखी गई। यह यात्रा श्री काली वीरम्मा मंदिर से शुरू हुई और मैसूर जिले में गति पकड़ ली। इससे पहले, श्री गांधी ने एक बयान में यात्रा के मुख्य उद्देश्यों को रेखांकित किया। बाद में वे नंजनगुड में श्री श्रीकांतेश्वर स्वामी मंदिर दर्शन करने गए। यात्रा के दौरान कुछ प्रमुख लोगों ने श्री गांधी से मुलाकात की। अगले 21 दिनों में यह यात्रा कर्नाटक में 511 किलोमीटर की दूरी तय करेगा। पांच महीने और 3,500 किलोमीटर की यह यात्रा तमिलनाडु के कन्याकुमारी से जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर तक की है।

यह कांग्रेस पार्टी का राष्ट्रीय जनसंपर्क कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य सामाजिक ध्रुवीकरण, आर्थिक असमानताओं और राजनीतिक केंद्रीकरण को उजागर करना भी है।

### कर्नाटक में राहुल ने किया मंदिर, मस्जिद का दौरा

मैसूरु। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कर्नाटक के मैसूर जिले में पिछले दो दिनों में 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान एक मंदिर और एक मस्जिद का दौरा किया। राहुल गांधी राज्य में यात्रा के तीसरे दिन सोमवार को चामुंडी पहाड़ियों के ऊपर स्थित चामुंडेश्वरी मंदिर गए। जहां देवी नगर की अधिष्ठात्री देवी स्थापित हैं। गांधी ने सुत्तूर मठ, मस्जिद-ए-आजम और शहर के सेंट फिलोमेना कैथेड्रल का भी दौरा किया। सुत्तूर मठ में, गांधी ने शिवरात्रि देशिकेंद्र स्वामीजी से मुलाकात की, जो एक प्रमुख लिंगायत द्रष्टा थे। यह यात्रा कर्नाटक के कुछ हिस्सों में 21 दिनों तक चलेगी और 511 किलोमीटर की दूरी तय करेगी।

### तेलंगाना में तीन नवंबर को होंगे उपचुनाव

हैदराबाद। तेलंगाना के नलगोंडा जिले में मुनुगोड़े विधानसभा उपचुनाव तीन नवंबर को होंगे। वोटों की गणना तीन दिन बाद की जाएगी। चुनाव आयोग ने सोमवार को मुनुगोड़े समेत छह राज्यों बिहार के मोकामा और गोपालगंज, महाराष्ट्र के अंधेरी (पूर्व), हरियाणा के आदमपुर, उत्तर प्रदेश के गोला गोरखनाथ और ओडिशा के धामनगर में सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव कराने की घोषणा की। तेलंगाना में तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के बीच कड़ा मुकाबला है। चुनाव आयोग ने कहा कि नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 14 अक्टूबर है और नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 17 अक्टूबर है। उन्होंने बताया कि तेलंगाना कांग्रेस के मौजूदा विधायक कोमातीरेड्डी राज गोपाल रेड्डी ने कांग्रेस और विधायक दोनों पदों से इस्तीफा दे दिया तथा भाजपा में शामिल हो गए, इसलिए उपचुनाव जरूरी था। वर्ष 2018 के बाद से मुनुगोड़े में पांचवां उपचुनाव होगा। यहां से कांग्रेस ने एक महिला पलवई श्रावंती को मैदान में उतारा है। वह मुनुगोड़े से पांच बार विधायक रही हैं। श्री पलवई गोवर्धन रेड्डी की पुत्री हैं। कांग्रेस के टिकट पर 2018 में सीट जीतने वाले कोमातिरेड्डी राज गोपाल रेड्डी भाजपा के प्रतिनिधि के रूप में मैदान में उतरेंगे। टीआरएस अध्यक्ष और मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने अभी तक उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है। सीपीआई और सीपीआई-एम दोनों ने सत्तारूढ़ टीआरएस को अपना समर्थन देने की घोषणा की है।

## तमिलनाडु में गैस सिलेंडर फटने से एक व्यक्ति की मौत, छह लोग घायल

तिरुचिरापल्ली। तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली शहर के व्यस्त मेन गार्ड गेट इलाके में हीलियम गैस सिलेंडर फटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है और छह अन्य घायल हो गए हैं। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार रात उस समय हुई, जब गुब्बारा विक्रेता इस शहर के सबसे व्यस्त मेन गार्ड गेट इलाके में प्रसिद्ध कपड़ा शोरूम के सामने गुब्बारे फुला रहा था। उसी दौरान गुब्बारे फुलाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाला हीलियम गैस सिलेंडर फट गया, जिसमें नजदीक खड़े रविकुमार (36) की मौत हो गई और अन्य छह लोग घायल हो गए। इनमें से गुब्बारा विक्रेता अनार सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस ने बताया कि दीवाली की खरीदारी के लिए सप्ताहांत में मेन गार्ड गेट इलाके में सैकड़ों लोग आते हैं।

उन्होंने बताया कि विस्फोट में कपड़ा शोरूम के पास खड़ा एक ऑटो रिक्शा और दो पहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस ने इस घटना से संबंधित मामला दर्ज कर लिया है।

## बंगाल में महाष्टमी पर 'कुमारी पूजा' देखने पहुंचे हजारों श्रद्धालु

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में स्थित रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन के वैश्विक मुख्यालय बेलूर मठ में दुनिया भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु सोमवार को 'कुमारी पूजा' देखने के लिए एकत्र हुए। राज्य में महाष्टमी की सुबह प्रथागत 'कुमारी पूजा' के साथ शुरू हुई। 'कुमारी पूजा' की शुरुआत स्वामी विवेकानंद ने 1901 में हावड़ा जिले के कोलकाता से दस किलोमीटर दूर बेलूर मठ में की थी। माना जाता है कि एक से सोलह वर्ष की अविवाहित लड़की, जो अभी तक यौवन तक नहीं पहुंची है और इच्छा, सांसारिक सुख और क्रोध से रहित हैं।

इस दिन पूजा समाप्त होने तक श्रद्धालु पूरे दिन उपवास करते हैं। नाबालिग किशोरी देवी के सामने एक सिंहासन पर बैठती है और सभी पुजारी भजन गाते हैं। कहा जाता है कि पूजा के बाद देवी की दिव्यता कुमारी में अवतरित होती है। कई सामुदायिक पूजा मार्की और जिन घरों में देवी की पूजा की जा रही है, वहां 'कुमारी पूजा' का भी आयोजन किया गया। इस बीच, देवी को 'अंजलि' (पुष्प प्रसाद) चढ़ाने के लिए हजारों भक्त सुबह से ही मंदिर में पहुंच गए। कोलकाता में करीब 2700 सामुदायिक पूजाएं हो रही हैं। इसके अलावा, शहर के अन्य पांच हजार घरों में देवी की पूजा की जा रही है। राज्य में अन्य जगहों पर दसियों हजार मार्की आए हैं।

संतोषपुर झीलपल्ली में सामुदायिक पूजा देश की संस्कृति को आकार देने में टेलीविजन के विकास और योगदान का प्रतीक है।

श्वेत-श्याम युग से लेकर रंगीन युग की शुरुआत तक के यादगार टेलीविजन कार्यक्रम पूरे मार्की में दिखाए जा रहे हैं, जो भारी संख्या में लोगों को आकर्षित कर रहा है। रामायण के अनुसार, अपनी पत्नी सीता की तलाश में लंका पर आक्रमण करने से पहले, भगवान राम ने शरद ऋतु में दुर्गा पूजा की थी। उल्लेखनीय है कि पूजा देवी दुर्गा के वार्षिक अवतरण का जश्न मनाती है, जो राक्षस महिषासुर का वध करती है। दशमी पर कैलाश में अपने पति भगवान शिव के पास लौटने से पहले देवी, एक शेर पर सवार और अपने दस हाथों में हथियारों की एक श्रृंखला के साथ, पृथ्वी से सभी बुराईयों को मिटाने के लिए चार दिनों तक रहती हैं।

## स्वदेशी हल्का लड़ाकू हेलिकॉप्टर 'प्रचंड' वायु सेना के बेड़े में शामिल

जोधपुर। देश में ही बना पहला बहुउद्देशीय हल्का लड़ाकू हेलिकॉप्टर (एलसीएच) सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में वायु सेना के बेड़े में शामिल हो गया। यहां वायु सेना स्टेशन में आयोजित समारोह में हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ने रक्षा मंत्री को एलसीएच की पारंपरिक चाबी सौंपी जिसे बाद में रक्षा मंत्री ने वायु सेना प्रमुख वी आर चौधरी को प्रदान किया। इसके साथ यह हेलिकॉप्टर वायु सेना के हेलिकॉप्टर बेड़े में शामिल हो गया।



इस मौके पर देश के दूसरे प्रमुख रक्षा अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान (सेवानिवृत) भी मौजूद रहे। एलसीएच को बेड़े में शामिल किये जाने से पहले एक सर्वधर्म प्रार्थना भी की गयी। एलसीएच को बेड़े में शामिल किये जाने के बाद रक्षा मंत्री ने इसका नामकरण करते हुए इसे 'प्रचंड' नाम दिया। अब से इस हेलिकॉप्टर को प्रचंड के नाम से जाना जायेगा। प्रचंड को बेड़े में शामिल किये जाने के बाद पानी की बौछारों 'वाटर केनन' से इसे पारंपरिक सलामी दी गयी। अत्याधुनिक मिसाइलों तथा राकेटों से लैस प्रचंड दुश्मन के छक्के छुड़ाने तथा उसे नेस्तानाबूद करने में पूरी तरह सक्षम है। इसे वायु सेना की 143 हेलिकॉप्टर यूनिट में शामिल किया गया है। अभी तक वायु सेना विदेशी लड़ाकू हेलिकाप्टरों का इस्तेमाल करती आ रही थी। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने गत मार्च में ही 15 एलसीएच की खरीद को मंजूरी दी थी।

### अमृतसर में 100 वर्ष से अधिक आयु के 707 मतदाताओं को किया सम्मानित

अमृतसर। भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन कार्यालय ने सोमवार को जिले के 707 मतदाताओं को सम्मानित किया, जिनकी उम्र 100 वर्ष से अधिक है। जबकि एक अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस मनाया गया है। बीएलओ ने घर-घर जाकर 100 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को सम्मानित किया और भारत सरकार द्वारा भेजे गए प्रमाण पत्र मतदाताओं को वितरित किए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी-सह-उपायुक्त हरप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि मतदाता सूची के आधार पर जिले में 707 मतदाता 100 वर्ष से अधिक आयु के हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के अनुसार अजनाला में 49 मतदाता 100 वर्ष से अधिक आयु के हैं, इसी प्रकार राजसांसी में 111 मतदाता, मजीठा में 75 मतदाता, जंडियाला में 38 मतदाता, अमृतसर उत्तर में 55 मतदाता, अमृतसर पश्चिम में 71, अमृतसर सेंट्रल में 37, अमृतसर पूर्व में 33, अमृतसर दक्षिण में 41, अटारी में 78 और बाबा बकाला में 119 मतदाता हैं।

## हिमाचल में दक्षिण-पश्चिम मानसून समाप्त हुआ : मौसम विभाग

शिमला। दक्षिण पश्चिम मानसून पशितमोत्तर हिमालयी राज्य हिमाचल प्रदेश में पूरी तरह से समाप्त हो गया है।

मौसम विभाग के प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि मानसून उत्तर अरब सागर के अधिकांश हिस्सों, गुजरात के अधिकांश हिस्सों, पश्चिमी मध्य प्रदेश और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों से चला गया है। वहीं सौराष्ट्र और कच्छ के शेष हिस्से, राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ और हिस्से आज चला गया।

मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी रेखा 79 डिग्री पूर्व देशांतर और 31.7 डिग्री उत्तर का अक्षांश 71 पूर्व के देशांतर तक और अक्षांश 20.3 उत्तर उत्तरकाशी, नजीबाबाद, आगरा, ग्वालियर, रतलाम, भरूच के बीच से गुजरा।

### पॉस्को मामले में गिरफ्तार आरोपी थाने से हुआ फरार

भरतपुर। राजस्थान में भरतपुर शहर के अटल बंद थाना से पॉस्को मामले में गिरफ्तार एक आरोपी आज फरार हो जाने के बाद पुलिस में हड़कंप मचा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मथुरा जिले में छाता थाना क्षेत्र के चन्दौरी गांव का रहने वाला कल्याण नामक यह आरोपी सुबह करीब छह बजकर 15 मिनट पर थाने से फरार हो गया। आरोपी के भागने के बाद पूरे शहर में नाकाबंदी करवा दी गई है लेकिन अभी उसका कोई सुराग नही लगा है।

## हिमाचल सरकार ने चार साल में सामाजिक सुरक्षा पेंशन का बजट लगभग चार गुना बढ़ाया

एजेंसी

शिमला। हिमाचल प्रदेश सरकार के चार साल में सामाजिक सुरक्षा पेंशन का बजट लगभग चार गुना बढ़ा देने से वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांग, विधवा और एकल महिलाएं या अपने दैनिक जीवन में संघर्ष कर रहे अन्य असहाय लोग अब न केवल एक सम्मानजनक जीवन जी सकते हैं बल्कि आर्थिक रूप से स्वतंत्र भी महसूस कर सकते हैं। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर की मानवीय और दूरदर्शी सोच के कारण यह संभव हुआ है।

उन्होंने ऐसे लोगों के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत मासिक पेंशन का प्रावधान किया है।

ठाकुर ने 27 दिसम्बर 2017 को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के तत्काल बाद और मंत्रिमंडल की पहली बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्य के वरिष्ठ नागरिकों की पीड़ा को समझते हुए 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को पेंशन देने का निर्णय लिया। पहले यह प्रावधान केवल 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए था।

एक सरकारी प्रवक्ता ने सोमवार को कहा कि बेहद विनम्र पृष्ठभूमि से आने वाले श्री ठाकुर आम आदमी खासकर गरीब और जरूरतमंद आम आदमी की मुश्किलों से हमेशा अवगत रहते हैं।

## शार्ट न्यूज

### पुस्तक निर्माण में उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार समारोह

संवाददाता/गौरवशाली भारत





नई दिल्ली। शुक्रवार, 30 सितम्बर को द फेडरेशन ऑफ़ इंडियन पब्लिशर्स द्वारा पुस्तक निर्माण में उत्कृष्टता के लिए पुरस्कार समारोह का आयोजन वाइसराय , द क्लैरिड्जेस , नई दिल्ली में प्रात: 10 बजे किया गया। इस अवसर पर बुक मैजिक इंडिया की पुस्तक – तारिका हिंदी पाठमाला – 4 को द्वितीय पुरस्कार और इंटेग्रेटेड सेमेस्टर सीरीज – इनसाइट सेमेस्टर 2 को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस सु–अवसर पर बुक मैजिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर्स श्री पवन टेलटिया जी और अनमोल टेलटिया जी ने ये पुरस्कार प्राप्त किये।

### गलगोटियाज में विद्यार्थियों के लिये मैडिटेशन और मोटिवेशनल वर्कशॉप का आयोजन



**गौतमुद्धनगर।** गलगोटियाज विश्वविद्यालय के पॉलिटैक्निक विभाग के नये सत्र 2022–23 के विद्यार्थियों के लिये कॉलेज परिसर में मैडिटेशन (हार्टफुलनेस) वर्कशॉप और मोटवेशनल कार्यक्रमों का विशेष आयोजन किया गया। हार्टफुलनेश के इस कार्यक्रम में बाहर से आये हुए अँकुर चवन, आर0 सी0 झा और जैस कमलजीत सिंह मैडिटेशन के विशेषज्ञों ने अपने स्पीच में विद्यार्थियों को जीवन में काम आने वाले बहुत ही महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी। विश्वस्तरीय संस्था हार्टफुलनेस इन्स्टिट्यूट के सदस्य ने विद्यार्थियों को तनाव से मुक्ति, मैडिटेशन, साकारात्मक सोच, एक खुशहाल जीवन जीने के बहुत से गूढ़ रहस्य बताये। शिक्षा जगत के महान प्रोधा, प्रबुद्ध बुद्धि–जीवी तकनीकी क्षेत्र के जाने माने वैज्ञानिक एस0 के0 महाजन ने भी मुख्य अतिथि के रूप में पहुँच कर विद्यार्थी को विज्ञान के क्षेत्र में अपनी बड़ी उपलब्धियों के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सदैव कठिन परिश्रम के साथ–साथ इनोवेटिव सोच के साथ आगे बढना है। पॉलिटैक्निक के प्रिंसिपल मोहित गहरवार ने और कार्यक्रम के संयोजक राजीव शर्मा ने गुलदस्ता भेंट करके सभी सम्मानित अतिथियों का स्वागत किया। संयोजक राजीव शर्मा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जीवन में सदैव साकारात्मक सोच के साथ आध्यात्मिक होना भी बहुत ही महत्वपूर्ण बात है। भगवत प्रशाद शर्मा ने कहा कि कठिन परिश्रम ही सफलता की कुँजी है।

### दिल्ली दंगे 2020 : ढाई साल से फरार वसीम अलीगढ़ से गिरफ्तार, हेड कॉन्स्टेबल रतन लाल की हत्या में था वॉन्टेड

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने 2020 दिल्ली दंगों के मामले में मुख्य आरोपियों में एक वसीम को उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ से गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। वसीम को अलीगढ़ की एक ताला बनाने वाले कारखाने से गिरफ्तार किया गया है। वह पिछले ढाई साल से फरार था। स्पेशल कमिश्नर (क्राइम) रवींद्र यादव ने बताया कि वसीम हेड कॉन्स्टेबल रतन लाल की मौत से जुड़े एक मामले में वह भगोड़ा अपराधी था। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है। इसके नए बयान के आधार पर कोर्ट में अनुपूरक चार्जशीट दायर करेंगे। दिल्ली पुलिस यह भी जांच कर रही है कि वह अन्य देशविरोधी कामों में तो शामिल नहीं था। गौरतलब है कि नागरिकता कानून के समर्थकों और विरोधियों के बीच संघर्ष के बाद 24 फरवरी 2020 को उत्तर–पूर्वी दिल्ली के जाफराबाद, मौजपुर, बाबरपुर, घोंडा, चांदबाग, शिव विहार, भजनपुरा, यमुना विहार इलाकों में साम्प्रदायिक दंगे भड़क गए थे। इस हिंसा में कम से कम 53 लोगों की मौत हो गई थी और 200 से अधिक लोग घायल हो गए थे। साथ ही सरकारी और निजी संपत्ति को भी काफी नुकसान पहुंचा गया था। उग्र भीड़ ने सैकड़ों मकानों, दुकानों, वाहनों, एक पेट्रोल पम्प को फूंक दिया था और स्थानीय लोगों तथा पुलिस कर्मियों पर पथराव किया था। इस दौरान राजस्थान के सीकर के रहने वाले दिल्ली पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल रतन लाल की 24 फरवरी को गोकलपुरी में हुई हिंसा के दौरान गोली लगने से मौत हो गई थी और डीसीपी और एसीपी सहित कई पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल गए थे।

# गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय खेलों के दौरान पंजाब महिला नेटबॉल टीम ने हासिल किया रजत पदक

**प्रथम रनर-अप ट्रॉफी जीतकर राज्य का नाम रोशन करने वाली पंजाब महिला नेटबॉल टीम को पूरे देश ने बधाई दी**

प्रफुल्ल राय/गौरवशाली भारत





गुजरात/ दिल्ली/चंडीगढ़ (संवाददाता)। भावनगर–गुजरात के एसएजी स्टेडियम में आयोजित 36वें नेशनल गेम्स के दौरान पंजाब की महिला नेटबॉल टीम ने सिल्वर मेडल और फर्स्ट रनर–अप ट्रॉफी जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है। जिसको लेकर प्रदेशभर के नेटबॉल खिलाड़ियों में खुशी की लहर है। राष्ट्रीय खेलों में दूसरे स्थान पर रहने वाली पंजाब महिला नेटबॉल टीम को भारतीय खेल प्राधिकरण के कार्यकारी निदेशक शिव कुमार, नेश्नल नेटबॉल डेवेल्पमेंट कमेटी के अध्यक्ष हरिओम कौशिक, भारतीय नेटबॉल एसोसिएशन के महासचिव विजेंदर सिंह, नेटबॉल प्रमोशन एसोसिएशन रजि. पंजाब के महासचिव करण अवतार कपिल एडवोकेट, पंजाब टीम मैनेजर रोहित कुमार ओशो और श्री हर्षवर्धन गुजरात के स्टेडियम पहुंचे और उन्हें बधाई दी। वहीं ट्राइडेंट उद्योग समूह के संस्थापक पद्मश्री राजिंदर गुप्ता, एडमिन हेड रूपिंदर गुप्ता, खेल मंत्री पंजाब गुरमीत सिंह मीत हेहर, ओएसडी हसन भारद्वाज, नागरिक सुरक्षा सिविल डिफेंस के सेक्टर वार्डन नरेश कुमार और बरनाला के प्रसिद्ध समाजसेवी सेठ मोहनलाल गोयल ने बधाई दी है।

गौरतलब है कि गुजरात के भावनगर में 26 सितंबर से 30 सितंबर के बीच आयोजित हुए 36वें नेश्नल गेम्ज़ का उद्घाटन गुजरात सरकार के खेल मंत्री हर्ष सांघवी ने किया। जिसमें 10 राज्यों (पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, गुजरात, तेलंगाना, दिल्ली, केरल, मध्य प्रदेश, बिहार, कर्नाटक राज्यों सहित) के पुरुष और महिला खिलाड़ियों ने खेलों के दौरान भाग लिया। नेटबॉल की फाइनल प्रतियोगिता में हरियाणा ने 53 और पंजाब की महिला टीम ने 49 रन बनाए जबकि कर्नाटक की टीम तीसरे स्थान पर रही।

नेटबॉल प्रमोशन एसोसिएशन रजि. पंजाब के महासचिव करण अवतार कपिल (एडवोकेट) ने बताया कि महिला वर्ग की टीम में हरमिंदर कौर, सविता रानी, परविंदर कौर, नवदीप कौर, पूजा रानी, बनिता जोशी, संदीप कौर, चारु प्रीत, अरश नूर सिद्धू, हरकीरत कौर के अलावा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पल्लवी राणा और जसविंदर कौर शामिल हुई। जबकि पुरुष टीम में यादविंदर मौर्य, गुरजोत सिंह, रवि राम, रवि प्रीत सिंह, करमजीत सिंह, गुनीत सिंह, अर्शदीप सिंह, राहुल यादव, जतिंदर कुमार, मंजीत कुमार, राष्ट्रीय खिलाड़ी सिमरजीत सिंह और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी चंदनदीप शामिल हुए।

गौरतलब है कि इस बार पंजाब की पुरुष टीम पांचवें स्थान पर रही है। जबकि 23 से 26 मार्च 2019 के दौरान कर्नाटक राज्य के बैंगलोर में आयोजित सीनियर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप के दौरान पंजाब की पुरुष टीम ने प्रतिष्ठित खेल संगठन नेटबॉल प्रमोशन एसोसिएशन रजि. पंजाब पंजाब के बैनर तले उन्होंने नेटबॉल का खेल खेलते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया था। इस टीम के पंडब लौटने पर खुद पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने पूरी टीम का स्वागत और बधाई दी।

# 28 साल बाद डीयू ने ओपन लर्निंग में जोड़े छह नए कोर्स

**कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने किया दिल्ली विश्वविद्यालय के एसओएल के नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ**

आनंद राय/गौरवशाली भारत



**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग के नए सत्र (2022–23) का शुभारंभ कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने सोमवार को लैपटॉप पर बटन दबाकर किया। दिल्ली विश्वविद्यालय के वाइस रीगल लॉज के कॉन्वेंशन हाल में आयोजित इस कार्यक्रम में एसओएल के छह नए कोर्सों को भी लॉंच किया गया। कुलपति ने बताया कि 28 वर्ष बाद एसओएल पाठ्यक्रम में छह नए कोर्सों को शामिल किया गया है। उन्होने बताया कि यूजी और पीजी के लिए शुरू किए जा रहे ये नए कोर्स रोजगार–उन्मुख और पेशेवर पाठ्यक्रम आधारित होंगे।

कुलपति ने नए सत्र का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह हर्ष का विषय है कि स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग के डायमंड जुबली वर्ष और विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष में दूरस्थ और सतत शिक्षा विभाग (डीडीसीई) के तहत छह नए कोर्सों को भी शुरू किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष में एसओएल के नए कोर्सों की शुरुआत के लिए कुलपति ने दिल्ली विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग की निदेशक, प्रोफेसर पायल मागो एवं उनकी सम्पूर्ण टीम का धन्यवाद भी किया।

कुलपति ने कहा कि समय के साथ जरूरते बदलती रहती हैं, इसलिए उभरते भारत की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, इस वर्ष डीयू के इतिहास में पहली बार, डीडीसीई के माध्यम से यूजी और पीजी दोनों स्तरों पर प्रबंधन और अन्य कुछ पेशेवर कोर्स शुरू किए जा रहे हैं। उन्होने कहा कि यह सभी को समावेशी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करके एक मानक स्थापित करेंगे। इन स्नातक स्तर/स्नातकोत्तर (यूजी/पीजी) कोर्सों से विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी और उन्हें अपने रणनीतिक निर्णय लेने में मदद मिलेगी।

**ये होंगे नए कोर्स**

पुराने पाठ्यक्रमों के अलावा एसओएल द्वारा इस वर्ष बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन-फाइनेंशियल इन्वेस्टमेंट एनेलाइजेज (एफआईए), बैचलर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (बीएमएस) और बैचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स) अर्थशास्त्र नामक तीन नए कोर्स (पाठ्यक्रम) अंडर ग्रेजुएट लेवल पर शुरू किए जा रहे हैं। इनके अलावा मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए), बैचलर ऑफ लाइब्रेरी एंड इन्फॉर्मेशन साइन्स (बीएलआईएससी) व मास्टर ऑफ लाइब्रेरी एंड इन्फॉर्मेशन साइन्स (एमएलआईएससी) नामक तीन नए कोर्स पोस्ट ग्रेजुएट लेवल पर शुरू किए जा रहे हैं।

# दिल्ली में डरा रहा डेंगू, एक हफ्ते में 412 नए मरीज मिले

नई दिल्ली। दिल्ली में डेंगू के बढ़ते मामलों ने एक बार फिर डराना शुरू कर दिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक हफ्ते में डेंगू के 412 मामले सामने आए हैं। सितंबर के महीने में कुल 693 मामले सामने आए थे। इस साल 2022 में अब तक 937 मामले सामने आए हैं और डेंगू से कोई मौत नहीं हुई है।

दिल्ली में बीते दिनों हुई बारिश के चलते मच्छर जनित बीमारियों के मामलों में तेजी देखने को मिली है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की ओर से सोमवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, केवल इसी महीने 28 सितंबर तक डेंगू के 937 मामले सामने आए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, यह 2017 के बाद से एक जनवरी से 28 सितंबर की अवधि के दौरान दर्ज किए गए डेंगू के मामलों की सर्वाधिक संख्या है। साल 2017 में डेंगू के कुल 2152 मामले दर्ज किए गए थे। हालांकि, इस साल मच्छर जनित बीमारी के कारण अब तक किसी मरीज की मौत की खबर नहीं मिली है। बता दें कि, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पिछले माह कहा था कि इस बार बारिश का दौर लंबा चलने से डेंगू का खतरा बढ़ सकता है।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य विभागों के अधिकारियों से एंटी डेंगू एक्शन प्लान तैयार करने को कहा था। केजरीवाल ने डेंगू के बढ़ने मामलों को लेकर शनिवार को स्वास्थ्य विभाग, दिल्ली नगर निगम और नई दिल्ली नगरपालिका परिषद और अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक करने के बाद यह बात कही।

# रुपयों के विवाद में दो लोगों ने एक-दूसरे को फावड़े से काट डाला, दोनों की मौत

गाजियाबाद। गाजियाबाद में रुपयों के लेन–देन के विवाद में दो लोगों ने एक–दूसरे को फावड़े से काटकर मौत के घाट उतार दिया। यह खूनी वारदात मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र के गांव दुहाई में हुई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मधुबन बापूधाम थाना क्षेत्र के गांव सदरपुर निवासी 48 वर्षीय ब्रजपाल खेतीबाड़ी के साथ दूध बेचने का काम करते थे। ब्रजपाल के भाई सोनू ने पास के ही गांव दुहाई निवासी 35 वर्षीय विकास के भाई से कोरोना काल से पहले पांच लाख रुपये उधार लिए थे। समय–सीमा बीतने के बाद भी रुपये नहीं लौटाने पर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया था। सोमवार सुबह करीब 11:30 बजे बृजपाल ट्रैक्टर लेकर अपने खेत के पास पहुंचा। वहीं, विकास भी बाइक लेकर पहुंच गया। बताया जा रहा है कि रुपयों के लेन–देन को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। इसी बीच मौके पर मौजूद फावड़े से दोनों ने एक–दूसरे पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। घटना में बृजपाल की मौके पर मौत हो गई, जबकि विकास गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात की सूचना पर पहुंची पुलिस विकास को तुरंत अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया।

# काका कालेलकर और साहित्यकार विष्णु प्रभाकर जी की स्मृति को समर्पित एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ

विवेक राय/गौरवशाली भारत



नई दिल्ली। काका कालेलकर और साहित्यकार विष्णु प्रभाकर जी की स्मृति को समर्पित एक संगोष्ठी का आयोजन गांधी हिंदुस्तानी साहित्य सभा और विष्णु प्रभाकर प्रतिष्ठान द्वारा गांधी हिंदुस्तानी साहित्य सभागार राजघाट पर हुआ संगोष्ठी में पत्र लेखन और स्मृतियाँ विषय पर 12 प्रतियोगियों ने अपने विचार व्यक्त किए हिंदी अकादमी दिल्ली के उपसचिव श्री ऋषि कुमार शर्मा मुख्य अतिथि थे और कार्यक्रम की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध कहानी का लेखक और साहित्यकार से अवधेश श्रीवास्तव ने की थी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपने विचार रखते हुए ऋषि कुमार शर्मा ने कहा कि पत्र हमारी संवेदना से जुड़े होते हैं जिसमें प्रेषक अपने मन की बात शब्दों की मर्यादा को रखते हुए लिखता चला जाता है जिससे भाषा,भावना, समझ,लेखन और अपनी बात को यथावत लिखने और समझाने की कला का विकास होता है परंतु आज सब कुछ बदल गया है उन्होंने बताया कि उन्होंने भी विष्णु प्रभाकर क्षेमचंद्र सुमन,धर्मेंद्र गुमफी पेंटल, हरिवंश राय बच्चन और विदेशी पत्र–मित्रों के साथ–साथ विदेशी प्रसारण केंद्रों को पत्र के माध्यम से अपनी बातों को पहुंचाया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे। अवधेश श्रीवास्तव ने कहा कि पत्र अभिव्यक्ति की एक संपूर्ण विधा है जिसमें कई विधाएं सम्मिलित हो जाती हैं पत्रों के लेखन एवं पठन का प्रभाव अमिट होता है उन्होंने फिल्मों पर अपने लेख और पत्रों के माध्यम से प्रसिद्ध व्यक्तियों से बातचीत और विष्णु प्रभाकर जी के साथ अपने अनुभव को साझा किया और बताया कि विष्णु प्रभाकर जी को केरल की एक लड़की पत्र लिखा करती थी विष्णु जी जवाब देते थे स्मृतियों और पत्रों की संख्या ज्यादा हो गई तो मलयाली लड़की को लिखे गए पत्रों के आधार पर विष्णु प्रभाकर जी ने जिंदगी एक रिहर्सल नामक कहानी लिखी यह कहानी साहित्य जगत में बहुत चर्चित हुई।

# पेंटिंग्स की दुनिया में मिल रहा राजस्थान की सैर का अनुभव

**इंडिया हैबिटेट सेंटर में प्रियंका बैनजी की 'वाइब्रेंट राजस्थान' प्रदर्शनी का हो रहा आयोजन**

संवाददाता/गौरवशाली भारत

नई दिल्ली ।राजस्थान को उसकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है। कलाकार प्रियंका बैनर्जी ने 'वाइब्रेंट राजस्थान' के नाम से अपनी प्रदर्शनी में राजस्थान की इसी विरासत की झलक दिखाई है। नई दिल्ली में लोधी रोड स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर के ओपन पाम कोर्ट में प्रियंका बैनर्जी की पेंटिंग्स की प्रदर्शनी लगाई गई है। तीन अक्टूबर से शुरू हुई यह प्रदर्शनी छह तारीख तक चलेगी। प्रदर्शनी को लेकर कलाप्रेमियों का उत्साह देखते ही बन रहा है।

राजस्थान अपनी कलाप्रिय एवं सांस्कृतिक परंपराओं के लिए प्रसिद्ध है, जिसमें जीवन जीने के प्राचीन तरीके को महसूस किया जा सकता है। यहां के किले और महल अपने आप में अनगिनत कहानियां समेटे हुए हैं। रेगिस्तान की धूल और तपते सूरज का सामना करते हुए ये किले सदियों से खड़े हैं।

इन किलों व महलों का वास्तु भी हमेशा से सभी को आकर्षित करता रहा है। इन किलों और महलों पर पड़ने वाली धूप–छांव ने कलाकारों को भी हमेशा लुभाया है। प्रियंका बैनर्जी ने भी अपनी पेंटिंग्स में इसी जादू को उकेरा है। हवेली और झरोखे उनकी पेंटिंग को खास बनाते हैं। पुराने समय में महिलाएं पर्दे में बाहर निकलकर कार्यक्रमों को देखा करती थीं।

इसी तरह झरोखे भी उनके लिए बाहर की दुनिया को देखने का माध्यम थे। प्रियंका बैनर्जी की पेंटिंग्स में इसे भी खूबसूरती से दर्शाया गया है। रेगिस्तान का जहाज कहे जाने वाले ऊंटों को भी उन्होंने अपनी कला का विषय बनाया है।

जहां एक ओर ऊंट राजकुमारों के लिए अपना शाही अंदाज दिखाने का माध्यम हुआ करते थे, तो दूसरी ओर रेगिस्तान को पार करने के लिए सवारी के तौर पर भी इनका प्रयोग किया जाता था। लोगों के मुस्कुराते चेहरे, रंग–बिरंगे परिधान, पगड़ियां और पहनावा, सब कुछ पेंटिंग्स में खूबसूरती से दर्शाया गया है। पारंपरिक परिधानों में लोकनृत्य करती महिलाओं, रणथंबोर नेशनल पार्क, सरिस्का टाइगर रिजर्व और डेजर्ट नेशनल पार्क को भी प्रियंका ने अपनी कला का विषय बनाया है।

वाइब्रेंट राजस्थान प्रदर्शनी में लगी पेंटिंग्स राजस्थान की खूबसूरती का अनुभव कर चुके लोगों को फिर से उन यादों में खो जाने पर मजबूर कर देती हैं।

वहीं, जिसने अब तक राजस्थान को करीब से नहीं देखा है, वह इन जीवंत पेंटिंग्स में राजस्थान को देखकर न केवल उसका अनुभव कर लेगा, बल्कि वह राजस्थान जाकर इन दृश्यों को करीब से देखने से खुद को रोक नहीं पाएगा।

किसी कलाकार के लिए काल्पनिक चित्रकारी से बड़ी चुनौती होती है, उन दृश्यों या स्थानों को दर्शाना, जिनका वास्तव में अस्तित्व है। उनकी तुलना आमतौर पर पेंटिंग देखने वाले उन वास्तविक जगहों और अनुभवों से करते हैं। प्रियंका बैनर्जी की पेंटिंग्स इस मामले में हर कलाप्रेमी की उम्मीदों पर खरी हैं।

# स्वाति मालीवाल ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा

नई दिल्ली। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने इंस्टाग्राम पर एक महिला के साथ घरेलू हिंसा का वीडियो वायरल होने के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री श्री बसवराज बोम्मई को एक पत्र लिखा है। एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी के ऊपर निर्मम रूप से घरेलु हिंसा करते हुए वीडियो को देखकर स्वाति मालीवाल ने मामले में स्वत- संज्ञान लिया। यह वीडियो कर्नाटक के बेंगलुरु का बताया जा रहा है। वीडियो में एक महिला और एक बच्चे को जन्मदिन की पार्टी मनाते हुए देखा जा सकता है, तभी वह आदमी अपनी पत्नी पर चिल्लाना शुरू कर देता है और उसके साथ बेरहमी से मारपीट करने लगता है। वीडियो में देखा जा सकता है कि बच्चा अपनी मां को पिता द्वारा पिटते देखकर वह भी अपनी माँ की पिटाई करने लगता है। पिता द्वारा माँ को मारने का नकारात्मक प्रभाव बच्चे पर देखा जा सकता है, जो इस कम उम्र में न केवल हिंसा के संपर्क में था, बल्कि शायद इसे सामान्य और जरुरी मानने लग रहा था।

वीडियो में दावा किया गया है कि वह व्यक्ति बैंगलोर में एक आईटी कंपनी में काम करता है और वहां रहता है। इसके अलावा पत्नी द्वारा सोशल मीडिया पर एक नया वीडियो पोस्ट किया गया है, जिसमें उसने कहा है कि वह पिछले कुछ सालों से अपने पति से अलग रह रही है। उसने बताया है कि उसने अपने पति के खिलाफ घरेलू हिंसा का मामला दर्ज किया है लेकिन उसने आरोप लगाया है कि पुलिस ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की और उसके पति को कभी गिरफ्तार नहीं किया गया। इसके अलावा, उसने बताया कि उसके पति ने उसे तलाक देने से भी इनकार कर दिया है जबकि उसने दूसरी शादी कर ली है और उसको इस शादी से एक बच्चा भी है। आदमी ने उसे उसका सामान वापस देने से भी इनकार कर दिया है और उसके और उसके परिवार के खिलाफ कई मानहानि के मामले दर्ज करवा दिए हैं। उसने मदद की अपील की है क्योंकि वह आदमी उसे रोजाना प्रताड़ित कर रहा है।

स्वाति मालीवाल ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कर्नाटक के मुख्यमंत्री से पीड़िता की मदद के लिए तत्काल कदम उठाने की अपील की है। उन्होंने सिफारिश की है कि इस मामले में कानून की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए और यदि पहले ही एफआईआर दर्ज है, तो मामले की फिर से जांच की जानी चाहिए और अगले 48 घंटों के भीतर उस व्यक्ति को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। उन्होंने सिफारिश की है कि पीड़िता को मुआवजा और मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान की जानी चाहिए ताकि वह अदालत में अपना मामला लड़ सके और साथ ही पीड़िता और उसके परिवार के खिलाफ आरोपी द्वारा दायर आपराधिक मानहानि के मामले भी लड़ सकें। उन्होंने यह भी अनुरोध किया है कि पीड़िता और उसके बच्चे की ठीक से काउन्सलिंग की जानी चाहिए ताकि वे बेहतर ढंग से इस प्रताड़ना से निबट सकें और साथ ही महिला और बच्चे को पुलिस सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए।

# ग्रेटर नोएडा : बच्चे को अगवा कर 30 लाख की फिरौती वसूलने वाला किडनैपर मुठभेड़ में ढेर

संवाददाता/गौरवशाली भारत

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में किराना व्यापारी के 11 साल के बेटे का अपहरण कर 30 लाख रुपये की फिरौती वसूलने वाले बदमाश को पुलिस ने सोमवार को मुठभेड़ में ढेर कर दिया। उसके पास से पुलिस ने 29 लाख का कैश भी बरामद कर लिया है।

जानकारी के अनुसार, यह मुठभेड़ बीटा दो थाना क्षेत्र के चूहड़पुर अंडरपास के पास हुई। इस मुठभेड़ के दौरान नॉलेज पार्क थाना प्रभारी वरुण पंवार भी गोली लगने से घायल हो गए, जबकि बीटा दो कोतवाली प्रभारी अनिल राजपूत की बुलेटप्रुफ जैकेट में भी गोली लगी है। लुक्सर गांव निवासी किराना कारोबारी मेघ सिंह ने अपने 11 साल के बेटे के गुमशुदा होने के संबंध में नोएडा पुलिस को सूचना दी थी। उन्हें एक अज्ञात फोन से कॉल कर बेटे को छोड़ने के लिए 30 लाख रूपये की फिरौती मांगी गई थी। इस पर थाना ईकोटेक–1 पुलिस तुरंत एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई।

बच्चे की सकुशल बरामदगी के लिए ग्रेटर नोएडा जोन व सेन्ट्रल नोएडा जोन से पुलिस टीम व सर्विलांस टीम व स्वाट टीम गठित की गई। सोमवार सुबह पुलिस की लुक्सर जेल के पास बदमाशों से मुठभेड़ हो गई और इस मुठबेड़ में विशाल मौर्य और ॠषभ गोली लगने से घायल हो गए थे, लेकिन मुख्य अपहरणकर्ता शिवम फरार हो गया था।

पुलिस टीमें तभी से शिवम की तलाश में जुटी थीं और दोपहर बाद चूहड़पुर अंडरपास के पास हुई दूसरी मुठभेड़ में शिवम ढेर हो गया। पुलिस अब उसका आपराधिक इतिहास तलाशने में जुटी है। शिवम बदायूं का रहने वाला था।

### वायु प्रदूषण फैलाने वालों पर 1.3 लाख का जुर्माना

नोएडा। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने धूल और धुआं उड़ाने वालों पर सोमवार को 1.3 लाख रुपये का जुर्माना किया। चार स्थानों पर ग्रैप के नियमों का उल्लंघन कर निर्माण कार्य चल रहा था, जिससे वायु प्रदूषण हो रहा था। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने शहर के कई सेक्टर का औचक निरीक्षण किया। फेज दो के बी ब्लॉक में एक प्लॉट पर निर्माण कार्य चल रहा था।

# समाज के पिछड़े वर्ग के साथ केजरीवाल सरकार कर रही है धोखा: बिधूड़ी

**अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग के लिए आवंटित राशि में से 90 फीसदी नहीं होता खर्च**

संवाददाता/गौरवशाली भारत

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि केजरीवाल सरकार समाज के दलित और पिछड़े वर्ग के हितों के विरुद्ध काम करती है। आप सरकार अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के कल्याण के नाम पर जनता को धोखा देती रही है।

इस वर्ग के लिए जितना फंड बजट में आवंटित किया जाता है, उसमें से करीब 90 फीसदी खर्च ही नहीं किया जा रहा। बिधूड़ी ने वर्ष 2020–21 और 2021–22 के बजट में इस वर्ग के साथ हुए धोखे का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2020–21 के बजट में अनुसूचित जाति–जनजाति और पिछड़े वर्ग के कल्याण के मद में सरकार ने 433 करोड़ 65 लाख रुपए खर्च करने का ऐलान करके वाह–वाही लूट ली लेकिन सरकार इस बजट को खर्च करने में पूरी तरह नाकाम रही। उसमें से सिर्फ 49 करोड़ 27 लाख रुपए ही खर्च किए गए।

जो कि आवंटित राशि 433 करोड़ का केवल 11 प्रतिशत ही था। इस प्रकार केजरीवाल सरकार ने 2020–21 में अनुसूचित जाति–जनजाति और पिछड़े वर्ग के कल्याण के लिए जो राशि रखी थी, उसमें से 89 प्रतिशत से ज्यादा खर्च ही नहीं हुई। सरकार ने 2021–22 में इस वर्ग के कल्याण के लिए 465.72 लाख रुपए आवंटित किए थे।

## संपादकीय

## मुसीबत में घिरा है भौतिक जीवन की मां का किरदार


मां शब्द ममता करुणा वात्सल्य का पर्याय है। नवरात्रि के दिन है माँ की आरती के स्वर गूंज रहे हैं के कालरात्रि है कल्याणी मेरी माँ के बराबर कोई नहीं। भारतीय संस्कृति में एक मां की छवि यही है लेकिन यह क्या हो रहा है आइए आपको बताते हैं अभी भोपाल में एक मां ने क्या कर दिया? एक मां ने अपने हाथों से अपने पंद्रह दिन के जुड़वा बेटों को गला घोंट दिया। इतना ही नहीं हत्यारी मां ने अपने इस पाप को छुपाने के लिए चार दिनों तक पुलिस और परिवार वालों को गुमराह करती है। दरअसल कोई मां अपने बच्चों के खून की प्यासी नहीं हो सकती लेकिन आज मां का किरदार मुसीबत से घिरा है और परिस्थितियों का शिकार हो कर आत्म हत्या होने के लिए, मजबूर हो रहा है। अभी हाल ही में एक सितंबर को एक बेहद अमानवीय घटना की खबर सामने आई है बिजनौर में एक मां ने प्रेमी के लिए अपने 6 महीने के बच्चे की हत्या करा दी। उसने घर में काम करने वाली 10 साल की बच्ची के हाथों बच्चे को नाले में फेंकवा दिया। फिर खुद थाने पहुंचकर बच्चे के अपहरण होने की जानकारी देती है। पुलिस ने जांच की तो सीसी कैमरे में सारी घटना के सबूत मिल गए। इस कलियुगी मां ने इकबाल किया है कि आठ महीने पहले उसका पति उसे छोड़ कर खाड़ी देश कमाने चला गया। इस बीच उसका पुराने प्रेमी से संबंध बन गए। जांच में सामने आया है कि बच्चा उसके प्रेम संबंध में बाधा बन रहा था। आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। हाल ही में 26 अगस्त को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के बागपत में मां की ममता उस वक्त शर्मसार हो गई, जब एक मां ने डेढ़ साल के बच्चे को नेशनल हाईवे पर गाड़ी के आगे फेंक दिया। इससे बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई पता चला कि मासूम बच्चा बुरी तरह रो रहा था इस महिला ने उसे पानी पिलाकर चुप करने की कोशिश की बच्चा चुप नहीं हुआ तो आपा खो बैठी महिला ने उसे हाइवे पर फेंक दिया उसी वक्त वहां से गुजर रही कार से बालक कुचल गया और अबोध बालक की मौत हो गई। अभी 15 अगस्त को यूपी के गाजीपुर जिले में सुहवल थाना क्षेत्र के ढढनी गांव में सोमवार को पति से विवाद के बाद महिला ने अपने चार में तीन बच्चों को जहर देकर मार डाला। दो बेटों की मौके पर मौत हो गई तो तीसरी बेटी ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। इसी तरह ही बागपत जिले के बाखरपुर बालैनी में घरेलू विवाद में मां ने चार साल की बेटी की गला घोंटकर हत्या कर दी। गोरखपुर में एक मां ने अपनी ही 5 साल की मासूम बच्ची के साथ बेरहमी की हद कर दी। स्कूल न जाने की जिद कर रही बच्ची को इस मां ने चाकू गर्म कर शरीर पर 17 जगह दाग दिया। पिता ने इस बेरहमी के खिलाफ थाने पहुंचकर गुहार लगाई और केस दर्ज कर मां को गिरफ्तार करा दिया है। मध्य प्रदेश के मंदसौर में बेरहम सौतेली मां का क्रूरता भरा चेहरा सामने आया है, जहां ममता को ताक पर रखकर सौतेली मां ने अपनी 7 वर्षीय बच्ची की बेरहमी से पिटाई कर दी अब इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा है, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी माता-पिता पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। यूपी के सुलतानपुर में एक मां अपने बच्चे के ही जान की दुश्मन बन गई। मां ने गुस्से में अपने एक वर्षीय बेटे का गला दबा दिया। परिवार वाले अस्पताल ले ही जा रहे थे कि मासूम ने दम तोड़ दिया। दरअसल, पत्नी अपने पति के साथ मुम्बई जाने की जिद कर रही थी। पति ने इसके लिए मना कर दिया तो मना किए जाने पर पत्नी ने गुस्से में अपने मासूम बच्चे का मुंह दबा दिया जिससे उसकी सांस रुक गई। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें दिल्ली में पांच वर्षीय बच्ची चिलचिलाती धूप में छत पर पड़ी हुई है और उसके हाथ पीछे से बंधे हुए हैं। दरअसल एक महिला ने होमवर्क नहीं करने पर अपनी पांच साल की मासूम बच्ची के हाथ पैर बांधकर भरी दोपहर चिलचिलाती धूप में तपती छत पर डाल दिया। बच्ची चीखती चिल्लाती रही किसी ने इस घटना का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया जिसके बाद महिला पर पुलिस ने केस दर्ज में बाप की काउंसलिंग करायी। यह सभी घटनाएं तो सिर्फ बानगी भर है रोजाना इस तरह की घटनाएं घटित हो रही है जिनमें जन्म देने वाली मां ही अपनी कोख से पैदा मासूमों की जान लेने से भी बाज नहीं आ रही हैं।

## यूपी में कांग्रेस के नये अध्यक्ष खुद अपना चुनाव दो बार से हार रहे हैं, वह पार्टी को कैसे खड़ा कर पाएंगे?

**अजय कुमार**

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उत्तर प्रदेश में दलित नेता को अध्यक्ष बनाकर कांग्रेस की नजर मायावती के वोटबैंक पर है। पिछले कुछ चुनाव में बीएसपी से दलित वोट बैंक छिटका है, जिस पर अब कांग्रेस ने नजरें गड़ा ली हैं। कांग्रेस के रणनीतिकारों पर तरस आता है। ऐसा लगता है कि उनको राजनीति की एबीसीडी भी नहीं मालूम है। एक तरफ राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव चल रहा है तो दूसरी तरफ उसने उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष सहित 6 प्रांतीय अध्यक्षों के नाम की घोषणा कर दी। जब 6 महीने से प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी खाली पड़ी हुई थी तो कुछ दिन और रुक के पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव हो जाने के बाद प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष और प्रांत अध्यक्षों के नामों की घोषणा की जाती तो कौन-सा पहाड़ टूट पड़ता। यही परंपरा भी रही है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होने के बाद ही प्रदेश अध्यक्षों के नाम तय किए जाते हैं। लेकिन कांग्रेस तो तानाशाही रूप से फैसले लेने के लिए ही जानी जाती है। खैर, कांग्रेस ने दिल्ली और उत्तर प्रदेश दोनों ही जगह दलित नेता को पार्टी का अध्यक्ष बना दिया है। कांग्रेस का यह प्रयोग 2024 के लोकसभा चुनाव में कितना सफल होगा यह तो आने वाला समय ही बताएगा लेकिन यह कहा जा सकता है कि गांधी परिवार ने जिस दलित नेता को राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस की कमान सौंपी है वह खाटी कांग्रेसी नेता हैं। पार्टी में उनकी अपनी पहचान है। लेकिन पार्टी आलाकमान ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस पार्टी का अध्यक्ष ऐसे नेता को बना दिया जिसका पार्टी के अंदर कोई खास पुराना इतिहास नहीं है। मात्र 6 साल पहले बसपा छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने वाले नवनियुक्त कांग्रेस अध्यक्ष पिछली दो बार से अपना ही विधानसभा चुनाव नहीं जीत पाए हैं। नवनियुक्त कांग्रेस अध्यक्ष की बस यही योग्यता है कि वह दलित बिरादरी से आते हैं। दलितों पर बसपा की कमजोर पकड़ का अहसास होने के बाद सपा हो या कांग्रेस, सभी दलितों को लुभाने में लगे हैं। वहीं भाजपा भी इसमें पीछे नहीं है। वैसे तो उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर बृजलाल खाबरी की नियुक्ति 2024 के लोकसभा चुनाव को देखकर हुई है लेकिन इससे पहले उन्हें 2 महीने के भीतर होने वाले नगर निकाय चुनाव में भी अपनी काबिलियत सिद्ध करना होगी। उत्तर प्रदेश के तमाम चुनावों में कांग्रेस का जिस तरह का लचर प्रदर्शन रहा है उसको देखते हुए खाबरी के लिए राह आसान नहीं है। यूपी में कांग्रेस राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित तमाम दिग्गज नेताओं को अपना चुकी है, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी है। बहरहाल, 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस में सियासी हलचल तेज हो गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया के बीच उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर भी अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी गई है। इसी साल हुए विधानसभा चुनाव में मिली करारी शिकस्त के बाद प्रदेश में कांग्रेस के अध्यक्ष का पद खाली था। जालौन के रहने वाले और एक समय में बसपा सुप्रीमो मायावती के करीबी रहे बृजलाल खाबरी की उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की कुर्सी पर ताजपोशी को लेकर कहीं कोई उत्साह नहीं दिखाई दे रहा है। राजनीतिक पंडित भी इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं क्योंकि अभी बृजलाल की पहचान अभी काफी सीमित है। उनको प्रदेश का चेहरा बनने में टाइम लगेगा। इसके लिए संघर्ष भी करना होगा। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यूपी में दलित नेता को अध्यक्ष बनाकर कांग्रेस की नजर मायावती के वोटबैंक पर है। पिछले कुछ चुनाव में बीएसपी से दलित वोट बैंक छिटका है, जिस पर अब कांग्रेस ने नजरें गड़ा ली हैं। लेकिन पंजाब में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का दलित कार्ड बुरी तरह फेल हो चुका है।

## ग़ैरों पे सितम,अपनों पर करम ?



**तनवीर जाफ़री**

भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशा निर्देश एवं डिजिटल मीडिया नैतिकता संहिता) नियम 2021 के प्रावधानों के तहत गत 23 सितंबर को जारी एक निर्देश द्वारा एक बार फिर कथित तौर पर धार्मिक समुदायों के बीच घृणा फैलाने के इरादे से कंटेंट में छेड़छाड़ करने और फ़र्ज़ी ख़बरें प्रसारित करने वाले 10 यूट्यूब चैनल्स से 45 वीडियो को बैन करने का निर्देश दिया गया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार खुफ़िया एजेंसियों के इनपुट के आधार पर,इन्हें प्रतिबंधित किया गया है। सरकार द्वारा बताया जा रहा कि प्रतिबंधित की गयी इन सामग्री को 1 करोड़ 30 लाख से अधिक बार देखा भी जा चुका है। सरकार द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया है यू ट्यूब चैनल्स के प्रतिबंधित वीडिओज़ में धार्मिक समुदायों के बीच नफ़रत फैलाने के इरादे से फैलाई गई फ़र्ज़ी ख़बरें और मॉर्फ़्ड वीडियो शामिल थे। सरकार के अनुसार प्रतिबंधित वीडियो सरकार ने कुछ समुदायों के धार्मिक अधिकारों को छीन लिया है, जैसे झूठे दावे करते थे। यह धार्मिक समुदायों के ख़िलाफ़ हिंसक धमकियां, भारत में गृह युद्ध की घोषणा जैसी फ़ेक ख़बरें प्रसारित करते थे।जिनसे देश में सांप्रदायिक वैमनस्य और सार्वजनिक अव्यवस्था हो सकती थी, इसलिए इन्हें प्रतिबंधित किया गया है। सरकार के अनुसार चूंकि यह सामग्री राष्ट्रीय सुरक्षा और दूसरे देशों के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण संबंधों के नज़रिये से झूठी और संवेदनशील मानी गई लिहाज़ा इन्हें प्रतिबंधित करने का फ़ैसला लिया गया। इससे पूर्व गत 18 अगस्त 2022 को भी भारत सरकार ने कथित तौर पर साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले 102 यूट्यूब चैनल और फ़ेसबुक अकाउंट को प्रतिबंधित किया था तथा कथित तौर पर भारत विरोधी प्रोपगेंडा चलाने वाले यूट्यूब चैनल्स पर बड़ी कार्रवाई की थी। उस समय सरकार द्वारा कुल 8 चैनल्स को प्रतिबंधित किया गया था। सवाल यह है कि पहले लगाये गये प्रतिबंधों और ताज़ातरीन प्रतिबंध से इस तरह के घृणित व नकारात्मक प्रसारण में कोई कमी आई भी है? या अब आने की संभावना है ?




बेलगाम टी वी चैनल्स,अनियंत्रित सोशल मीडिया,अर्थ का अनर्थ करते हमारे आज के आधुनिक टी वी ऐंकर्स तथा फ़ेक न्यूज़ प्रसारण तथा धार्मिक समुदायों के बीच घृणा फैलाने वाले टी वी चैनल्स से तो आम जनता ही नहीं बल्कि हमारे देश की अदालतें भी दुखी हैं। देश का सर्वोच्च न्यायलय विभिन्न टेलीवीज़न चैनल्स पर नफ़रत फैलाने वाले भाषणों को लेकर नाराज़गी जताते हुए सरकार से अभी कुछ दिन पहले ही पूछ चुका है कि -% क्या सरकार 'मूक दर्शक% है और क्या केंद्र का इरादा विधि आयोग की सिफ़ारिशों के अनुसार क़ानून बनाने का है या नहीं? सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि विज़ुअल मीडिया का 'विनाशकारी% प्रभाव हुआ है और किसी को भी इस बात की परवाह नहीं है कि अख़बारों में क्या लिखा है, क्योंकि लोगों के पास (अख़बार) पढ़ने का समय नहीं है। टीवी बहस के दौरान एंकर की भूमिका का उल्लेख करते हुए अदालत ने कहा था कि यह प्रस्तोता की ज़िम्मेदारी है कि वह किसी मुद्दे पर चर्चा के दौरान नफ़रती भाषण पर रोक लगाए। न्यायालय ने इस मामले में सरकार की ओर से उठाये गये क़दमों पर असंतोष भी जताया था और यह मौखिक टिप्पणी भी की थी कि - ''सरकार मूक दर्शक क्यों बनी बैठी है?

माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने न्यूज़ चैनल्स में होने वाली बहस की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए इस पर भी नाराज़गी ज़ाहिर करते हुये टीवी चैनल्स को फटकार लगा चुकी है। कोर्ट ऐसे न्यूज़ चैनल्स को भड़काऊ बयानबाज़ी का प्लेटफ़ार्म बता चुकी है। न्यायालय के अनुसार टीवी चैनल बिना रेगुलेशन के हेट स्पीच का ज़रिया बन गए हैं। अदालत यह भी कह चुकी है कि- राजनेताओं ने इसका सबसे अधिक फ़ायदा उठाया है और टेलीविज़न चैनल उन्हें इसके लिए मंच देते हैं। इसी बहस के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े ने भी साफ़ साफ़ कहा था कि चैनल और राजनेता ऐसी हेट स्पीच से ही चलते हैं। चैनलों को पैसा मिलता है इसलिए वे दस लोगों को बहस में रखते हैं। उस समय माननीय न्यायालय ने कहा कि था कि मुख्य धारा के मीडिया व सोशल मीडिया चैनल्स बिना रेगुलेशन के हैं। एंकर की ज़िम्मेदारी है कि बहस में कोई भड़काऊ बात न हो, लेकिन एंकर ऐसा नहीं करते। इससे सख़्ती से निपटा नहीं जा रहा है।जि एंकर की ज़िम्मेदारी तय होनी चाहिये। अगर किसी एंकर के कार्यक्रम में भड़काऊ कंटेंट होता है, तो उसको ऑफ़ एयर किया जाना चहिए और जुर्माना लगाना चहिए। तभी अदालत ने सरकार से पूछा था कि -इस मामले में सरकार मूकदर्शक क्यों बनी हुई है? क्या यह एक मामूली मुद्दा है?

परन्तु चाहे वह अदालती तल्ख़ टिप्पणियां हों या सरकार द्वारा उठाये जाने वाले क़दम,देखा यही जा रहा है कि मुख्य धारा के टी वी चैनल्स विशेषकर सत्ता से जुड़े या सत्ता का वरद हस्त प्राप्त या लालची टी वी चैनल्स अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर अभी भी अपना बेशर्मी भरा प्रसारण जारी रखे हुए हैं। इन्हें न तो देश की शांति सद्भावना से वास्ता है न भारतीय मीडिया की विदेशों में चौपट होने वाली छवि से न ही पड़ोसी देशों से भारत के रिश्ते की फ़िक्र। अभी पिछले ही दिनों इसी गपोड़ी मीडिया ने चाइनीज़ राष्ट्रपति शी ज़िनपिंग के बारे में चिल्ला चिल्ला कर देश को क्या कुछ नहीं बता डाला। किसी ने उन्हें नज़रबंद कर दिया तो कोई फांसी पर लटकाने लगा, किसी ने बीजिंग को सेना के हवाले कर दिया। रूस-यूक्रेन युद्ध भी वहां से ज़्यादा इसी भारतीय प्रोपगैंडिस्ट मीडिया द्वारा लड़ा गया। इन्होंने तो रूस-यूक्रेन के मध्य परमाणु युद्ध तक करा डाला था। आज देश में साम्प्रदायिकता के दुर्भायपूर्ण विस्तार और धार्मिक आधार पर नफ़रत फैलाने में इसी गोदी मीडिया की अहम भूमिका है।

इन सतही,पक्षपात पूर्ण व चुनिंदा प्रतिबंधों के साथ साथ ज़रूरी यह भी है कि सरकार ऐसे ग़ैर ज़िम्मेदार टी वी चैनल्स को भी प्रतिबंधित करे जो टी आर पी में अग्रणी होने के बावजूद सिर्फ़ समाज में अपना विभाजनकारी एजेंडा परोसते हैं। चाहे उन चैनल्स का स्वामित्व किसी का भी हो और चाहे वे कोई भी विचारधारा रखते हों। केवल ऐसी एकपक्षीय व आधी अधूरी कार्रवाई से तो यही सन्देश जायेगा कि सरकार की यह कार्रवाई %ग़ैरों पे सितम ,अपनों पर करम% जैसी ही है।

## भारत के द्वार पर नए दौर की क्रांति का आगाज़ - 5 जी अवसरों के अनंत आकाश की शुरुआत

वैश्विक स्तरपर विशेष रूप से प्रौद्योगिकी स्वास्थ्य शिक्षा और परिवहन क्षेत्र में भारत के तेजी से अचंभित विकास से दुनिया की नजरें भारत की ओर उठ गई है क्योंकि अब सारे विश्व का यह अंदेशा हो गया है कि भारत पहले जैसा नहीं रहा। अब वहां विकास के आगाज की झड़ी सी लग गई है। 135 करोड़ जनसांख्यिकीय तंत्र अपने कौशलता ताकत को पहचानकर मिलकर आवाज़ उठ गई है कि मिले सुर मेरा तुम्हारा तो सुर बने हमारा, बस!! इस हमारा के सुर को तेजी से विकसित कर यह संकल्प लेना है कि भारत माता को फिरसे सोने की चिड़िया बना कर ही दम लेंगे!! एक समय था जब हम 2जी 3जी 4जी टेक्नोलॉजी के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहे परंतु अभी हमारे पास दिशा है, रोडमैप है, दूरगामी परिणाम के लिए विज़न 2047 है, कुशल नेतृत्व है, जब यह सारी बातें एक साथ एकजुट हो जाती है तो हर प्रौद्योगिकी में इतिहास रचना लाजमी हो जाता है जिसका परिणाम 5जी है जिसके साथ भारत ने इतिहास रच दिया है। चूंकि माननीय पीएम द्वारा 5 जी का शुभारंभ किया गया है और दूरसंचार क्षेत्र का नाम इतिहास के स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया है इसलिए आज हम पीआईबी के आधार पर इस आर्टिकल के माध्यम से 5जी भारत के सामर्थ्य की गाथा पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम 5 जी सर्विस को आसान शब्दों में समझने की करें तो, जी का मतलब मोबाइल नेटवर्क की जेनरेशन से होता है यानें 5 जी सर्विस मोबाइल नेटवर्क की 5वीं जेनरेशन है, जो वर्तमान में चल रही 4 जी एलटीई स्टैण्डर्ड से भी ज्यादा फास्ट होगी। इसकी कनेक्टिविटी, स्पीड, वॉइस क्वालिटी, सिक्योरिटी और अन्य फीचर्स पिछले सभी जेनरेशन से काफी बेहतर होगी।इस नेटवर्क से डाउनलोड और अपलोड की स्पीड 4 जी से बहुत ज्यादा अधिक होगी।

इसकी अधिकतम हाई स्पीड 10 जीबीपीएस प्रति सेकंड तक हो सकती है। साथियों बात अगर हम इस सर्विस से अनेक क्षेत्रों में क्रांति और उच्च गति की करें तो, 5 जी सर्विस आने के बाद यूजर्स को बेहतर कॉल और कनेक्टिविटी मिलेगी, इंटरनेट यूजर्स चुटकियों में मूवी और अन्य चीजों को डाउनलोड कर सकेंगे, टीवी प्रोग्राम, मल्टीमीडिया आदि हाई क्वालिटी और फास्ट देख पाएंगे, इससे कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, यातायात प्रबंधन आदि तमाम क्षेत्रों में क्रांति की उम्मीद जताई जा रही है।

## वर्तमान में रूस पर भारी पड़ता यूक्रेन के साथ युद्ध

विगत दिनों समरकंद में संघीय देशों की बैठक में वैश्विक देशों की अपील के बाद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को शांति की महत्वपूर्ण सलाह दी थी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इनको कहां यह समय युद्ध नहीं शांति और सद्भाव का समय है इसमें विकास को गति दिए जाने हेतु पहल की जानी चाहिए। विश्व के सभी देशों ने अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया ,न्यूजीलैंड और अन्य यूरोपीय देशों के सदस्यों ने इसका खुले दिल से स्वागत किया था और यह आशा की थी कि शायद व्लादिमीर पुतिन शांति और सद्भावना पर अमल कर बातचीत के जरिए यूक्रेन के साथ कोई हल निकालेंगे। पर विगत दिनों व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के चार शहरों में अपना कब्जा किए जाने और और आक्रमण पर तेजी लाने की बात कही जिससे पूरा यूरोप और अमेरिकी प्रशासन ने रूस के विरोध में अपना मोर्चा खोल दिया है। न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार पुतिन ने घोषणा की है 4 शहरों को रूस की सीमा के भीतर विनय कर दिया जाएगा। इसके बाद अमेरिका सहित अन्य यूरोपीय देशों ने संयुक्त राष्ट्र संघ परिषद यूक्रेन के 4 शहरों पर कब्जा किए जाने के विरुद्ध कड़ी निंदा का प्रस्ताव किया है जिस पर संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद की वोटिंग हुई एवं रूस ने वीटो पावर का इस्तेमाल कर उसे रोक दिया है । दूसरी तरफ रूस की बड़ी घोषणा जिसके तहत पुतिन ने आंशिक सेना संग्रहण यानी आम जनता से सैनिकों की भर्ती शुरू कर दी है जिसके अंतर्गत रूस में 2.5 करोड़ सैन्य प्रशिक्षकों मैं से 3लाख सैनिक आम जनता से भर्ती किए जाने हैं। जिसके फलस्वरूप रूस से लगे 14 देशों की सीमा से रूस के आम नागरिकों का पलायन तेजी से होने लगा है और लगभग 3 लाख से ज्यादा रूस के नागरिक आर्मेनिया, जॉर्जिया तथा अन्य देशों में भागना शुरू कर चुके हैं। आम लोगों के बीच सैन्य भर्ती का पुतिन का आदेश रूस की जनता के बीच बहुत नकारात्मक गया हैद्य रूस के कई शहरों में इस भर्ती के आदेश के विरुद्ध नागरिकों के बड़े प्रदर्शन हुए हैंद्य दरअसल इस प्रदर्शन में शामिल अधिकांश बुजुर्ग लोगों ने अपने युवा बच्चों को युद्ध में शामिल करने के विरोध में कई सवाल उठाए हैं। उनका स्पष्ट कहना है कि इस युद्ध में लगभग 80000 रूसी सैनिक या तो मारे गए हैं या घायल हुए हैं और यह रूसी राष्ट्रपति पुतिन की सनक और तानाशाही का परिणाम ही हैद्य पुतिन के बेहद करीब एवं वरिष्ठ सांसद ने न्यूज़ एजेंसी को बताया कि पुतिन के इस आदेश के खिलाफ जनता में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त हो गया है।


सैटेलाइट की तस्वीरों और न्यूज़ एजेंसी की बातों पर विश्वास करें तो लाखों लोग रूस की सीमा पर दूसरे देशों में शरण लेने के लिए एकत्र हो गए हैं, उनके हिसाब से दो लाख से ज्यादा लोग रूस छोड़कर दूसरे देशों की सीमा में प्रवेश कर चुके हैंद्य कजाकिस्तान, जॉर्जिया ,आर्मेनिया में रूसी नागरिक पहुच चुके हैंद्य इसी बीच खबर यह है कि रूस से लगे देश लातविया, एस्ट्रोनिया, पोलैंड और लिथुआनिया मैं अपनी सीमा रूस के नागरिकों के लिए सील कर दी है। इस तरह रूस के अंदर की जनता तथा सेना का पुतिन का घनघोर विरोध शुरू हो गया है। अमेरिका के राष्ट्रपति ने रूस द्वारा यूक्रेन के चार शहरों पर कब्जा किए जाने की घोषणा के विरोध में बयान दिया है कि यह संयुक्त राष्ट्र संघ के संघीय धाराओं का स्पष्ट उल्लंघन है यदि ऐसा किया जाता है तो रूस द्वारा अमेरिका तथा यूरोपीय देशों पर आक्रमण माना जाएगा।

रूस पर यूक्रेन के अंदर घुस कर आक्रमण करने की नीति अब उन पर उल्टी पड़ रही है। यूरोपीय तथा अमेरिका की सहायता से यूक्रेन रूस पर भारी पड़ने लगा है, सही मायने में विगत दिनों यूक्रेन ने ना सिर्फ कीव और खार्कीव जैसे शहरों को रूसी सेना से बचाया बल्कि रूसी सेना को वापस जाने पर मजबूर कर दिया है।

## ब्याज में बढ़ोतरी

यह चौथी बार है। मई से लेकर अब तक 1.90 फीसद की बढ़ोतरी की जा चुकी है। इस तरह अब रेपो दर 5.90 फीसद हो गई है। लघु बचत करने वालों के लिए तो यह कुछ राहत का फैसला साबित हो सकता है, मगर जो लोग कर्ज लेकर कारोबार करते, मकान, वाहन या कोई टिकाऊ सामान खरीदते हैं, उनके ऊपर किस्तों का बोझ थोड़ा और बढ़ जाएगा। हालांकि रेपो दरों में बढ़ोतरी के अनुमान पहले से लगाए जा रहे थे। रेपो दर ब्याज की वह दर होती है, जिस पर रिजर्व बैंक दूसरे बैंकों को कर्ज देता है। यानी, बैंक अपने ग्राहकों को इससे अधिक दर पर कर्ज देते हैं। दरअसल, पिछले कुछ महीनों से महंगाई, डालर के मुकाबले रुपए की कीमत और लगातार बढ़ते व्यापार घाटे और उसके परिणामस्वरूप चालू खाता घाटे पर काबू पाना कठिन बना हुआ है। इससे पार पाने का आसान तरीका रेपो दरों में बढ़ोतरी ही नजर आता है। पिछले दिनों रेपो दरों में बढ़ोतरी से महंगाई के रुख में मामूली उतार का रुख नजर आया था। मगर रिजर्व बैंक खुद इस उपाय को अंतिम हथियार नहीं मानता। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में चालू खाते में चिंताजनक बढ़ोतरी के आंकड़े सामने आए। पिछले वित्त वर्ष की तुलना में यह घाटा कुल जीडीपी के 1.5 फीसद की तुलना में 2.8 फीसद दर्ज हुआ है। बताया जा रहा है कि यह घाटा व्यापार घाटे की वजह से बढ़ा है। यानी निर्यात में कमी और डालर के मुकाबले रुपए की गिरती कीमत इसकी बड़ी वजह है। हालांकि सरकार ने अपने खर्चों में कुछ कटौती शुरू की है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की घटती कीमतों के बावजूद घरेलू बाजार में तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है, फिर भी यह घाटा काबू में नहीं आ रहा है, तो आर्थिक विकास दर को लेकर चिंता स्वाभाविक है। पहले ही अपेक्षित निवेश नहीं आ रहा, उद्योग जगत का जीडीपी में योगदान काफी नीचे चला गया है। ऐसे में रोजगार के नए अवसर सृजित करना और बाजार में पूंजी का प्रवाह बढ़ाना सरकार के लिए मुश्किल बना हुआ है।

## आओ कुदरत की अद्भुत रचना पशुओं की देखभाल और उन्हें प्यार करें



पशुओं के दर्द और पीड़ा को संवेदनशीलता से पहचान कर उनके हित में कल्याणकारी कार्य करना उच्च मानवीय धर्म - एडवोकेट किशन भावनानी

गोंदिया - सृष्टि रचनाकर्ता ने 84 लाख़ योनियों की रचना कर माननीय योनि को सबसे अनमोल बुद्धि रत्न के रूप में अनमोल हीरा बक्शा इस विश्वास के साथ कि जैव विविधता की रक्षा करने में सामंजस्य का स्थापित करने में महत्वपूर्ण रोल अदा करके और इस सृष्टि की खूबसूरती में चार चांद लगाएगा परंतु मेरा मानना है कि इस सोच में हम माननीय जीव खरे नहीं उतरे क्योंकि हमने अपने स्वार्थ के कारण इन बाकी योनियों का पृथ्वी लोक पर जीना मुश्किल कर दिया है। किसी का शिकार, वध, फालतू बनाने इत्यादि के माध्यम से उनपर अत्याचार और अनेक योनियों को विलुप्त कर दिए हैं तथा अनेक योनियों को विलुप्तता की कगार पर जिम्मेदारी से भिड़े हुए हैं। हमारे बड़े बुजुर्गों की कहावत है सुबह का भूला शाम को घर लौटे तो उसे भूला नहीं कहते इसीलिए आज भी हम जागृत हो जाएं और जीव-जंतुओं पशुओं के दर्द और पीड़ा को संवेदनशीलता से पहचान कर उनके हित में कल्याणकारी कार्य कर अपने मानवीय धर्म निभानें का परिचय दे। वैसे भी हमने पिछले दिनों गुजरात में शेरों और एमपी में चीतों के रिहैबिलिटेशन के माध्यम से पशुओं जानवरों की सुरक्षा चिंता, समर्थन की अपनी मंशा जाहिर कर चुके हैं। चूंकि 4 अक्टूबर 2022 को विश्व पशु कल्याण दिवस मना रहे हैं इसलिए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के सहयोग से आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे कि आओ कुदरत की अद्भुत रचना पशुओं की देखभाल और प्यार करें।

साथियों बात अगर हम पशुओं की देखभाल करने उन्हें बचाने प्यार करने की करें तो, विश्व पशु दिवस पशुओं जानवरों के साम्राज्य को समर्पित एक दिन को संदर्भित करता है। हर साल 4 अक्टूबर को विश्व पशु कल्याण दिवस के रूप में मनाया जाता है, यह मनुष्यों और जानवरों के बीच संबंधों का जश्न मनाने के लिए किया जाता है। हम सभी जानते हैंकि जानवर हमारे पारिस्थितिकी तंत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, वे न केवल समर्थन देते हैं और हमारे जीवन को बेहतर बनाते हैं बल्कि वे मानव को दोस्ती का सही अर्थ भी सिखाते हैं। इसलिए, यह दिन हमें उनके अस्तित्व का जश्न मनाने की अनुमति देता है।

साथियों बात अगर हम पशुओं की देखभाल करने उन्हें बचाने की करें तो, अगर पशुओ के प्रति हम संवेदनशील और जागरूक हो जाएँ तो और क्या चाहिए। कुछ बातों को अपना कर हम इनकी मदद कर सकते है, जो इस दिन पर संगोष्ठी यां वेबीनार आयोजित करने से ज्यादा महत्वपूर्ण है।हम देखते हैं की अक्सर लावारिस गायें कचरे के ढेर से भोजन ढूंढ़ कर खाती हैं, जिनमे रोटी, सब्जी के छिलके, और अन्य चीज़ें शामिल होती हैं, हम अक्सर ये गलती करते हैं की छिलकों तथा अन्य बची सामग्री को पॉलिथीन मे बांध कर फेंक देते हैं। अब गाय थैली तो खोल नहीं सकती अतः वो उस सामग्री को थैली सहित ही खा जाती है, अनुमानतः हर साल भारत मे हज़ारों गायों की मृत्यु पॉलीथिन खाने से होती है, विचार कीजिये की हमारी छोटी सी चूक बेज़ुबान को काल का ग्रास बना देती है। ये हमारे द्वारा अनजाने मे की जाने वाली क्रूरता ही है तो हम यहाँ से निराकरण शुरू कर सकते हैं, और किसी भी बची हुई खाद्य सामग्री को किसी स्वच्छ एवं पक्के फर्श पर रख दें और पॉलिथीन का इस्तेमाल ना करें।

साथियों एक और चूक जो हमसे होती रही है वो ये की हम कई बार घर की सफाई के दौरान या अन्य किसी मररम्मत के दौरान निकलने वाली धातु की वस्तुओं जैसे कील, कांच, फ्यूज बल्ब, डिस्पोजल सुई, नट बोल्ट या अन्य नुकीली वस्तुओं को यूँ ही खुले कचरे मे फेंक देते हैं और उसे भूख प्यास से बेहाल जानवर खाने की तलाश मे मुँह मे ले लेते हैं परिणामतः मुख मे घाव, पेट और आंतो मे घाव और अंततः दुखद मौत, हम इसे रोक सकते हैं , बस करना इतना सा है की इस तरह की नुकीली धातु , बल्ब , एक्सपायरी डेट्स की दवाइयां इत्यादि खुले मे ना फेंके इसकी बजाय उन्हें कबाड़ी को दें और दवाइयों को फ्लश मे बहा दें। हमारी छोटी सी कोशिश इन्हे बीमार और घायल होने से बचा सकती है। साथियों हम दैनिक जीवन मे कई बार चमड़े से बनी वस्तुओं का प्रयोग करते हैं जैसे ,पर्स, बेल्ट, जूते जैकेट इत्यादि, क्या हम जानते हैं चमड़ा उद्योग मे कितने ही जानवरों को उनकी खाल के लिए ख़रीदा और मारा जाता है। विचार करें और तय करें की चमड़े की चीज़ों का अन्य विकल्प इस्तेमाल करें और चमड़े का बहिष्कार करें।

साथियों बात अगर हम भारत में पशुओं की रक्षा में संविधान कानून कायदों नियमों की करें तो, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के पास जानवरों पर अनावश्यक दर्द या पीड़ा रोकने के लिए और पशुओं के प्रति क्रूरता की रोकथाम के लिए पशु क्रूरता निवारण (पीसीए) अधिनियम, 1960 लागू करने का अधिकार है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51(ए) के मुताबिक हर जीवित प्राणी के प्रति सहानुभूति रखना भारत के हर नागरिक का मूल कर्तव्य है।भारतीय दंड संहिता की धारा 428 और 429 के मुताबिक कोई भी व्यक्ति किसी जानवर को पीटेगा,ठोकर मारेगा,उस पर अत्यधिक सवारी और बोझ लादेगा,उसे यातना देगा कोई ऐसा काम करेगा जिससे उसे अनावश्यक दर्द हो दंडनीय अपराध है। पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और खाद्य सुरक्षा अधिनियम में इस बात का उल्लेख है कि कोई भी पशु (मुर्गी समेत) सिर्फ बूचड़खाने में ही काटा जाएगा। बीमार और गर्भधारण कर चुके पशु को मारा नहीं जाएगा। अगर कोई व्यक्ति किसी पशु को आवारा छोड़ कर जाता है तो उसको तीन महीने की सजा हो सकती है।

## जो पत्थर तेरे पैरों के नीचे आ जायें

जो पत्थर तेरे पैरों के नीचे आ जायें।

जो पत्थर तेरे पैरों के नीचे आ जायें,
वो सचमुच नायाब हीरा बन जाये।

चार दिन जो तेरी सोहबत में आ जाये,
वो सच मुच राधा और मीरा हो जाये।

जो तेरी भक्ति में चरणों में आ जाये,
वो सचमुच बैकुण्ड को पा जाये।।

कई जन्मों से प्यासे है दरस को तेरे
तुझे देख समझो चारों धाम पा जाये।

तेरी भक्ति में लीन जो हो जाये,
वो राधा -कृष्ण में खो जाए।

जो तेरे चरणों की धूल पा जाये,
वो मीरा सी दीवानी हो जाये।

जिस पानी से चरण कमल धुल जाये,
वो नीर समझो अमृत हो जाये।

अपने चरणों धूलि से तर बतर कर दो,
हमारे सातों जनम सफल हो जाये।

## शार्ट न्यूज

### रिटायर्ड शिक्षिका को पैसा डबल करने का दिया झांसा, ठगे 13 लाख रुपये

खागा। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में एक रिटायर्ट शिक्षिका से रकम दोगुनी करने का लालच देकर लाखों की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने बताया कि उससे फर्जी कंपनी के नाम पर ठगी की गई है। ये मामला खागा के विजय नगर का है। अर्जुन सिंह की पत्नी लक्ष्मी देवी रिटायर्ड शिक्षिका हैं। उन्होंने बतयाा कि मैकूला नाम का शख्स उनके साथ काम करता था। रिटायर होने के बाद मैकूलाल विआल म्यूचुअल बेनीफिट निधि में डिप्टी डॉयरेक्टर के पद पर काम करने लगे। मैकूलाल उन्हें पैसा दोगुनी करने का झांसा दिया और धोखाधड़ी करके छह साल के लिए 13 लाख रुपये अलग-अलग कंपनियों में जमा करवाया। ये पैसा चेक और नगद जमा किए गए थे। जब समय पूरा हो गया तो लक्ष्मी देवी ने पैसे भुगतान के लिए मैकूलाल से संपर्क किया लेकिन वह टाल मटोल करता रहा। आखिर में हर महीने 20 हजार रुपये देने का इकरार हुआ लेकिन इसके बावजूद लक्ष्मी देवी को पैसे नहीं मिले। अब पैसे मांगने पर मैकूलाल जान से मारने की धमकी दे रहा है। लक्ष्मी देवी ने मैकूलाल और फर्जी कंपनी के नाम मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं पुलिस इस मामले की तफ्तीश में जुट गई है।

### चाय की दुकान में घुसी तेज रफ़्तार स्कार्पियो, तीन को कुचला, कांग्रेस जिला सचिव समेत दो की मौत

लखीमपुर। यूपी के ललितपुर में तेज रफ्तार स्कार्पियो ने सड़क किनारे एक होटल में चाय पी रहे लोगों को कुचल दिया ।हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। होटल पर खड़े कई लोग बाल-बाल बच गए हैं। पुलिस ने सोमवार को बताया कि थाना बार निवासी कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव ताजुद्दीन (65 साल) पुत्र कल्ले खां, तुराव अली (64 साल) पुत्र मुराद अली व ग्राम मोतीखेरा निवासी प्रमोद कुमार (45 वर्ष) सहित कई लोग आज सुवह दस बजे कस्बे के गांधी चौक पर एक होटल पर चाय पी रहे थे। इसी दौरान बानपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार स्कार्पियो कार ने तीनों को रौंद दिया। इसके चलते ये लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास खड़े लोग बाल बाल बच गए। हादसे के बाद कार चालक मौके से भाग गया। घटनास्थल पर खड़े लोगों ने तीनों घायलों को उपचार के लिए बार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के उपरांत झांसी मेडीकल कालेज रेफर कर दिया। झांसी मेडीकल कालेज में चिकित्सकों ने तुराव अली व कांग्रेस नेता ताजुद्दीन खां को मृत घोषित कर दिया। जबकि प्रमोद की हालत गंभीर बनी हुई है। उसका उपचार चल रहा है।

### मामूली विवाद पर लाठियों से भतीजे को बेरहमी से पीटा, इलाज के दौरान तोड़ा दम

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र आपसी विवाद को लेकर एक शख्स ने अपने भतीजे और उसके मां-बाप को लाठियों से पीट कर घायल कर दिया। इलाज के दौरान युवक भतीजे की जिला अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मामला जर्ज कर जांच शुरू कर दी। ये मामला चोपन थाना क्षेत्र का है। थाना प्रभारी लक्ष्मण पर्वत ने बताया कि दस साल पहले शिव बैगा ने अपने छोटे भाई लाल धारी के घर का सामान जला दिया था जिसे लेकर दोनों भाइयों के बीच तनाव का महौल रहता था। शनिवार रात किसी बात को लेकर दोनों परिवारों में विवाद हो गया। शिव बैगा की पत्नी राजकुमारी अपने देवर लालधारी और भतीजे विनय को गाली देने लगी। गाली सुनकर विनय ने गाली देने से मना किया लेकिन दोनों में झगड़ा बढ़ गया देखते ही देखते हाथापाई होने लगी। इस दौरान शिव जमीन पर गिर गया। जिसके बाद नाराज होकर शिव बैगा ने पास रखी लाठी से विनय को पिटने लगा। झगड़े की आवाज सुनकर विनय की मां शांति देवी और पिता लालधारी मौके पर पहुंचे। बीच बचाव करने के दौरान उन पर भी शिव ने लाठियां बरसा दी। देखते ही देखते घर के बाहर ग्रामीण इक्ठठा हो गए। घटना की सूचना पर एम्बुलेंस, पीआरबी समेत चोपन पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद घायल विनय, लालधारी और शांति को सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं विनय की हालात गंभीर होने पर उसे जिला अस्तपाल भेज दिया गया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस पीड़ित की तहरीर पर शिव पर मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### महराजगंज में भरभराकर गिर गई निर्माणाधीन मकान की छत, मजदूर की मौत

महाराजगंज। यूपी के महाराजगंज में एक निर्माणाधीन मकान की छत भरभराकर गिर गई। इससे वहां काम कर रहे लोग दब गए। इस हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई। पांच लोग घायल हो गए। हादसे की वजह से घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। महराजगंज के पनियर के रजौड़ा कला गांव में सोमवार को यह हादसा हुआ। रजौड़ा कला गांव के सिवान में एक भवन की छत की ढलाई का काम चल रहा था। छत का काम लगभग पूरा हो गया था। इसी दौरान दोपहर में अचानक छत भरभराकर गिर गई और इसके नीचे दबकर 70 वर्षीय घरभरन नाम के मजदूर की मौत हो गई। हादसे में जितेन्द्र, रामधन, शैलेष, किशोर और जितई मलबे के नीचे दबने से घायल हो गए। हादसा के तुरंत बाद मौके पर काफी भीड़ जुट गई। लोगों ने आनन-फानन में घायलों को मलबे से बाहर निकाला। इस बीच मौके पर पहंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

### सपा विधायक ताहिर खां पर मुकदमा, प्रतिबंध के बावजूद चला रहे थे पशु बाजार

सुलतानपुर। सुलतानपुर में पूर्व सांसद व इसौली विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के विधायक ताहिर खान समेत दो लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि लंपी बीमारी को लेकर रोक के बावजूद जबरन पशु बाजार उन्होंने लगाई है। पशु बाजार लाइसेंस सपा विधायक के नाम पर है। पूरा मामला सुलतानपुर जिला मुख्यालय से सटे पांचोपीरन- कस्बा पशु बाजार से जुड़ा हुआ है। जिलाधिकारी रवीश कुमार गुप्ता के आदेश पर पहुंची प्रशासनिक टीम ने रविवार की रात में इसका खुलासा किया। एसडीएम सदर सीपी पाठक और क्षेत्राधिकारी नगर राघवेंद्र चतुर्वेदी टीम के साथ बीती रात मौके पर पहुंचे थे। घंटे भर तक जांच पड़ताल की गई थी जिसमें पशुओं के प्रतिबंध के बावजूद बाजार में खरीद-फरोख्त करते हुए पाया गया था। अधिकारियों ने बताया कि रोक के बावजूद विधायक ताहिर के समर्थक बाजार लगवाकर पशुओं की खरीद-फरोख्त कर रहे थे। प्रशासनिक टीम की कार्रवाई के दौरान अफरा-तफरी का माहौल देखा गया । जिला पंचायत की तरफ से नगर कोतवाली में तहरीर दी गई ,जिसके आधार पर कोतवाल राम आशीष उपाध्याय ने मुकदमा दर्ज करवा दिया है। विधायक ताहिर खान समेत अन्य लोगों के खिलाफ कार्रवाई से पशु कारोबारियों में हड़कंप का माहौल देखा जा रहा है।

### रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर दूसरे समुदाय के युवक ने किया दुष्कर्म

कन्नौज। उत्तर प्रदेश के कन्नौज में नौकरी दिलाने के नाम पर दूसरे समुदाय के शख्स ने एक युवती के साथ जबरन संबंध बनाया। युवक ने इसका वीडियो भी बना लिया। आरोपी अब युवती से धर्म परिवर्तन करने का दबाव बना रहा है। वहीं युवती के मना करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। युवती ने बताया कि जिले के मियागंज निवासी आरिफ उर्फ तनवीर मिर्जा अमित बनकर उसे फोन किया। आरिफ ने बताया कि वह उसकी रेलवे में नौकरी लगवा देगा। इसके बाद युवती आरिफ के बुलाने पर रेलवे स्टेशन पर चली गई। जहां उसने कागजात देखे और कहा कि नौकरी निकलने पर दोबारा बुलाएंगे। इसके बाद आरिफ अक्सर युवती से बात करने लगा। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि एक दिन आरोपी तिर्वा-कन्नौज ओररब्रिज के पास एक होटल में बुलाया। जहां उसने कमरे में बंद कर लिया और जबरन दुष्कर्म किया। उसने इस घटना का वीडियो भी बना लिया। इसके बाद उसके बाद आरिफ के परिजन धर्म परिवर्तन कर निकाह करने का दबाव बना रहे हैं। उनका कहना है कि निकाह नहीं करने पर वीडियो वायरल कर देंगे। पीड़िता ने आरिफ, चचेरे भाई नूर आलम, बड़े भाई शहनवाज, भाभी बेबी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

# आजमगढ़ में ऑपरेशन लंगड़ा; कुछ घंटों के अंतराल पर 3 मुठभेड़

## 4 बदमाशों को पैर में गोली मारकर पकड़ा

आजमगढ़। आजमगढ़ में कुछ ही घंटों के अंतराल पर पुलिस और बदमाशों के बीच तीन मुठभेड़ हुई। इस दौरान बदमाशों की तरफ से हुई फायरिंग के बाद पुलिस ने जवाब देते हुए चार बदमाशों को पैर में गोली मारने बाद दबोच लिया। हालांकि तीनों मुठभेड़ में पुलिस के किसी जवान को गोली नहीं लगी है। सभी बदमाशों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। तीनों मुठभेड़ बरदह, फूलपुर और देवगांव कोतवाली क्षेत्र में हुई है। चारों बदमाशों में दो 25-25 हजार के इनामी हैं।



पहली मुठभेड़ बरदह थाना क्षेत्र के कमालपुर के पास रविवार की रात :30 बजे हुई। बताया जा रहा है कि देवगांव का निवासी आसिफ ने 22 सितंबर की रात पशु तस्करी के दौरान पिकअप से पुलिस के वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया था। पुलिस उसे तलाश कर रही थी। एसपी सिटी शैलेंद्र लाल ने बताया कि बरदह थाना प्रभारी संजय कुमार रविवार की रात में चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान बाइक से आ रहे बदमाश को रुकने का इशारा किया। वह भागने लगा पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से घायल हो गया। उसके दाये पैर में गोली लगी है। बदमाश के पास से तमंचा, कारतूस, बाइक व 1000 रुपये नगद बरामद हुए हैं।

दूसरी मुठभेड़ फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के अंबारी के पास रविवार की रात हुई। मुठभेड़ में 25 हजार के इनमी सहित दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। अंबारी चौकी प्रभारी हीरेन्द्र प्रताप सिंह रात 12 बजे चेकिंग कर रहे थे। चौकी प्रभारी ने गाड़ी रोकने का प्रयास किया। बोलेरो सवार बदमाश भागने लगे। चौकी प्रभारी ने फूलपुर कोतवाल अनलि सिंह को सूचना दी। जानकारी लगते ही कोतवाल भी बदमाशों की ओर निकल गए। घेराबंदी होने पर बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फरार झोंक दिया। पुलिस की जाबाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से तबरेज व कलीम निवासीगण मुड़ियार घायल हो गए। कलीम पर 25 हजार का इनाम था। तबरेज बस्ती जनपद में गैंगेस्टर का अभियुक्त है। एसपी ग्रामीण राहुल रूसिया ने बताया कि गिरफ्तार बदमशा कलीम पर 18 व तबरेज पर 19 मुकदमे दर्ज है। घायल बदमाशों के पास से दो तमंचा, कारतूस, चोरी की बोलेरो, 4500 रुपये नगद बरामद हुई।

तीसरी मुठभेड़ देवगांव कोतवाली क्षेत्र में रविवार की आधी रात हुई। पुलिस की मुठभेड़ में अंतर्जनपदीय पशु तस्कर गैंग का दूसरा बदमाश शाह आलम उर्फ भोनू उर्फ सोनू घायल हो गया। उसके पास से तमंचा व बाइक बरामद हुई। कोतवाल गजानन्द चौबे व उप निरीक्षक अनुपम जायसवाल मोलनापुर हाइवे के ओवरबिज के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे। सूचना मिली कि अंतर्जनपदीय पशु तस्कर चेवार पूरब गोवर्धनपुर की ओर से आ रहे हैं। पुलिस कलीचा बाद के पास घेरा बंदी कर चेकिंग शुरू की। कुछ देर बाद बाइक सवार बदमाश आया।

पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। वह बाइक मोड़कर भागना चाहा, अनियंत्रित होकर गिर गया। भागते हुए पुलिस पर फायर करने लगा। पुलिस की जबाबी कार्रवाई में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने शाह आलम उर्फ भोनू उर्फ सोनू को पकड़ लिया। बदमाश के पास से तमंचा कारतूस, बाइक बरामद हुई। पकड़े गए बदमाश पर विभिन्न थाना में 18 मुकदमा दर्ज हैं।

# मुख्तार की करीबी डॉक्टर अलका राय का अस्पताल और संपत्ति कुर्क



**मऊ।** माफिया मुख्तार अंसारी एम्बुलेंस केस में बड़ी कार्रवाई हुई है। मुख्तार अंसारी की करीबी अलका राय का मऊ में स्थित श्याम संजीवनी अस्पताल को कुर्क कर लिया गया है। बाराबंकी और मऊ की पुलिस ने सोमवार को संयुक्त कार्रवाई की। यूपी के बाराबंकी में रजिस्टर्ड नंबर की एम्बुलेंस से पंजाब की कोर्ट में मुख्तार अंसारी की पेशी के बाद मामला सामने आया था। जांच में पता चला कि एम्बुलेंस अलका राय के मऊ में स्थित अस्पताल श्याम संजीवनी के नाम से रजिस्टर्ड कराई गई है। इसी के बाद मुख्तार के अन्य करीबियों के साथ ही अलका राय पर भी पुलिस ने शिकंजा कसा था। अलका राय को भी गिरफ्तार कर गैंगस्टर में कार्रवाई की गई थी। गैंगस्टर एक्ट के उसी मुकदमे में सोमवार को अलका राय की संपत्ति को कुर्क करने बाराबंकी से पुलिस टीम मऊ पहुंची थी। यहां मऊ की पुलिस टीम के साथ अस्पताल और उससे जुड़ी जमीन को कुर्क करने की कार्यवाही पूरी की गई। कुर्क की गई संपत्ति की कुल कीमत 2.65 करोड़ बताई जा रही है। अलका राय फिलहाल हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद जेल से बाहर हैं।

### मुख्तार पर ही केस का दांव नहीं आया काम

मुख्तार अंसारी को एम्बुलेंस देने के मामले में अपने ऊपर केस दर्ज होते ही अलका राय भी थाने पहुंची थी। उन्होंने पूरे मामले को अपने खिलाफ षडयंत्र बताते हुए मुख्तार अंसारी समेत कई लोगों के खिलाफ पुलिस से शिकायत करते हुए एफआईआर दर्ज करने की अपील कर दी थी। अलका राय ने मऊ शहर कोतवाली में मुख्तार अंसारी और अन्य के खिलाफ तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि पिछले एक दशक से अधिक समय से वह विभिन्न सामाजिक कार्यों में अपनी सहभागिता निभा रही हैं।

कहा था कि वह भारतीय जनता पार्टी में भी सक्रिय कार्यकर्ता हैं। इसलिए उनके सामाजिक प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिए राजनीतिक षणयंत्र के तहत गलत तरीके से एंबुलेंस मामले में मुकदमा दर्ज करके फंसाया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से लेकर उच्चाधिकारियों से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करने के साथ ही मुख्तार अंसारी व उनके सहयोगियों तथा उनके प्रतिनिधि के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

# पोल पर फाल्ट ठीक कर रहे लाइनमैन की करंट से मौत

एजेंसी

बाराबंकी। बाराबंकी में शट डाउन लेने के बाद बिजली विभाग का लाइनमैन हाईटेंशन लाइन में आई खराबी को दूर कर रहा था। इसी दौरान बिजली चालू हो गई और पोल पर चढ़ा लाइनमैन करंट का झटका लगते ही बुरी तरह झुलसकर गिर पड़ा।

उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पूरा गांव एकत्र हो गया। मौके पर रोते-बिलखते परिजन विद्युत कर्मियों पर आरोप लगाते हुए मुआवजे की मांग करने लगे। उनके समर्थन में ग्रामीण भी आक्रोशित हो गए। मौके पर पहुंचे एसडीएम ने परिजनों को आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई होगी और उचित मुआवजा भी दिलाया जाएगा। मामला सतरिख थाना क्षेत्र के तौदहापुरवा गांव का है। सोमवार की दोपहर मोहना विद्युत उपकेंद्र अंतर्गत तौदहापुरवा कटरा सहित कई गांव की विद्युत आपूर्ति लोकल फाल्ट के कारण ठप थीं। विभाग में आई शिकायत को लेकर बिजली विभाग का लाइनमैन अनूप (23) पुत्र कुन्नू निवासी नरौली थाना सतरिख गांव पहुंचा और विद्युतपोल पर चढ़ कर फाल्ट को ठीक कर रहा था। अचानक बिजली आपूर्ति शुरू हो गई।

जिससे अनूप करंट का झटका लगने से झुलस गया और नीचे गिर पड़ा। नीचे गिरने के साथ ही अनूप ने दम तोड़ दिया।

### मेरठ से सात करोड़ की चोरी करने वाला आरोपी कोलकता में गिरफ्तार

मेरठ। मेरठ के सर्राफा बाजार से सात करोड़ की चोरी करने वाला आरोपी कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी का सर्राफा बाजार से करोड़ों का सोना, डायमंड और नकदी लेकर फरार हो गया था। उसने चोरी किए कुछ सामान को बाजार में गिरवीं रखा और इसके बदले रकम उठा ली थी। देर शाम तक पुलिस आरोपी पूछताछ करती रही। पूछताछ के लिए कई सर्राफा कारोबारियों से भी आरोपी मैनेजर का सामना कराया गया। मेरठ के सर्राफा बाजार नील गली में हल्दर ज्वैलर्स के पिछले डेढ़ साल से पश्चिम बंगाल का रहने वाला चिरंजीत मैनेजर था। बुधवार को चिरंजीत करीब सात करोड़ का सोना, डायमंड और नकदी लेकर फरार हो गया था। आरोपी का एक साथी भी वारदात में शामिल था। आरोपी यहां से पश्चिम बंगाल फरार हो गया था।

# सुलतानपुर : घटिया मैटेरियल से बन रही थी सरकारी बिल्डिंग, नाराज विधायक ने रुकवाया काम

**सुलतानपुर।** सुलतानपुर में अठैसी में फायर स्टेशन आवासीय भवन में घटिया निर्माण मैटेरियल प्रयोग किए जाने से नाराज सदर विधायक राजबाबू ने काम को रुकवा दिया। कार्यदाई संस्था के अधिकारियों से स्टीमेट मांगा है। सीएनडीएस (जल निगम) की ओर से निर्माण किया जा रहा है।

जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के बरौसा-बिरसिंहपुर मार्ग पर अठैसी गांव में करीब आठ करोड़ की लागत से फायर कर्मियों के रहने के लिए आवास बन रहा है। निर्माण कार्य जल निगम की ओर से कराया जा रहा है। तीन मंजिला इमारत में कुल 13 फ्लैट हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि भवन निर्माण में मानक के विपरीत ईंट, सरिया, सीमेंट आदि मैटेरियल लगाया जा रहा है। इसकी शिकायत कुछ ग्रामीणों ने सदर जयसिंहपुर विधायक राजबाबू



उपाध्याय से की थी। सोमवार को विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने शिकायत पर स्थलीय निरीक्षण किया ।उन्होंने भवन निर्माण में उपयोग होने वाली सामाग्री की जांच की और फोन पर अधिकारी से बात कर स्टीमेट मांगा। स्टीमेट न दिखाए जाने तक काम बंद रखने के निर्देश दिया।

भाजपा विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने बताया कि शिकायत पर मैने मौके जांच की। भवन निर्माण में लगाया जा रहा मैटेरियल मानक के अनुरूप नही मिला। कार्यदाई संस्था से स्टीमेट और रिपोर्ट मांगी गई है। कहा कि जांच के बाद मानक के अनुरूप कार्य कराया जाएगा। यहां वैभव सिंह, रत्नेश तिवारी, विवेक ने विधायक के कदम को सराहा। निरीक्षण के समय गुड्डू उपाध्याय, मुकेश तिवारी, रमेश अग्रहरि, दुर्गेश मिश्र मौजूद रहे।

# अयोध्या में युवक ने पंजा काटा, सरयू तट पर चढ़ाया, बोला-बिहार में भ्रष्टाचार, नहीं हो रही सुनवाई

अयोध्या। अयोध्या में सरयू तट पर साधु वेश धारण कर युवक ने अपने हाथ का पंजा काट डाला। उसने पूजा करने के बाद पंजे पर धारदार हथियार से वार कर अलग कर दिया। युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवक के अनुसार उसने बिहार सरकार में भ्रष्टाचार के खिलाफ सीएम नीतीश कुमार को कई पत्र लिखे लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। तब उसने प्रतिज्ञा की कि जिस हाथ से पत्र लिखे उसे काट कर रामलला को अर्पित कर देगा। युवक का नाम विमल कुमार है और वह बिहार के अररिया जिले के भरगांव



इलाके के छरपित्ती का रहने वाला है। इस संबंध में नयाघाट चौकी इंचार्ज विजयंत मिश्र ने बताया कि छरपित्ती थाना-भरगांवा जिला- अररिया, बिहार निवासी विमल कुमार (40) पुत्र स्व. रामदत्त मंडल ने नया वस्त्र धारण करने के उपरांत सरयू नदी कच्चा घाट पर पूजन किया। पूजा समाप्ति के बाद उसने धारदार हथियार से अपने दाहिने हाथ का पंजा काटकर अलग कर दिया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस उसे एम्बुलेंस द्वारा मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर ले गई। वहां उसका इलाज चल रहा है।

चौकी इंचार्ज ने बताया कि घायल युवक के मुताबिक वह बिहार का रहने वाला है। वह बिहार में व्याप्त भ्रष्टाचार से बहुत ही आजिज था। उसका कहना है कि वहां 50 से 60 प्रतिशत भ्रष्टाचार व्याप्त है। इसको लेकर वह बिहार में बहुत ही मुखर रहा। भ्रष्टाचार पर रोक लगाने को लेकर उसने बिहार सरकार और मुख्यमंत्री नितीश कुमार को कई पत्र भी लिखा।

लेकिन भ्रष्टाचार पर कोई कार्यवाही नही हुई, जिससे युवक बहुत ही दुखी था। उसने कसम खाई थी यदि बिहार में भ्रष्टाचार पर अंकुश नही लगा तो वह प्रार्थना पत्र लिखने वाले अपने हाथ का पंजा काटकर रामलला को समर्पित कर देगा।

उसी कसम को पूरा करने के लिए वह अयोध्या आया और अपने दाहिने हाथ का पंजा काटकर प्रभु श्रीराम को समर्पित किया।

# संभल में गंगा किनारे मिली सिर कटी लाश, एक महीने के भीतर तीसरी हत्या

रजपुरा। संभल में एक महीने भीतर तीसरी लाश मिली है। जिले के रजपुरा थाना क्षेत्र में रविवार को गंगा किनारे झाड़ियों में सिर कटी लाश मिली। जिसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर स्थानीय एसएसपी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतक का सिर जंगल में तलाश की लेकिन नहीं मिला। वहीं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

रविवार को भोपतपुर गांव के लोग आवारा पशुओं खेतों से बाहर निकाल रहे थे। इस दौरान टी- प्वाइंट चौकी से करीब पांच सौ मीटर की दूरी पर झाड़ियों में एक लाश दिखाई दी। जब लोग पास गए तो मृतक का सिर धड़ से गायब था। ये देखते ही गांव वालों के होश उड़ गए। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद थाना प्रभारी पवन कुमार मौके पर पहुंचे। वहीं जानकारी मिलने पर एसएसपी श्रीशचंद्र भी मौके पर पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे उन्होंने बताया कि मृतक की शिनाख्त कराने की कोशिश की जा रही है।

रजपुरा क्षेत्र में सिर कटी लाश मिलने के बाद फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड टीम को बुलाया गया। दोनों टीमों काफी देर तक सबूत ढूढ़ने की कोशिशकी। लेकिन पुलिस के हाथों कुछ नहीं लगा।

# गर्लफ्रेंड से मिलने पहुंचे लड़के की भाला और चाकू घोंपकर हत्या

एजेंसी

कुशीनगर। यूपी के कुशीनगर में रविवार की देर रात गर्लफ्रेंड से उसके घर पर मिलने पहुंचे लड़के की चाकू, भाला घोंप कर हत्या कर दी गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे लड़के के परिवार के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची तुर्कपट्टी पुलिस ने चार आरोपियों के साथ गर्लफ्रेंड को भी हिरासत में ले लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रात में ही पुलिस अधीक्षक धवल जयसवाल, एडिशनल एसपी रितेश सिंह और सीओ तमकुहीराज ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने तुर्कपट्टी पुलिस मामले में तत्काल और प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

मृतक के पिता चन्द्रशेखर प्रसाद निवासी ग्राम रहसू सोमालीपट्टी थाना पटहेरवा ने तुर्कपट्टी पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उनके बेटे विकास प्रसाद (22) का प्रेम संबंध तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के एक गांव की लड़की से था। लड़की कई बार उनके घर जा चुकी है। कुछ दिन पहले भी वह विकास के घर गई थी। वह वापस अपने घर नहीं लौटना चाहती थी। परिवार के लोगों ने बड़ी आरजू मिन्नतें करके उसे वापस भेजा था।

मारे गए लड़के के पिता ने पुलिस को बताया कि बीती रात दो अक्टूबर को विकास के पास लड़की ने फोन करके घर पर मिलने के लिए बुलाया। विकास, रात को ही मोटरसाइकिल से लड़की से मिलने के लिए उसके घर गया। देर रात सूचना मिली कि उसकी हत्या कर दी गई है। उसके बाद परिवार के लोग ग्राम प्रधान के साथ लड़की के गांव पहुंचे। विकास का शव लड़की के घर से करीब सौ मीटर दूर मिला। काफी खोजबीन के बाद भी लड़के की मोटरसाइकिल पुलिस को अब तक नहीं मिली है। सूचना पर पुलिस पहुंची और चंद्रशेखर प्रसाद के आरोपों के आधार पर लड़की और उसके परिवार के चार लोगों को हिरासत में ले लिया।

### जान से खिलवाड़, इंटर पास युवक मरीजों का कर रहा था इलाज

लखनऊ। लखनऊ में स्वास्थ्य विभाग की रविवार को दुबग्गा के अंधे चौकी निकट स्थित अमन हॉस्पिटल में छापेमारी में कोई भी प्रशिक्षित डॉक्टर नहीं मिला। अस्पस्ताल में दो मरीज भर्ती मिले। इंटर पास दो युवक मरीजों का इलाज कर रहे थे। अस्पताल में गंदगी, फायर मानक, समेत तमाम खामियां मिलने पर टीम ने हॉस्पिटल के संचालन पर रोक लगाने की संस्तुति की है। यहां भर्ती मरीजों को दूसरे अस्पताल में शिफ्ट किया जाएगा। सितम्बर में आईजीआरएस पोर्टल पर अमन हॉस्पिटल में अनियमितताओं की शिकायत की गई थी। आरोप था कि हॉस्पिटल में प्रशिक्षित डॉक्टर नहीं हैं। अस्पताल में इलाज के नाम पर मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है। सीएमओ के निर्देश पर सिल्वर जुबली यूनिट की प्रभारी डॉ. प्रियंका व एडिशनल सीएमओ डॉ. अनूप श्रीवास्तव ने अस्पताल पर औचक छापा मारा। मौके पर दो मरीज भर्ती मिले।

# स्वतंत्र भारत में पहली बार स्वच्छता महाभियान चलाया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने : स्वाती सिंह

## पूर्व मंत्री ने मिनी मैराथन दौड़ को दिखायी हरी झंडी

**लखनऊ।** पहली बार महात्मा गांधी ने एक छोटी सी बात को बड़ी मुहिम के रूप में लिया, वह थी स्वच्छता। पूरे विश्व में सर्वप्रथम स्वच्छता पर बड़ा आग्रह अभियान महात्मा गांधी ने चलाया। उनका मानना था कि स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छ रहना जरूरी है। वह सफाई को स्वयं करने के पक्ष में भी रहते थे। स्वतंत्र भारत में उनके अभियान को राष्ट्रव्यापी बनाने का काम सर्व प्रथम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया। ये बातें पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने कही। वे सुशांत गोल्फ सिटी में मिनी मैराथन प्रतियोगिता के अवसर पर बोल रही थीं।

इसके बाद हरी झंडी दिखाकर उन्होंने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। स्वाती सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी के आदर्शों को हम सभी को अपनाने की कोशिश करनी चाहिए। उसमें एक स्वच्छता भी है। स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छ रहना जरूरी है। इसके साथ ही



हमें योग और खेल पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी कारण योग को भी जागरूकता अभियान के रूप में लिया और आज योग विश्व पटल पर छा गया।

स्वाती सिंह ने कहा कि योग और स्वच्छता के माध्यम से हम 70 प्रतिशत होने वाले रोगों को टाल सकते हैं। इसके माध्यम से हम साठ साल के बाद भी निरोग रह सकते हैं। प्राणि मात्र की एक विशेषता और है। जब हम रोग गस्त हो जाते हैं, उसके बाद उसे ठीक करने के लिए तमाम अस्पतालों व संस्थानों की ओर रूख करते हैं। यदि हम पहले ही शरीर का पूरा ध्यान रखें तो फिर हमें रोग छुएगा ही नहीं।

उन्होंने कहा कि हमें योग और स्वच्छता के प्रति खुद जागरूक होते हुए दूसरों को भी सतत जागरूक करते रहना है। इसी में पूरे समाज और राष्ट्र का हित है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है और जब स्वस्थ मन होगा तो हर काम सही होगा। इस अवसर पर अंसल, लकी अवस्थी, परमजीत, शिवेन्द्र, रघुनाथ आदि उपस्थित थे।

## शार्ट न्यूज

### रुपया 42 पैसे टूटा

मुंबई। दुनिया की प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर में रही मजबूती और घरेलू स्तर पर शेयर बाजार में हुयी बिकवाली के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 42 पैसे फिसलकर 82 रुपये प्रति डॉलर की ओर लुढ़कते हुये 81.82 रुपये प्रति डॉलर पर रहा। पिछले सत्र में रुपया 81.40 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। रुपया आज 45 पैसे फिसलकर 81.85 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। सत्र के दौरान यह 81.65 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन इसी दौरान डॉलर की मांग आने तथा शेयर बाजार की बिकवाली के दबाव में यह 82 रुपये प्रति डॉलर की ओर लुढ़कते हुये 81.98 रुपये प्रति डॉलर तक फिसल गया। अंत में यह पिछले दिवस की तुलना में 42 पैसे टूटकर 81.82 रुपये प्रति डॉलर पर रहा।

### वार्डविज़र्ड ने बेचे 4,261 दोपहिया ईवी

नयी दिल्ली। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के ब्राण्ड 'जॉय ई-बाईक' के निर्माता वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ने सितम्बर 2022 में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की 4261 युनिट बेची है जो पिछले वर्ष इसी महीने में बेचे गये 2500 दोपहिया ईवी की तुलना में 70 फीसदी अधिक है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग के साथ त्योहारों के सीज़न में प्रवेश करते हुए कंपनी ने अगस्त 2022 की तुलना में 146 फीसदी बढ़ोतरी दर्ज की है जब कंपनी ने 1729 दोपहिया वाहन बेचे थे। कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक यतिन गुप्ते ने कहा ,चारों ओर त्योहारों की खुशियों और उपभोक्ताओं के सकारात्मक रूझानों के चलते बाज़ार में मांग तेज़ी से बढ़ी है। इलेक्ट्रिक परिवहन के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर और आपूर्ति श्रृंखला में लगातार सुधार हो रहा है, ऐसे में सभी टचपॉइन्ट्स पर हमारे प्रोडक्ट्स की मांग बढ़ रही है। त्योहारों के सीज़न के बीच निजी परिवहन की लगातार बढ़ती ज़रूरत के चलते, हमें आने वाले समय में रीटेल में और अधिक सुधार की उम्मीद है। न सिर्फ घरेलु बाज़ार में बल्कि विश्वस्तरीय बाज़ारों में भी अपनी मौजूदगी को सशक्त बनाते हुए, हमने सितम्बर माह में नेपाल में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री शुरू की और अब अन्य विश्वस्तरीय बाज़ारों में नए अवसरों पर ध्यान दे रहे हैं। बाज़ार की मौजूदा संभावनाओं को देखते हुए बहुत अधिक आशावादी हैं।

### पीडब्ल्यू ने गेट की तैयारियां कराने में रखा कदम

नयी दिल्ली। छात्रों को अंडरग्रेजुएट टेस्ट की तैयारी कराने में मिली सफलता से उत्साहित एडटेक प्लेटफॉर्म पीडब्ल्यू (फिजिक्सवाला) ने गेट परीक्षा की तैयारी कराने के क्षेत्र में कदम रखा है। पीडब्ल्यू के नए वर्टिकल गेट वाला को इंजीनियरिंग ग्रेजुएट्स के लिए डिजाइन किया गया है, जिन्हें ग्रेजुएशन के बाद अपने कॅरियर की सही राह चुनने के लिए काफी कठिनाइयां झेलनी पड़ती हैं। ऐसा मुख्य रूप से अच्छी गुणवत्ता वाले किफायती कंटेंट तक ना पहुंच पाने के कारण होता है। कंपनी ने आज कहा कि गेट वाला का नेतृत्व द्रोण नामक एक नई टीम कर रही है, जिसमें भारत के सर्वश्रेष्ठ टीचर शामिल हैं। इस प्रोग्राम का उद्देश्य गेट एग्जाम की तैयारियों में स्टूडेंट्स की मदद करना है। यह टॉप मास्टर्स प्रोग्राम में छात्रों को दाखिला दिलाते हैं। इससे उन्हें सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में नौकरी मिलने में भी मदद मिलती है। पीडब्ल्यू के संस्थापक और सीईओ अलख पांडे ने कहा, हम गेट वाला की घोषणा कर काफी उत्साहित हैं। अंडरग्रेजुएट कैटेगरी के स्टूडेंट्स को हम टेस्ट की तैयारी कराते हैं और हमने काफी शानदार नतीजे दिए हैं। अब हम अपने इस नए प्रयास से भी ग्रेजुएट्स को सशक्त बनाएंगे। पीडब्ल्यू के साथ लंबे समय से जुड़े अंडरग्रेजुएट्स पीजी की श्रेणी में प्रोग्राम लॉन्च करने का अनुरोध कर रहे थे, इसलिए हम गेट के साथ अपना सफर शुरू कर रहे हैं। यह पहल गेट के उम्मीदवारों के लिए गुणवत्तापूर्ण और किफायती दर पर शिक्षा मुहैया कराने की हमारी प्रतिबद्धता पर जोर देती है। हम आने वाले वर्षों में अपने पोर्टफोलियो में कई दूसरे प्रोग्राम भी जोड़ना जारी रखेंगे।

### पीएसबी का आईआईएफएल और कापरी ग्लोबल के साथ समझौता

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एण्ड सिंध बैंक (पीएसबी) ने आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड और कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड के साथ को-लेंडिंग समझौता किया है। बैंक ने आज यहां जारी बयान में कहा कि इसके माध्यम से एमएसएमई और गृह ऋण को आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार वित्तपोषण समाधान प्रदान किया जा सके। इन समझौतों के द्वारा बैंक का लक्ष्य खुदरा और एमएसएमई क्षेत्र के उधारकर्ताओं को किफायती दर पर ऋण प्रदान करना है। बैंक इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, इंडियाबुल्स कमर्शियल क्रेडिट लिमिटेड और यूग्रो कैपिटल लिमिटेड के साथ पहले ही को-लेंडिंग समझौता किया हुआ है । बैंक के अनुसार, चालू वित्त्त वर्ष में बैंक विभिन्न वित्तीय संस्थानों तथा फिनटेक के साथ को-लेंडिंग के लिए अग्रसर है ताकि खुदरा, कृषि एवं सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के अंतर्गत आसान शर्तों तथा कम ब्याज दरों पर जरुरतमंदों को ऋण प्रदान किया जा सके।

### एक्ज़िम बैंक ने मालदीव को प्रदान की 10 करोड़ डॉलर की ऋण-व्यवस्था

नयी दिल्ली। भारतीय निर्यात-आयात बैंक (एक्ज़िम बैंक) ने भारत सरकार की ओर से मालदीव सरकार को 10 करोड़ डॉलर की ऋण-व्यवस्था प्रदान की है। एक्जिम बैंक ने आज यहां बताया कि यह ऋण-व्यवस्था विकास परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए प्रदान की गई है। इस ऋण-व्यवस्था करार पर रविवार को माले में आयोजित एक कार्यक्रम में हस्ताक्षर किये गये। इस परप मालदीव के वित्त मंत्री इब्राहिम अमीर और एक्जिक बैंक के महाप्रबंधक निर्मित वेद ने हस्ताक्षर किए। इसके साथ ही एक्ज़िम बैंक द्वारा भारत सरकार की ओर से मालदीव सरकार को अब तक 1.43 अरब डॉलर की कुल छः ऋण-व्यवस्थाएं प्रदान की जा चुकी हैं। मालदीव सरकार को प्रदत्त ये ऋण-व्यवस्थाएं ग्रेटर माले कनेक्टिविटी परियोजना, जल एवं सीवरेज परियोजना, अड्डू विकास परियोजना, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम परियोजना, रक्षा परियोजनाओं, गुलीफल्हु बंदरगाह परियोजना, हनिमाधू हवाई अड्डा परियोजना, गन हवाई अड्डा परियोजना, मत्स्य परियोजना, सड़क निर्माण परियोजना एवं खेल संबंधी बुनियादी ढांचागत विकास के लिए प्रदान की गई हैं।

### रिलायंस ज्वेल्स ने फेस्टिव सीजन में लॉंच किया महालया कलेक्शन

नयी दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की सहायक इकाई रिलायंस ज्वेल्स ने इस बार त्योहारों के अवसर पर सोने और हीरे के आभूषणों के कलेक्शन महालया को लॉन्च किया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह कलेक्शन महाराष्ट्र के वैभव और यहाँ की शोभा से प्रेरित है, जिसे आने वाले पावन व पुनीत त्योहारों के उपलक्ष्य में बाजार में उतारा गया है। महालया नाम महानता और सुंदरता की चरम सीमा का प्रतीक है, जिसमें महा का मतलब महान और आलय का मतलब सौंदर्य है, जो महाराष्ट्र में जीवन के लगभग सभी पहलुओं में पाया जाता है। महाराष्ट्र में ऐसे कई पहलू हैं जो इस क्षेत्र की शोभा और वैभव को समेटे हुए हैं, जो यहाँ जीवन के लगभग सभी पहलुओं में और उनकी समृद्ध विरासत में दिखाई देता है। रिलायंस ज्वेल्स का महालया कलेक्शन भी पैठनी की जगमगाती बुनाई से लेकर वर्ली के आकर्षक दृश्यों तक, तथा पहाड़ियों एवं घाटियों को कुदरती खूबसूरती से लेकर रॉयल रेगेलिया के रूप में भव्य किलों एवं महलों से प्रेरित है ।ग्राहक विभिन्न प्रकार के जटिल डिजाइनों और बेहद कलात्मक रूप से तैयार किए गए आभूषणों में से अपने पसंदीदा आभूषण चुन सकते हैं, जो इन सभी चीजों की प्रेरणा को समाहित करते हैं। हालांकि कंपनी के डिज़ाइनर अलग-अलग क्षेत्रों से प्रेरणा लेते हैं, लेकिन आखिरकार ज्वेलरी कलेक्शन को प्रत्येक भारतीय महिला की पसंद को ध्यान में रखते हुए तैयार किया जाता है। इस कलेक्शन को 22 कैरेट सोने में तैयार किए तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणित खूबसूरत हीरों के साथ नेकलेस सेट, पेन्डेन्ट सेट, मंगलसूत्र, झुमके, अंगूठियों, कंगन और चूड़ियों के रूप में डिजाइन किया गया है।

# शेयर बाजार में बिकवाली, सेंसेक्स और निफ्टी एक फीसद गिरा

मुंबई। वैश्विक स्तर से मिले नकारात्मक संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर हुयी चौतरफा बिकवाली के कारण शेयर बाजार में फिर से तेजी बिकवाली हुयी जिससे सेंसेक्स और निफ्टी में एक फीसदी से अधिक की गिरावट दर्ज की गयी।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 638.11 अंक टूटकर 56788.81 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 207 अंक उतरकर 16887.35 अंक पर रहा। इस दौरान मझौली कंपनियों में भी तीव्र बिकवाली देखी गयी लेकिन छोटी कंपनियों पर इसका असर कम रहा। बीएसई का मिडकैप 1.24 प्रतिशत उतरकर 24546 अंक पर और स्मॉलकैप 0.81 प्रतिशत गिरकर 28300.22 अंक पर रहा।

बीएसई में हेल्थकेयर 0.81 प्रतिशत और टेलीकम्युनिकेशंस 0.43 प्रतिशत की बढ़त को छोड़कर शेष सभी समूहों में बिकवाली हुयी जिसमें पावर में सबसे अधिक 3.24 प्रतिशत और टेक में सबसे कम 0.75 प्रतिशत उतर गया। बीएसई में कुल मिलाकर 3704 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2120 गिरावट में और 1431 बढ़त में रही जबकि 153 में कोई बदलाव नहीं हुआ।




वैश्विक स्तर पर अधिकांश प्रमुख सूचकांक लाल निशान में रहा। जापान के निक्केई की 1.07 प्रतिशत की बढ़त को छोड़कर सभी प्रमुख सूचकांक गिरावट में बंद हुये जिसमें ब्रिटेन का एफटीएसई 0.53 प्रतिशत, जर्मनी का डैक्स 0.50 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.83 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.55 प्रतिशत शामिल है।

बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 23 अंकों की मामूली गिरावट लेकर 57403.92 अंक पर खुला। सत्र के शुरूआती कारोबार में ही यह 57454.84 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन इसके बाद शुरू हुयी बिकवाली का दबाव अंतिम सत्र तक बना रहा जिससे यह 56683.40 अंक के निचले स्तर तक उतर गया। अंत में यह पिछले दिवस के 57426.92 अंक की तुलना में 638.11 अंक अर्थात 1.11 प्रतिशत टूटकर 56788.81 अंक पर रहा। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से 26 को नुकसान उठाना पड़ा जबकि मात्र चार हरे निशान में रही।

एनएसई का निफ्टी 8 अंकों की बढ़त के साथ 17102.10 अंक के स्तर पर खुला। सत्र के दौरान यह 17114.65 अंक के उच्चतम और 16855.55 अंक के निचले स्तर के बीच रहा। अंत में यह पिछले दिवस के 17094.35 अंक की तुलना में 1.21 प्रतिशत अर्थात 207 अंक गिरकर 16887.35 अंक पर रहा। निफ्टी में शामिल 50 कंपनियों में से 42 को नुकसान उठाना पड़ा जबकि आठ बढ़त बनाने में सफल रही।

## एनपीजी ने तीन सड़क संपर्क परियोजनाओं की सिफारिश की

नयी दिल्ली। पीएम गतिशक्ति के संस्थागत ढांचे के तहत गठित नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) ने 3 महत्वपूर्ण सड़क संपर्क परियोजनाओं की सिफारिश की है। ये परियोजनाएं हैं गाजीपुर-बलिया-उत्तर प्रदेश/बिहार राज्य सीमा से फोर लेन हाईवे का निर्माण, उत्तर प्रदेश में मौजूदा सड़क का 2-लेन से 4-लेन में सुधार और अपग्रेड करना एवं उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड में मुरादाबाद और काशीपुर बाईपास का निर्माण।

मल्टीमोड, आसान आवागमन और भूमि अधिग्रहण की दृष्टि से सड़क मार्गों के सुधार और उन्नयन के लिए ये तीनों परियोजनाएं बहुत महत्वपूर्ण हैं। एनपीजी की 33वीं बैठक में प्रस्ताव के एक भाग के रूप में, 3 महत्वपूर्ण एजेंडों पर चर्चा की गई और गाजीपुर-बलिया-उत ?तर प्रदेश/बिहार राज्य सीमा से फोर लेन हाईवे के निर्माण की सिफारिश की गयी।

उत्तर प्रदेश में बेहतर माल ढुलाई और अंतरराज्यीय मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी एवं लखनऊ, वाराणसी, आजमगढ़ और मऊ शहरों के आर्थिक केंद्रों को जोड़ने के लिए एक 4-लेन राजमार्ग (ग्रीनफील्ड में) का प्रस्ताव किया गया था।

यह दक्षिण बिहार से दिल्ली तक सबसे छोटी कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा। बक्सर में गंगा नदी पर एक पुल का निर्माण (स्पर) छोटे रास्ते के साथ किया जा रहा है जो दक्षिण बिहार से दिल्ली की कनेक्टिविटी को बढ़ाएगा। यह राजमार्ग दो बिंदुओं (बनारस और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे) पर लखनऊ रक्षा गलियारे की सेवा करेगा।

इसके साथ ही उत्तर प्रदेश में मौजूदा सड़क का 2-लेन से 4-लेन में सुधार और उन्नयन की भी सिफारिश की गयी है। सड़कों के उन्नयन और सुधार के लिए 2 लेन की सड़कों को 4 लेन बनाने का प्रस्ताव था। पलिया-शाहजहांपुर-हरदोई-लखनऊ के लिए 4 लेन बाइपास का प्रस्ताव है। यह परियोजना गृह मंत्रालय की भारत-नेपाल सीमा सड़क परियोजना (आईएनबीआरपी) की रणनीतिक सीमा सड़कों का एक हिस्सा है जो भारत-नेपाल सीमा से संपर्क प्रदान करती है। यह एसएसबी गतिशीलता को सुविधाजनक बनाती है। यह बारदोई राष्ट्रीय उद्यान से कनेक्टिविटी भी सुनिश्चित करेगा। इससे माल ढुलाई और यातायात की आवाजाही भी बढ़ेगी।

उत ?तर प्रदेश, उत्तराखंड में मुरादाबाद और काशीपुर बाईपास के निर्माण की भी सिफारिश की गयी है। भीड़-भाड़ कम करने और यात्रा के समय को कम करने के लिए एक 4-लेन बाईपास परियोजना (ब्राउनफील्ड) का प्रस्ताव था।

यह परियोजना क्षेत्र के प्रमुख आर्थिक केंद्रों को जोड़ने वाले उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड-बाईपास के बीच अंतरराज्यीय संपर्क प्रदान करती है। यह भारत-बांग्लादेश और भारत-भूटान-बांग्लादेश के लिए एक व्यापार मार्ग के रूप में सेवा प्रदान करेगा। यह जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क को कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।

नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप के सदस्यों ने आगे एकीकृत योजना और समकालिक कार्यान्वयन अवधारणाओं के कुछ घटकों का सुझाव दिया है और परियोजनाओं के लिए तेजी से मंजूरी और समर्थन सुनिश्चित किया है। पीएम गतिशक्ति एनएमपी के माध्यम से आने वाले वर्षों में इन परियोजनाओं को लागू करना संभव होगा।

एनपीजी में रेल मंत्रालय, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, ऊर्जा, पीएनपी, डीओटी, सीए, पीएसडब्ल्यू, परिवहन विभाग, बंदरगाह एवं जलमार्ग, पीडब्ल्यूडी, पीएसयू, पीएमटी, डीएसएसएम और पीपीपी सहित बुनियादी ढांचा मंत्रालयों के योजना प्रभागों के प्रमुख और नीति आयोग तथा ईएफ एंड सीसी के लॉजिस्टिक प्रभाग के विशेष प्रतिनिधि शामिल हैं। डीपीआईआईटी पीएम गतिशक्ति के सचिवालय के रूप में कार्य करता है।

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वैश्विक बाजार में लगभग तीन सप्ताह से कच्चे तेल की कीमतों के दबाव में रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम सोमवार को भी स्थिर रहे। कच्चे तेल की कीमत 90 डॉलर प्रति बैरल से नीचे चल रही है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लंदन ब्रेंट क्रूड आज 2.58 प्रतिशत बढ़कर 87.34 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड भी 2.70 प्रतिशत की बढ़ोतरी से 80.85 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है।




देश में पिछले चार महीने से ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल के दाम 106.31 रुपये प्रति लीटर और और डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है।

पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

## वित्तीय समावेशन को बढ़ाने के लिए 15 अक्टूबर से विशेष अभियान

नयी दिल्ली। देश में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वित्त मंत्रालय 15 अक्टूबर से 26 नवंबर तक देश के सात जिलों में ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष अभियान का आयोजन करेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के कार्यालय ने आज चार ट्विट के माध्यम से यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि वित्तीय समावेशन फ्रेमवर्क की पहुंच को अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से वित्तीस सेवा विभाग देश के छह राज्यों के सात जिलों में यह विशेष अभियान संचालित करेगा। इन सात जिलों में औडिसा का कटक, महाराष्ट्र का औरंगाबाद और पुणे, आंध्र प्रदेश का काकिनाडा, उत्तर प्रदेश का कौशांबी, मध्य प्रदेश का दतिया और असम का बारपेटा शामिल है।

इस दौरान संबंधित ग्राम पंचायतों में सभी योग्य लोगों के बैंक खाता, बीमा और पेंशन स्कीम आदि से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान के दौरान किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) और स्व सहायता समूहों को कोल्ड चैन इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने के लिए ऋण का भी वितरण किया जायेगा।

## एंट्री लेवल 5जी मोबाइल पर भी हो सकेगी हाई-एंड गेमिंग

नयी दिल्ली 03 अक्टूबर (वार्ता) गेमिंग उद्योग की शक्ल पूरी तरह बदलने वाली है। अब हाई-ग्राफिक या कहें हाई-एंड गेमिंग खेलने के लिए मंहगे गैजेट्स की जरूरत नहीं रह जाएगी। 5जी टेक्नोलॉजी से अब एंट्री लेवल 5जी मोबाइल फोन रखने वाले गेमर्स भी हाई-एंड गेम खेलने का मजा ले सकेंगे। मोबाइल, लैपटॉप, पीसी और जियो सेट टॉप बॉक्स किसी पर भी हाई-ग्राफिक्स/हाई-एंड गेम खेले जा सकेंगे।

रिलायंस जियो का दावा है कि यह उसकी क्लाउड गेमिंग टेक्निक के जरिए संभव हो सका है। जियो की क्लाउड गेमिंग टेक्निक से उम्मीद लगाई जा रही है कि इससे देश में ई-स्पोर्ट्स को बढ़ावा मिलेगा। रिलायंस जियो ने इस क्लाउड गेमिंग टेक्नोलॉजी को दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रही इंडिया-मोबाइल-कांग्रेस में प्रदर्शित किया है।

भारतीय प्रोफेशनल गेमर्स को भी अब इंटरनेशनल प्लेयर्स की तरह हाई स्पीड व लो लेटेंसी मिलेगी। वे अपने मोबाइल पर ही इंटरनेशनल गेमिंग टूर्नामेंट की प्रैक्टिस कर सकेंगे। प्रैक्टिस ज्यादा होगी तो इंटरनेशनल रैंक भी सुधरेगा। और सबसे अच्छी बात यह कि इसके लिए उन्हें फाइबर या डेडिकेटिड लीज लाइन की जरूरत नही पड़ेगी।

5जी का पिंग रेट या कहें लेटेंसी रेट 4जी के मुकाबले बेहद कम है इसलिए प्रोफेशनल गेमर्स एक ही वक्त में कई मल्टीपल कमांड देने के साथ कई मल्टीपल स्क्रीन को भी ऑपरेट कर सकते हैं। 5जी के आने से स्पीड तो बढ़ेगी ही गेम में इस्तेमाल होने वाले ग्राफिक्स और एनिमेशन्स का लेवल भी कई गुना बढ़ जाएगा।

गेमिंग में एक और रोचक आयाम जुड़ने वाला है और वह है 'गेम लाइव स्ट्रीमिंग' और 'लाइव कमेंट्री'। रिलायंस जियो की इस टेक्नोलॉजी के जरिए, गेम खेलने के साथ साथ अब इसका लाइव टेलिकॉस्ट 'जियो गेम वॉच' पर किया जा सकेगा। भारतीय ई-स्पोर्ट्स में यह जान फूंक देगा।

जियो गेम वॉच पर गेमिंग स्क्रीन के टेलिकॉस्ट के साथ गेमर्स लाइव कमेंट्री में भी हाथ आजमा सकते हैं। एक ही गेम को एक ही समय पर कई लोग अपने अपने चैनल पर अपनी कमेंट्री के साथ लाइव टेलिकॉस्ट कर पाएंगे। क्रिकेट की तरह कमेंट्री होने से भारत में ई-स्पोर्ट्स को चाहने वालों की तादाद में भी ईजाफा होगा। यह टेक्नोलॉजी प्रोफेशनल गेमर्स के साथ ई-स्पोर्ट्स के दीवानों को भी आकर्षित करेगी।

## जीएसटी सिस्टम के सपोर्ट में है रोजगार के भरपूर अवसर

एजेंसी

नयी दिल्ली। अकाउंटिंग स्किल के विकास से जीएसटी सिस्टम द्वारा सृजित रोजगार के अवसरों का लाभ उठाया जा सकता है और अकाउंटिंग के क्षेत्र में दक्षता लाने में मदद करने वाले कई ऐसे ऑनलाइन और ऑफलाइन संस्थान है जो इसमें युवाओं को नन्न सिर्फ मदद कर रहे हैं बल्कि उन्हें रोजगार के योग्य भी बना रहे हैं।

टैक्स4वेल्थ जैसे ई लर्निंग प्लेटफार्म वर्तमान में जीएसटी आदि के संदर्भ में अकाउंटिंग स्किल विकास के लिए सुव्यवस्थित और सुनियोजित ट्रेनिंग प्रोग्राम पर ही ध्यान दे रहे हैं। इसके संस्थापक एवं सीईओ हिमांशु




कमार ने यहां कहा कि देश में कर क्षेत्र में क्रांतिकारी सुधार लाने के लिए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को लाया गया था। समय के साथ देश में जीएसटी सिस्टम अपनी प्रासंगिकता को साबित करती जा रही है। जीएसटी प्रणाली में बड़ी संख्या में अकाउंटिंग प्रोफेशनल की आवश्यकता को भी पैदा किया है। इसी कारण जीएसटी प्रणाली को सपोर्ट करने के लिए रोजगार के भी पर्याप्त अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जीएसटी सिस्टम के माध्यम से कर प्रणाली को सरल और आधुनिक प्रयास किया जा रहा है लेकिन जीएसटी रिटर्न आदि प्रक्रियाओं को संपादित करने के लिए उच्च स्तरीय अकाउंटिंग स्किल की आवश्यकता होती है। इस अकाउंटिंग स्किल के विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण समुचित ट्रेनिंग ही होता है। ट्रेनिंग ही किसी भी अकाउंटिंग प्रोफेशनल को एक्सपर्ट बनाता है। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए टैक्स4वेल्थ जैसे ई लर्निंग प्लेटफार्म, ऐसे जॉब प्लेसमेंट वाले ट्रेनिंग प्रोग्राम को संचालित कर रहे हैं, जो अकाउंटिंग स्किल के विकास पर पूरी तरह केंद्रित रहता है। उन्होंने कहा कि जीएसटी रिटर्न फाइल करने में सरकार द्वारा जारी समय सीमा के भीतर काम कर देना, रियल डाटा वर्क का प्रैक्टिकल अनुभव, स्किल विकास के ट्रेनिंग मॉड्यूल का परिपालन आदि कुछ ऐसे तथ्य हैं जो एकाउंटिंग प्रोफेशनल को दक्ष बना देते हैं। एक बार जब कोई अकाउंटिंग सेक्टर में कैरियर को विकसित करने की चाहत रखनेवाला युवा अपने स्किल को विकसित कर लेता है तो उसके लिए जीएसटी के संदर्भ में ही रोजगार और स्वरोजगार के प्रचुर अवसर उत्पन्न हो जाते है। इन अवसरों का लाभ उठाकर, जहां कैंडिडेट अपना कैरियर शानदार बना लेता है।

## भूपेश ने 300 रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का किया भूमिपूजन और शिलान्यास

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज गांधी जयंती पर अपनी सरकार की महत्वाकांक्षी 'महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क योजना' का शुभारंभ करते हुए 300 रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का भूमिपूजन और शिलान्यास किया।

बघेल ने इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी के स्वावलंबी और आत्मनिर्भर गांवों के सपने को साकार करने में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस योजना के माध्यम से गांवों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में मजबूती से कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में 300 रूरल इंडस्ट्रियल पार्क विकसित किए जा रहे हैं।

इसके लिए गौठानों में एक से तीन एकड़ भूमि में पार्क के लिए आरक्षित की गई है। प्रथम चरण में प्रत्येक विकासखण्ड में दो गौठानों को रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है। राज्य सरकार के बजट में इस योजना के लिए 600 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

स्वीकृत सभी रूरल इंडस्ट्रियल पार्कों को एक-एक करोड़ रूपए की राशि उपलब्ध कराई गई है।

## प्लास्टिक सर्कुलेटरी पर जागरूकता पैदा करने के लिए प्लॉग रन का आयोजन

एजेंसी

नयी दिल्ली। महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर आज पेप्सिको इंडिया ने गैर सरकारी संगठन द सोशल लैब के साथ मिल प्लॉग रन का आज राजधानी में आयोजन किया।

सरकार के स्वच्छता ही सेवा और स्टे फिट इंडिया अभियानों के अनुरूप इस कार्यक्रम को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में रवाना किया गया है। प्लॉग रन 2022 प्लास्टिक सर्कुलेटरी पर जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ सर्वश्रेष्ठ फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण को जोड़ती है।

इसका उद्देश्य व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देना और अपने इच्छित जीवनकाल से परे प्लास्टिक के उपयोग को प्रदर्शित करना है। इस कार्यक्रम में पेप्सिको इंडिया के कर्मचारियों सहित सैकड़ों स्वयंसेवकों ने जॉगिंग की और साथ ही साथ इस्तेमाल किए गए प्लास्टिक कचरे को उठाया। प्लॉग रन में दिल्ली विश्वविद्यालय, एमिटी विश्वविद्यालय सहित अन्य प्रमुख स्थानीय विश्वविद्यालयों के स्वयंसेवकों ने भी भाग लिया।

इस रन को लेकर पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा, हमें यह देखकर खुशी हो रही है कि स्वच्छ भारत दिवस मनाने और एक महत्वपूर्ण पहल में शामिल होने के लिए पूरा शहर एक साथ आया है, जो स्वच्छता ही सेवा और स्टे फिट इंडिया पर जागरूकता पैदा करने पर केंद्रित है। समुदायों के इस तरह के संयुक्त प्रयास से वास्तविक व्यवहार में बदलाव आता है। प्लॉग रन प्लास्टिक कचरा प्रबंधन के बारे में जागरूकता पैदा करने का एक शानदार तरीका है।

## इंडिया मोबाइल कांग्रेस में कीजिये 5जी का लाइव अनुभव

नयी दिल्ली। राजधानी के प्रगति मैदान में चल रहे इंडिया मोबाइल कांग्रेस के छठवें संस्करण में 5 जी प्रौद्योगिकी का लाइव अनुभव किया जा सकता है। देश की प्रमुख दूरसंचार कंपनियां रिलायंस जियो, भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया ने अपने अपने पवेलियन में 5 जी के विभिन्न क्षेत्रों में उपयोग का लाइव प्रदर्शन कर रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल इसका शुभारंभ करने के साथ ही देश में 5जी को भी लॉंच किया था और उन्होंने उपभोक्ताओं विशेषकर युवाओं को अगली पीढ़ी की 5 जी प्रौद्योगिकी का अनुभव पाने क`लिए आमंत्रित भी किया था।

इसीक्रम में वोडाफोन आइडिया (वी) ने कहा है कि 5 जी, इंडस्ट्री 4.0 में प्रवेश कर डिजिटल अर्थव्यवस्था के विकास को गति प्रदान करेगा, उद्यमों की दक्षता एवं उत्पादकता बढ़ाएगा, हमारे शहरों कारोबारों एवं नागरिकों को स्मार्ट और सुरक्षित समाधान उपलब्ध कराएगा। उद्योग जगत में विभिन्न साझेदारियों के माध्यम से वी ने आने वाले कल के उद्यमों एवं उपभोक्ताओं के लिए भारत-विशिष्ट यूज़ केसेज़ की व्यापक रेंज का विकास किया है। आईएमसी 2022 के दौरान वी, क्लाउड गेमिंग,

वीआर, 5 जी रन के माध्यम से 5 सीवाओं की एक झलक पेश कर रहा है, साथ ही स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से जुड़े यूज़केसेज़ का प्रदर्शन भी कर रहा है। वोडाफोन आइडिया के सीईओ अक्षय मूंदरा ने कहा ''वी, 5 जी टेक्नोलॉजी के साथ विकास की नई यात्रा के लिए तैयार है जहां असंख्य डिजिटल समाधानों से युक्त कनेक्टेड दुनिया जीवन जीने का नया तरीका होगी। वी के 5 जी टेकनोलॉजी समाधान विभिन्न क्षेत्रों में असंख्य संभावनाओं के नए दौर का प्रदर्शन करते हैं और भारत में तकनीकी प्रगति का वादा करते हैं। अगले कुछ सालों में वी 5 जी नेटवर्क और सेवाओं की प्रगतिशील शुरूआत के साथ, मुझे विश्वास है कि हमारे 5 जी समाधान एक ऐसे कल का निर्माण करेंगे जो उपभोक्ताओं को बेहतर अनुभव प्रदान करेगा, उनके कारोबार के परफोर्मेन्स में सुधार लाएगा, लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करेगा तथा देश में डिजिटल अर्थव्यवस्था के विकास को गति प्रदान करेगा। अपनी एंटरप्राइज़ पेशकश को सशक्त बनाने तथा 5 जी के उभरते दौर में कारोबारों को विकास के नए अवसर उपलब्ध कराने के प्रयास में, वी उद्यमों के लिए भावी समाधानों की व्यापक रेंज पेश कर रहा है। इनमें कई क्रान्तिकारी इनोवेशन शामिल हैं जैसे-कनेक्टेड हेल्थकेयर, जो एल एण्ड टी स्मार्ट वर्ल्ड के साथ साझेदारी में रियल टाईम में मरीज़ों को रिमोट तरीकों से चिकित्सा विशेषज्ञों एवं एम्बुलेन्स सेवाओं के साथ जोड़ेगा और उन्हें एमरजेन्सी चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराएगा; मजदूरों की सुरक्षा -जो निजी मोबाइल नेटवर्क के अग्रणी तकनीक प्रदाता एथोनेट एवं टाटा कम्युनिकेशन्स ट्रांसफोर्मेशन सर्विसेज़ के साथ साझेदारी में डिजिटल ट्विन के ज़रिए मजदूरों की सुरक्षा को सुनिश्चित करेगा जो, 5 जी क्षमता का उपयोग कर मुश्किल निर्माणाधीन साईट का डिजिटल ट्विन तैयार करेगा, इससे रिमोट तरीकों से रियल टाईम में साईट पर निगरानी रखी जा सकेगी; प्राइवेट नेटवर्क सोल्युशन जो एल एण्ड टी स्मार्ट वर्ल्ड और नोकिया के साथ विकसित यूज़ केसेज़ के माध्यम से बड़ी युनिट में कनेक्टिविटी की ज़रूरतों को पूरा करेगा; एल एण्ड टी स्मार्ट वर्ल्ड के साथ साझेदारी में 5 जी नेटवर्क और एआई के उपयोग से सार्वजनिक सुरक्षा; आईओटी ऑटोनोमस गाइडेड व्हीकल (एजीवी) आदि शामिल है।

## शार्ट न्यूज

### शूटिंग में कमाल दिखाने वाले संजय शर्मा सम्मानित



लखनऊ। शूटिंग के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल करने वाले अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार शर्मा को स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया एवं खेल जगत फाउंडेशन ने सोमवार को 'प्रदेश खेल रत्न सम्मान से नवाजा। शर्मा ने नयी दिल्ली में पिछले महीने हुई 45वीं यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में पांच स्वर्ण एवं तीन कांस्य पदक सहित कुल आठ पदक जीते थे। रजत पीजी गर्ल्स कॉलेज के प्रांगण में आयोजित समारोह में स्पोर्टस नेटवर्क इंडिया के निदेशक आनंद किशोर पांडेय डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपित प्रो मनोज दीक्षित के अलावा अमेरिका से आए ताइक्वाण्डो के ग्रैंड मास्टर अभय सिंह राठौर मौजूद थे।

### चंबा की सीमा ने राष्ट्रीय खेलों में जीता स्वर्ण

हमीरपुर/गांधीनगर। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के आंतरिक क्षेत्रों से आने वाली दुबली-पतली लड़की सीमा ने सोमवार को यहां 36वें राष्ट्रीय खेलों में 10,000 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। सीमा ने 33 मिनट आठ सेकेंड के समय के साथ दौड़ में पहला स्थान हासिल किया। हरियाणा की भारती दूसरे और उत्तर प्रदेश की कविता यादव तीसरे स्थान पर रहीं। इससे पहले सीमा ने शनिवार को 5000 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता था। राष्ट्रीय खेलों में उनके प्रदर्शन से युवाओं में काफी उत्साह है। हिमाचल प्रदेश की 21 वर्षीय धावक ने स्नातक की पढ़ाई पूरी कर ली है और भोपाल में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अभ्यास करने वाली एथलीट हैं। सीमा के शुरुआती कोच केहर सिंह पटियाल ने कहा कि उन्हें अपनी प्रशिक्षु के प्रदर्शन पर गर्व है। राष्ट्रीय खेल प्राधिकरण (साई) के धर्मशाला केंद्र के कोच पटियाल ने कहा कि सीमा के धर्मशाला आने के बाद से उन्हें पता था कि वह राष्ट्रीय स्तर की एथलीट बनेंगी, और उन्होंने राष्ट्रीय खेलों में दो पदक जीतकर यह साबित किया है।

### रेंजर्स को हराकर खिताब के करीब पहुंची हॉप्स

नयी दिल्ली। महिला प्रीमियर लीग खिताब की दावेदार हॉप्स एफसी ने सोमवार को एकतरफा मुकाबले में रेंजर्स क्लब को 6-1 से हराकर लगातार चौदहवां मैच जीता। दिन के पहले मैच में ईव्स स्पोर्ट्स क्लब ने संजना के गोल से ग्रोइंग स्टार को 1-0 से परास्त किया। हॉप्स की जीत का आकर्षण ममता के दो शानदार गोल रहे। पूजा, तनु, संतोष और आरती ने एक-एक गोल बांटे। पराजित टीम का इकलौता गोल दिनाक्षी ने लंबी दूरी से किया। ईव्स ने आज की जीत के साथ 14 मैचों में 12 अंक बना लिए हैं, जबकि ग्रोइंग के 13 मैचों में 17 अंक हैं। शीर्ष पर चल रहे हॉप्स एफसी ने सभी 14 मैच जीतकर खिताब हासिल करने की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली है। गढ़वाल और सिग्नेचर ने 12 मैच खेलकर 27 और 25 अंक जुटाए हैं।

### निचले क्रम के संघर्ष ने सौराष्ट्र को संभाला

राजकोट। सौराष्ट्र ने शेल्डन जैक्सन (71), अर्पित वसावडा (55), प्रेरक मांकड (72) और जयदेव उनाडकट (78 नाबाद) के अर्द्धशतकों की बदौलत ईरानी ट्रॉफी 2022 में शेष भारत के खिलाफ दूसरी पारी में तीसरे दिन सोमवार को 368 रन बना लिये। पहली पारी में 276 रन से पिछड़ने के बाद सौराष्ट्र ने 92 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली है। तीसरे दिन 38/2 के स्कोर से शुरुआत करते हुए सौराष्ट्र ने चिराग जानी (06), धर्मेंद्रसिंह जडेजा (25) और चेतेश्वर पुजारा (01) के विकेट जल्दी गंवा दिये। इन तीनों बल्लेबाजों को कुलदीप सेन (85/3) ने आउट किया। सौराष्ट्र की आधी टीम 87 रन पर पवेलियन लौटने के बाद शेल्डन और अर्पित ने छठे विकेट के लिये 117 रन की साझेदारी की। शेल्डन ने 204 रन के टीम स्कोर पर आउट होने से पहले 117 गेंदों पर आठ चौकों और तीन छक्कों की बदौलत 71 रन बनाये। अर्पित 11 रन के बाद सौरभ की गेंद पर पगबाधा हो गये। अर्पित ने 127 गेंदों की अपनी पारी में सात चौके और एक छक्का लगाकर 55 रन बनाये। सौराष्ट्र अब भी 61 रन से पिछड़ी हुई थी। इसके बाद कप्तान उनाडकट और मांकड ने मोर्चा संभालते हुए आठवें विकेट के लिये 144 रन जोड़े, जो सौराष्ट्र के लिये मैच की सबसे बड़ी साझेदारी थी। जयंत यादव की छोटी गेंद पर प्रहार करते हुए मांकड आउट हो गये। उन्होंने 83 गेंदों पर नौ चौकों के साथ 72 रन बनाये, जबकि उनाडकट 116 गेंदों पर आठ चौकों और दो छक्कों के साथ 78 रन बनाकर नाबाद हैं। दिन का खेल खत्म होने तक सौराष्ट्र ने आठ विकेट के नुकसान पर 368 रन बना लिये हैं और उनाडकट के साथ पार्थ भुट छह रन बनाकर विकेट पर मौजूद हैं।

### सुरिंदर सिंह भापा सुरजीत हॉकी सोसायटी के महासचिव नियुक्त

जालंधर। सुरिंदर सिंह भापा और रनबीर सिंह टुट्ट को देश के प्रसिद्ध खेल संगठन सुरजीत हॉकी सोसाइटी, जालंधर का क्रमशः मानद सचिव और महासचिव नियुक्त किया गया है। सुरजीत हॉकी सोसायटी के अध्यक्ष जिला उपायुक्त जसप्रीत सिंह ने सोमवार को बताया कि स्थानीय सुरजीत हॉकी स्टेडियम में 27 अक्टूबर से शुरू हो रहे 39वें सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट को देखते हुए रनबीर सिंह टुट्ट और सुरिंदर सिंह भापा को उनके पदों पर नियुक्त किया गया है। पूर्व महासचिव और मानद सचिव इकबाल सिंह संधू, पी.सी.एस. (सेवानिवृत्त) को सुरजीत हॉकी सोसाइटी द्वारा संचालित सुरजीत हॉकी अकादमी, जालंधर में बतौर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सी.ई.ओ.) काम काज देखने के लिए कहा गया है। गौरतलब है कि इकबाल सिंह संधू ने निजी कारणों के चलते साल 2021 में इन पदों से इस्तीफा दे दिया था।

### वर्षाबाधित मैच में भारत ने मलेशिया को हराया

सिलहेट। भारत ने सबभिनेनी मेघना (69) के अर्द्धशतक और शेफाली वर्मा (46) एवं ऋचा घोष (33 नाबाद) की शानदार पारियों की बदौलत महिला एशिया कप 2022 में वर्षाबाधित टी20 मुकाबले में सोमवार को मलेशिया को 30 रन से मात दी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 181 रन बनाये। मलेशिया ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 5.2 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 16 रन बनाये, जिसके बाद बारिश के कारण मैच रोका गया और अंततः डकवर्थ लुइस नियम के अनुसार भारत ने मैच 30 रन से जीत लिया।

### भारत-दक्षिण अफ्रीका मैच से पहले नवाब नगरी को जकड़ा क्रिकेट के बुखार ने

लखनऊ। छह अक्टूबर को लखनऊ में पहली बार एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने जा रही भारतीय टीम का इस्तकबाल को नवाब नगरी के खेल प्रेमी बेकरार है मगर उन्हें विराट कोहली, रोहित शर्मा समेत अपने अन्य चहेते सितारों के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इस मुकाबले में न खेलने को लेकर मायूसी भी है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम पर छह अक्टूबर को तीन मैचों की एक दिवसीय श्रृखंला का पहला मुकाबला खेला जायेगा। करीब 50 हजार दर्शक क्षमता वाले स्टेडियम में मैच को लेकर सभी तैयारियां लगभग पूरी की जा चुकी हैं। इकाना की सपाट पिच पर क्रिकेट प्रेमियों को दशहरे के एक दिन बाद चौके-छक्कों की आतिशबाजी देखने को मिल सकती है। मैच को लेकर क्रिकेट प्रेमियों के बीच यहां गर्मजोशी का अंदाजा इस तरह लगाया जा सकता है कि ऑनलाइन बिक्री के अलावा इकाना स्टेडियम में दर्शकों की सुविधा के लिये टिकट खिड़की पर खरीददारों की भीड़ लगातार देखी जा रही है। आयोजकों के मुताबिक मैच के दौरान स्टेडियम दर्शकों से खचाखच भरे रहने की उम्मीद है।

## पाकिस्तान पहले दौर में विश्व कप से बाहर न हो जाए : अख्तर

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने अपनी चिंताओं को दोहराते हुए सोमवार को कहा कि पाकिस्तान आईसीसी टी20 विश्वकप 2022 के पहले दौर में ही बाहर हो सकती है।



अख्तर ने अपने यूट्यूब चैनल पर जारी वीडियो में कहा, मैंने पहले भी कहा है और फिर कह रहा हूं, मुझे डर है कि यह पाकिस्तान टीम पहले ही राउंड में विश्व कप से बाहर हो सकती है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान का मध्यक्रम अच्छा नहीं है। अगर टीम के सलामी बल्लेबाज प्रदर्शन नहीं करते तो मध्यक्रम दबाव में आ जाता है। अगर आप विश्व कप जीतना चाहते हैं तो यह टूर्नामेंट में जाने का तरीका नहीं है। रावलपिंडी एक्सप्रेस ने पाकिस्तान के कोच सक़लैन मुश्ताक़ पर निशाना साधते हुए कहा, मैंने इसलिये सक़लैन मुश्ताक़ और अन्य की आलोचना करते हुए कहा था कि अपने मध्यक्रम को ठीक करो। वे कुछ कारणों से सुन नहीं रहे। पाकिस्तान को खराब प्रदर्शन करते हुए देखना बहुत निराशाजनक है। उन्होंने कहा कि यहां से चीजें भयावह लग रही हैं और प्रबंधन के लिए आसान नहीं होंगी। बाबर आज़म और मोहम्मद रिज़वान हर मैच में जीत नहीं दिला सकते। हारिस रउफ ने अच्छा प्रदर्शन किया और दूसरे गेंदबाजों को भी आगे आने की जरूरत है। अख्तर ने मुस्कुराते हुए कहा, उम्मीद है वे एक-दो चीजें सीखेंगे। मेरी वीडियो देखेंगे और सुधार करेंगे। अख्तर का यह बयान इंग्लैंड के खिलाफ रविवार को पाकिस्तान की 67 रन की हार के बाद आया। इंग्लैंड ने पाकिस्तान को 210 रन का लक्ष्य दिया था जिसके जवाब में बाबर की टीम 142 रन ही बना सकी। इसी के साथ 17 साल बाद पाकिस्तान आई इंग्लैंड ने सात मैचों की श्रृंखला 4-3 से जीत ली।

## खिलाड़ियों के लिये योगी सरकार ने खोला खजाना

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के इरादे से राज्य की योगी सरकार ने खिलाड़ियों के कल्याण के लिये विभिन्न प्रकार की आर्थिक मदद का एलान किया है।



राज्य के खेल अपर मुख्य सचिव डॉ. नवनीत सहगल ने सोमवार को बताया कि राज्य में खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रदर्शन करने में अब आर्थिक समस्या आड़े नहीं आयेगी। सरकार एकलव्य क्रीड़ा कोष के तहत खिलाड़ियों को खेल में उच्च स्तरीय प्रदर्शन एवं संवर्धन के लिये फेलोशिप प्रदान करेगी।

इस सिलसिले में डॉ. सहगल की अध्यक्षता में आयोजित एकलव्य क्रीड़ा कोष की बैठक में 35 खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता/फेलोशिप प्रदान करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही एकलव्य क्रीड़ा कोष से जिले और मण्डल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी पंजीकृत खिलाड़ियों, आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों एवं स्पोर्ट्स कालेजेज के खिलाड़ियों को आयुषमान भारत योजना के तहत कवर कराने का प्रस्ताव पारित किया गया।

डॉ. सहगल ने बताया कि विभिन्न जिलों एवं मण्डलों से राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता खिलाड़ियों को एकलव्य क्रीड़ा कोष से आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी। एकलव्य क्रीड़ा कोष के तहत खेल संघों द्वारा आयोजित राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में पदक विजेता खिलाड़ियो को अपने खेल विधा से संबंधित आवश्यक उपकरणों की खरीद के लिये पांच लाख रुपये तक अनुदान दिये जाने की व्यवस्था है।

उन्होने बताया कि सम्बद्धता प्राप्त खेल संघों द्वारा चार वर्षों के अंतराल पर आयोजित किये जाने वाले एशियन चैम्पियनशिप, एशियन गेम्स, वर्ल्ड कप, विश्व चैम्पियनशिप तथा एशिय कप में पदक विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को शारीरिक विकास एवं संवर्धन के लिये डाइट मनी के रूप में तीन लाख रुपये की धनराशि प्रतिवर्ष देने का प्राविधान है। इसी प्रकार जूनियर एशियन चैम्पियनशिप, जूनियर विश्व चैम्पियनशिप, जूनियर वर्ल्ड कप, एशियन कप, यूथ ओलम्पिक गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स, सैफ गेम्स पदक विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रतिवर्ष दी जायेगी।

## टेबल टेनिस चैंपियनशिप, भारतीय महिलाएं शीर्ष-16 में पहुंचीं

चेंगदू (चीन)। भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम ने विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2022 में सोमवार को ग्रुप-5 मुकाबले में मिस्र को 3-1 से हराकर शीर्ष-16 में जगह बना ली।

भारतीय महिलाएं अपने समूह में पांच पॉइंट के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि जर्मनी (छह पॉइंट) ने पहला स्थान हासिल किया। दूसरी ओर, भारतीय पुरुष टीम ने टूर्नामेंट में अपनी तीसरी जीत दर्ज करते हुए कज़ाकस्तान को 3-2 से हराया। भारत इस समय पुरुषों के ग्रुप-2 में छह पॉइंट के साथ शीर्ष पर है। श्रीजा अकुला ने मिस्र के खिलाफ विजयी शुरुआत करते हुए पहले मैच में हाना गोंडा को 3-0 (11-6, 11-4, 11-1) से हराया। पूर्व राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन मनिका बत्रा ने दूसरे मैच में डीना मशरफ पर 3-2 (8-11, 11-6, 11-7, 2-11, 11-8) से रोमांचक जीत दर्ज की। दिया चिटेल को युसरा हेल्मी के हाथों 2-3 (11-5, 10-12, 11-9, 9-11, 4-11) से हार मिली, लेकिन श्रीजा ने मिस्र को मैच में वापस आने का मौका नहीं दिया और चौथे मैच में मशरफ को 3-1 (11-8, 11-8, 9-11, 11-6) से शिकस्त दी। इसी बीच, पुरुष टीम ने कजाकिस्तान पर 3-2 से जीत के बाद शीर्ष-16 में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है। राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदक विजेता सत्यन ज्ञानशेखरन ने अपने शानदार फॉर्म को जारी रखते हुए पहले मैच में डेनिस जोलुदेव को 3-0 (11-1, 11-9, 11-5) से हराया। किरिल गेरासिमेंको ने हरमीत देसाई पर 3-0 (11-6, 11-8, 11-9) की जीत दर्ज करके मुकाबले को 1-1 से बराबर किया। मानव ठक्कर ने एलन कुरमांगलीयेव पर 3-0 की जीत के साथ भारत को 2-1 की बढ़त दिलाई, जबकि गेरासिमेंको ने सत्यन को 3-2 (6-11, 11-5, 12-14, 11-9, 11-6) से परास्त किया।

## अंडर-14 मुकाबलों के पहले दिन ही उलटफेर

लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय एशियन जूनियर टेनिस (अंडर-14) प्रतियोगिता के पहले दिन सोमवार को उलटफेर देखने को मिले जब गैर वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने पूरे दम खम के साथ कुछ वरीय प्रतिद्वंदियों को घुटनो पर बैठा दिया।

विजयंत खंड स्टेडियम के टेनिस कोर्ट में खेली जा रही प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में चौथी वरीयता प्राप्त श्रावस्ती कुंडिलिया को हार का सामना करना पड़ा। उन्हें गैर वरीयता प्राप्त शेरी शर्मा ने 5-7,6-3,6-2 से पराजित कर दिया वहीं पांचवी वरीयता प्राप्त तविशी खिलारीवाल को यूपी की गैर वरीयता प्राप्त खिलाडी परीज्ञा यादव ने 6-2,6-3 से सीधे सेंटों में पराजित कर दिया। इसके साथ ही छठी वरीयता प्राप्त श्रीनीति साई पोजूजो को गैर वरीयता प्राप्त खिलाड़ी काव्या पांडेय ने 6-3,6-1 से पराजित कर दिया।

अन्य मुकाबलों में यूपी की आयरा ने सवा चार घंटे से ज्यादा चले मैच में सुहानी पाठक को 6-7 (7),7-5,6-1 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। इसके अलावा समायरा कोहली ने नव्या शर्मा को सीधे सेटों में 6-3,6-0 से पराजित किया।

अग्रिमा जायसवाल गौरी ने अपने प्रतिद्वंदी आदित्री श्री द्विवेदी को आसानी से 6-1,6-2 से पराजित कर दिया। तीसरी वरीयता प्राप्त दिया चौधरी ने श्रुष्टि प्रकाश सूर्यवंशी को सीधे सेटों में 6-2,6-2 से मात दी। मेहा पाटिल ने इक्षिता रंजन नव्या को 6-0,6-1 से हराया। बालक वर्ग के मुकाबलों में शीर्ष वरीयता प्राप्त प्रकाश शरन ने आरव भास्कर को आसानी से 6-0,6-0 से हराकर अगले दौर में जगह बना ली। वहीं यूपी के सानिध्य धर द्विवेदी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए तेजस सिंह को 6-2,6-2 से हरा दिया। अन्य मुकाबलों में वरद उंद्रे ने ओम चौधरी को 6-0,6-2 से हराया जबकि सातवीं वरीयता प्राप्त अमृत धनकर ने निखिलेश पापुला को 6-1,6-0 से हरा दिया।

## बास्केटबाल में यूपी ने रचा इतिहास, योगी ने दी बधाई

अहमदाबाद। राष्ट्रीय खेलों में उत्तर प्रदेश की बास्केटबाल टीम ने सोमवार को महाराष्ट्र को हरा कर पहली बार स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके अलावा फ्री स्टाइल कुश्ती और एयर पिस्टल स्पर्धा में भी यूपी के खिलाड़ियों ने बाजी मारी और सोने पर अपना कब्जा जमाया।

राष्ट्रीय खेलों में दूसरे स्थान पर अब तक बरकरार यूपी के खिलाड़ियों ने पदक बटोरो अभियान को चौथे दिन सोमवार को भी जारी रखा। प्रदेश बास्केटबाल टीम ने महाराष्ट्र को हरा कर आजादी के बाद पहली बार खिताब अपने नाम किया। टीम के प्रदर्शन से गदगद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टीम के कप्तान हर्ष डागर को फोन मिलाया और उनकी टीम को राज्य के लोगों की ओर से बधाई दी।

उधर, धावक अभिषेक पाल ने दस किमी दौड़ में दूसरे स्थान पर रह कर रजत पदक हासिल किया। उन्हे यह दौड़ पूरी करने में 28:54.98 सेकेन्ड का समय लगा।

आज ही दस किमी की दौड़ में कविता यादव ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इससे पहले रविवार रात पुरूष कुश्ती फ्रीस्टाइल में यूपी के जोंटी कुमार ने स्वर्ण और युविका ने 10 मीटर एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक और पुरुष ग्रीको रोमन कुश्ती के 130 किग्रा वर्ग में यतेंद्र ने उत्तर प्रदेश को कांस्य पदक दिलाया।

## भगवद गीता पार्क में तोड़फोड़ पर कनाडा का आया जवाब

### भारत ने जताई थी चिंता; एडवाइजरी भी हो चुकी है जारी

टोरंटो। कनाडा के ब्रैम्पटन शहर में श्री भगवद गीता पार्क में हुई तोड़फोड़ को लेकर भारत की चिंताओं पर अब कनाडा ने जवाब दिया है। कनाडा सरकार के अधिकारियों के कहना है कि पार्क में कोई तोड़फोड़ नहीं की गई है बल्कि कथित खाली जगह को मरम्मत कार्य के दौरान छोड़ा गया था। भारत द्वारा घटना की निंदा किए जाने और शहर के प्रशासन से इस संबंध में त्वरित कार्रवाई करने का अनुरोध किए जाने के कुछ देर बाद अधिकारियों की यह प्रतिक्रिया सामने आई है। इस पार्क को पहले ट्रॉयर्स पार्क के नाम से जाना जाता था और बाद में इसका नामकरण श्री भगवद गीता पार्क किया गया। इसका उद्घाटन 28 सितंबर को किया गया था।




कनाडा में भारत के उच्चायुक्त ने रविवार को ट्वीट किया था, 'हमलोग ब्रैम्पटन में श्री भगवद गीता पार्क में हेट क्राइम के तहत की गई तोड़फोड़ की निंदा करते हैं। हम कनाडा के अधिकारियों और पुलिस से मामले की जांच करने और दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई का अनुरोध करते हैं।' इसके बाद ब्रैम्पटन के महापौर पैट्रिक ब्राउन ने रविवार रात को ट्विटर पर मामले में सफाई दी थी। ब्रैम्पटन कनाडा के ओंटारियो प्रांत में एक शहर है। इसमें बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं।

ब्राउन ने ट्वीट किया, 'हाल में उद्घाटन किए गए भगवद गीता पार्क में तोड़फोड़ से संबंधित कल की रिपोर्ट के बाद हमने मामले में जांच के लिए त्वरित कार्रवाई की। हमें पता चला कि बिल्डर ने वह कथित जगह छोड़ी थी ताकि वहां श्री भगवद गीता पार्क के स्थायी निशान को लगाया जा सके।' ब्राउन ने यह मुद्दा उठाने के लिए भारतीय समुदाय का धन्यवाद किया और कहा, 'हमें खुशी है कि यह मुद्दा सामने आया।

यह मुद्दा हमारे ध्यान में लाने और ब्रैम्पटन को एक सुरक्षित एवं समावेशी जगह बनाने के लिए हम समुदाय (भारतीय) का धन्यवाद करते हैं।' उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, ''खाली जगह मरम्मत के दौरान छोड़ी गई थी। यह कोई आम प्रक्रिया नहीं है क्योंकि हम तब तक कोई निशान नहीं हटाते हैं जब तक कि वह क्षतिग्रस्त नहीं हो जाए या उसका नाम नहीं बदला जाए।'

#### भारत ने कनाडा में रहने वाले भारतीयों के लिए जारी की थी एडवाइजरी

स्थानीय पुलिस ने भी कहा, 'पार्क में किसी भी स्थायी निशान या ढांचे के तोड़फोड़ के कोई साक्ष्य नहीं है।' पुलिस ने ट्वीट किया, 'स्थायी निशान को वहां अभी लगाया जाना बाकी है और यह एक अस्थायी निशान है जो पार्क के नामकरण के दौरान लगाया गया था।' पिछले महीने भारत ने कनाडा में अपने नागरिकों को 'हेट क्राइम, सांप्रदायिक हिंसा और भारत विरोधी गतिविधियों' का हवाला देते हुए सतर्क रहने की एडवाइजरी जारी की थी।

### स्वांते पाबो को मिला मेडिसिन का नोबेल, इस खास काम के लिए नवाजे गए स्वीडन के वैज्ञानिक

स्टॉकहोम। मेडिसिन/फिजियोलॉजी के क्षेत्र में दिए जाने वाले नोबेल पुरस्कार की घोषणा हो गई है। साल 2022 के लिए यह पुरस्कार स्वीडन के वैज्ञानिक स्वांते पाबो को दिया गया है। स्वांते स्वीडन के एक जेनेटिस्ट हैं। वह विकासवादी आनुवंशिकी के स्पेशलिस्ट हैं। पाबो को यह नोबेल प्राइज विलुप्त होमिनिन और मानव विकास के जीनोम से संबंधित खोजों के लिए दिया गया है। नोबेल कमेटी के सचिव थॉमस पेर्लमैन ने स्टाकहोम, स्वीडन के कैरोलिंस्का इंस्टीट्यूट में सोमवार को विजेता की घोषणा की। चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार के साथ ही नोबेल पुरस्कारों की घोषणा की शुरुआत हो गई है।

## अमेरिका में तूफान 'इयान' ने मचाई तबाही, अब तक 70 से ज्यादा लोगों की मौत

वाशिंगटन। अमेरिका के फ्लोरिडा और उत्तरी कैरोलिना में इयान तूफान से मरने वालों की संख्या 70 से ज्यादा हो चुकी है।

इनमें से अकेले फ्लोरिडा में 45 संदिग्ध मौत होने की सूचना है। इयान तूफान ने बुधवार और गुरुवार को फ्लोरिडा में तबाही मचाने के बाद शुक्रवार को अमेरिकी राज्य दक्षिण कैरोलिना में दस्तक दिया। इसके बाद यह शनिवार को दक्षिण-मध्य वर्जीनिया चला गया।

यह जानकारी रविवार को एनबीसी न्यूज ने अधिकारिक आंकड़ों और अपनी रिपोर्ट के आधार पर दी। एनबीसी ने कहा कि शनिवार को इस तूफान से मरने वालों की संख्या 77 हो चुकी है और यह आंकड़ा बढ़ सकता है। अमेरिकी मीडिया ने शुक्रवार को कहा कि फ्लोरिडा में इयान तूफान से कम से कम 45 संदग्धि मौत होने की सूचना है।

#### कई लोग अभी भी लापता

फ्लोरिडा में आपातकालीन प्रबंधन के निदेशक केविन गुथरी ने कहा कि राज्य में इयान तूफान से एक पुष्ट मौत हुई है जबकि 20 अपुष्ट मौतों की जांच चल रही है। फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसैंटिस के अनुसार, इयान के फ्लोरिडा में बुधवार को पहुंचने के बाद से कम से कम 1,100 लोगों को बचाया गया है। तूफान की वजह से कई लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं।

#### 19 लाख लोग अंधेरे में

तूफान के कारण राज्य के 19 लाख लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, शुक्रवार को दक्षिण कैरोलिना में दो लाख से ज्यादा और उत्तरी कैरोलिना में 1.38 लाख से ज्यदा बिजली की कटौती हुई। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने दक्षिण कैरोलिना में आपातकाल की घोषणा की और कहा कि इयान तूफान फ्लोरिडा के इतिहास में सबसे घातक तूफान साबित हो सकता है।

### कोरियाई बैंड से अभद्रता करने वाला गिरफ्तार

रियाद। सऊदी अरब की राजधानी रियाद में एक सऊदी नागरिक को कोरियाई के-पॉप बैंड अतीज के साथ अभद्रता करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। यह जानकारी सोमवार को एक समाचारपत्र ने दी। कोरियाई बैंड 30 सितंबर से एक अक्टूबर तक आयोजित होने वाले के-कॉन महोत्सव में अपना प्रदर्शन करने के लिए सऊदी की राजधानी रियाद गया था। सऊदी गजट ने पुलिस के हवाले से कहा, गिरफ्तार नागरिक सोशल मीडिया पर एक वीडियो क्लिप में दिखाई दिया, जिसमें वह बैंड के आगमन पर उनसे अभद्रता कर रहा था। पुलिस के अनुसार उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई। यह महोत्सव, कोरियाई संस्कृति और उत्पादों को उजागर करने वाला एक प्रदर्शन था, जिसमें सऊदी प्रशंसकों की भीड़ देखी गई। वीडियो में प्रशंसक हवाई अड्डे पर कोरियाई बैंड का गर्मजोशी से स्वागत करते दिखाई दे रहे हैं।

### श्रीलंका में मानवाधिकार उल्लंघन पर कई देशों ने प्रस्ताव पर किये हस्ताक्षर

कोलंबो। जिनेवा में श्रीलंका में मानवाधिकारों के उल्लंघन की निंदा करते हुए कई अन्य देशों ने एक प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं। 'डेली मिरर' ने सोमवार को बताया कि प्रस्ताव मूल रूप से ब्रिटेन , अमेरिका, जर्मनी, कनाडा, मलावी, मोंटेनेग्रो और नॉर्थ मैसेडोनिया द्वारा लाया गया था। इस पर अब अल्बानिया, ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, कनाडा, चेकिया, डेनमार्क, एस्टोनिया, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, आइसलैंड, आयरलैंड, लातविया, लिकटेंस्टीन, लिथुआनिया, लक्जमबर्ग, मार्शल आइलैंड्स, नीदरलैंड्स, न्यूजीलैंड और नॉर्वे के साथ-साथ स्लोवाकिया, स्वीडन और तुर्की ने भी हस्ताक्षर किए हैं। इस सप्ताह जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में श्रीलंका में सुलह, जवाबदेही और मानवाधिकारों को बढ़ावा देने वाले प्रस्ताव पर मतदान होगा। प्रस्ताव के मसौदे में मानवाधिकार के लिए उच्चायुक्त के कार्यालय से श्रीलंका में मानवाधिकारों की स्थिति पर अपनी निगरानी और रिपोर्टिंग बढ़ाने का अनुरोध किया गया है। इसमें सुलह और जवाबदेही की प्रगति और आर्थिक संकट और भ्रष्टाचार से मानवाधिकारों पर असर भी शामिल है। कार्यालय से यह भी अनुरोध किया गया है कि वह 53वें सत्र और 55वें सत्र में मानवाधिकार परिषद को मौखिक अद्यतन दे और 54वें सत्र में एक लिखित अपडेट मुहैया कराये साथ ही एक व्यापक रिपोर्ट पेश करे, जिसमें 2024 में इसके 57वें सत्र में जवाबदेही को आगे बढ़ाने के लिए और विकल्प के तौर पर शामिल हों। नया प्रस्ताव अप्रैल 2022 से मानवाधिकारों की स्थिति पर भी चिंता व्यक्त करता है, जिसमें शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हिंसा और गिरफ्तारी के साथ-साथ सरकारी समर्थकों के खिलाफ हिंसा शामिल है। जिसके परिणामस्वरूप सांसदों की मौत, गहरी चोटें और उनके घरों को नुकसान पहुंचा है।

### दुबई में भारतीय प्रवासी कारोबारी का निधन

दुबई। दुबई में 80 वर्षीय भारतीय प्रवासी कारोबारी एम. एम. रामचंद्रन उर्फ एटलस रामचंद्रन का रविवार रात निधन हो गया। यह जानकारी गल्फ समाचार ने सोमवार को उनके परिवार के हवाले से दी। उनके दामाद अरुण ने गल्फ समाचार को बताया कि तीन दिन पहले निम्न रक्तचाप के कारण उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया था और दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया। उनके परिवार में पत्नी इंदिरा रामचंद्रन, बेटी मंजू और उनका परिवार है। रामचंद्रन केरल के मूल निवासी थे, सन् 1981 में एटलस नाम से आभूषण ग्रुप बनाकर वे सोने का कारोबार करने लगे और एटलस रामचंद्रन कहलाने लगे। उन्होंने एक समय पूरी खाड़ी में एटलस ज्वैलरी स्टोर्स की 40 से अधिक शाखाएं स्थापित की थी, जिसमें संयुक्त अरब अमीरात में 19 शाखाएं शामिल थीं। पूंजीपति कारोबारी ने स्वर्णिम काल के दौरान हेल्थकेयर, फिल्म, रियल एस्टेट और मीडिया में भी रुचि दिखाई थी। संयुक्त अरब अमीरात में ऋण चूक मामलों में फंसने से पहले वह भारतीय समुदायों के बीच बहुत सम्मानित हुआ करते थे और उन्हें एक फिल्म निर्माता, अभिनेता और एक ब्रांड एंबेसडर के रूप में सेलिब्रिटी का दर्जा प्राप्त था। उन्हें 2015 में वहां की अदालत ने तीन वर्ष की सजा सुनाई थी जब उन्हें सुरक्षा गारंटी के रूप में दो बैंकों को दो बाउंस चेक देने का दोषी पाया गया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# घुमक्कड़ी सम्मेलन में पर्यटन संबंधी विषयों पर हुई चर्चा

## वक्ताओं ने घुमक्कड़ों को अपने ज्ञान भंडार से किया सिंचित, देशभर से आए घुमक्कड़ों ने परस्पर साझा किए अनुभव










## "अपने उद्देश्य में सफल रहा सम्मेलन, अब निरंतर कराने का है विचार"

सम्मेलन के प्रमुख सूत्रधार नीरज कुमार मुसाफिर ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य देशभर के घुमक्कड़ों के मध्य मेलजोल बढ़ाना, एक-दूसरे के अनुभव साझा कराना और साथ ही साथ पर्यटन उद्योग से जुड़े या जुड़ने के इच्छुक उद्यमियों को व्यवसायिक संभावनाएं तलाशने को परस्पर मिलाने, सामंजस्य स्थापित करने-कराने का एक बहुआयामी मंच उपलब्ध कराना। घुमक्कड़ी, लेखन, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, कम्युनिकेशन स्किल समेत विभिन्न विधाओं को करियर या शौकिया अपनाने के इच्छुक लोगों का मार्गदर्शन कर उन्हें प्रोत्साहित करना रहा। उन्होंने दावा किया कि सम्मेलन अपने उद्देश्य में सफल रहा। घुमक्कड़ी जिन्दाबाद परिवार का यह सम्मेलन (आयोजन) बिल्कुल वैसा ही रहा जैसा कि इसका प्रयोजन था, इससे हर घुमक्कड़ को वही मिला जो असल में वह चाहता था। किसी को जिम कॉर्बेट घूमना था, किसी को नए दोस्त बनाने थे, किसी को व्यापारिक संभावनाएं तलाशनी थीं। किसी को दूसरे घुमक्कड़ों के अनुभवों से दो-चार होना था और अपने-अपने रोमांचक किस्से सुनाने थे।

किसी को उत्तराखंड की वादियों का आनन्द लेना था। किसी को आभासी दुनिया के मित्रों से रूबरू होना था। कार्यक्रम की सफलता से प्रेरित-स्फूर्त नीरज कुमार का कहना है कि भविष्य में ऐसे आयोजन अब निरंतर कराने की योजना को मूर्त रूप देने की तैयारी है।

घुमक्कड़ी कहें कि सैर-सपाटा या कुछ और लेकिन यह एक जूनूनी कार्य है, जिसे हर कोई नहीं कर सकता। इस कार्य के लिए व्यक्ति के दिल में घर से निकलकर कहीं घूमने-विचरने वाला जज्बा होना चाहिए। जी हां, घुमक्कड़ मतलब घूमने वाला, विचरण करने में रूचि रखने वाला। अब आप उसे यायावर, परिभ्रमक, भ्रमणक, भ्रमणकारी, घुमंतू, सैलानी, यात्री, पर्यटक, यायावर आदि-इत्यादि चाहे कुछ भी कह-पुकार लें, लेकिन उसका काम एक ही है घुमक्कड़ी, सैर-सपाटा, आमोद-विहार अर्थात पर्यटन। पर्यटन एक ऐसा शब्द जिसके मूल में अर्थ है, रोजगार है, कारोबार है, सामाजिक समरसता है, संस्कृति है और परस्पर व्यवहार है।

और पर्यटन यानी घुमक्कड़ी जैसे इसी महत्वपूर्ण विषय पर पर्यटकों के सोशल मीडिया (फेसबुक) समूह घुमक्कड़ी जिन्दाबाद के तत्वावधान में बीते दिनों घुमक्कड़ी सम्मेलन अर्थात यायावरी महोत्सव आयोजित किया गया। आभासी मंच फेसबुक के घुमक्कड़ी जिन्दाबाद समूह की सदस्य शक्ति 50 हजार का आंकड़ा पार करने के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम जीजेड-50 के नाम से आयोजित हुआ।

उत्तराखंड में रामनगर के जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र स्थित ढेला गांव के अशोका टाइगर ट्रेल में आयोजित इस घुमक्कड़ महोत्सव में देश भर के विभिन्न क्षेत्रों से आए ढाई सौ से अधिक घुमक्कड़ों ने भाग लिया। कार्यक्रम में शामिल होने को यूं तो बहुत से लोग देश के विभिन्न स्थानों से लम्बी यात्रा करके आए, लेकिन राहुल गौड़ कहें कि राहुल जहाजी उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। राहुल गौड़ लगभग 22 हजार किलोमीटर की यात्रा करके पेरू से इस सम्मेलन में प्रतिभाग करने पहुंचे।

घुमक्कड़ों को परस्पर मिलने-जुलने का यह अवसर उपलब्ध कराने वाले इस भव्य कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रख्यात ट्रैवल ब्लॉगर, समूह संचालक और ट्रैवल किंग इंडिया के संस्थापक नीरज कुमार, प्रसिद्ध घुमक्कड़ और आतिथ्य-पर्यटन उद्यमी ललित शर्मा, कमल रामवानी सारांश, गोविंद अग्रवाल, राहुल जीटीएम (गौतम) आदि के मार्गदर्शन में %सफर और नगमे स्टार्टअप के सस्थापक अर्पण शर्मा और सह संस्थापक श्रेया के साथ उनकी पूरी टीम ने अथक परिश्रम किया।

### एक से बढ़कर एक, ठेठ घुमक्कड़ हुए इकट्ठा

घुमक्कड़ी सम्मेलन जीजेड-50 के में उल्लेखनीय यह रहा कि यहां हर कोई कहने वाला था और हर कोई सुनने वाला। यहां एक से बढ़कर एक ठेठ घुमक्कड़ उपस्थित रहा। हर एक अपनी-अपनी अलग विशेषता लिए हुए, कोई समुंद्री जहाजी तो कोई अंटलांटिका तक घूमने वाला तो कोई केदारनाथ धाम यात्रा की आपदा के अनुभव सुनाने वाला। कोई एवेरस्ट पर्वत की रोमांचक यात्रा की गाथा कहने वाला। कोई पहाड़ों की चोटियों पर चढ़ने का का शौकीन तो कोई मरुस्थली रेत के टीलों को पार करने वाला। कोई साइकिलिस्ट तो कोई पैदल घुमक्कड़ी का जुनूनी। कोई ब्लॉगर, कोई फोटोग्राफी में पारंगत तो कोई वीडियोग्राफी में सिद्धहस्त। कोई किस्सागोई या काव्य (कहन कला) का खिलाड़ी तो कोई विकट लिख्खाड़ (लेखन में माहिर)। कोई आतिथ्य-पर्यटन उद्यमी तो कोई भ्रमण सलाहकार। कोई धार्मिक यात्री तो कोई मनमौजी सैलानी। कोई फक्कड़ घुमक्कड़ तो कोई दरियादिल पर्यटक। कोई खान-पान का आनंद लेने वाला तो कोई योगी-सन्यासी। इतनी विभिन्नता होते हुए भी सब में एकता-एकजुटता का भाव, जात-धर्म, आयु-लिंग भेद से कोसों दूर। दूसरे शब्दों में कहें तो घाट-घाट का पानी पी चुके ठेठ घुमक्कड़ एक ही छत तले जुटे।

### उत्तराखंड की वादियों के आनंदमय वातावरण में बहुआयामी सम्मेलन

उत्तराखंड की वादियों के आनंदमय वातावरण में हुआ यह बहुआयामी सम्मेलन शानदार रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रम और सुस्वादु कुमाऊंनी भोजन को सभी ने सराहा। इस भव्य आयोजन में आउटडोर एक्टिविटीज, संगीत कार्यक्रम सभी ने भरपूर आनंद लिया। छोलिया नृत्य की प्रस्तुति शानदार रही, रोहित नंदा और उनकी मंडली विशेषकर मुख्य पुरुष कलाकार बहुत गुणी और ऊर्जावान थे। प्रकृति प्रेमी, योगी एवं जीवन प्रबंधक आचार्य भूपेन्द्र शुक्लेश ने प्रगतिशील विश्रांति (प्रोग्रेसिव रिलेक्सेशन) तकनीक का अभ्यास कराया। गजल संध्या के सुरीले कार्यक्रम में भारी वर्षा ने विघ्न डाल दिया। हालांकि रात्रि में हुए मिलन समारोह में घुमक्कड़ों की बहुमुखी प्रतिभा देखने को मिली। गीत-संगीत-काव्य के इस %स्वतंत्र सत्र% में अनेक गायक-शायर उभर कर सामने आये। एक से बढ़कर एक कवि, गायक और बेहतरीन नर्तकों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा प्रदर्शित कर समां बांध दिया। गायक निहाल ने जब गिटार की धुन पर तराने छेड़कर उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया।

महफिल सजती रही, गाना-बजाना-शायराना अंदाज चलता रहा। असीम-अपार आनंद के इस सरोवर में सभी रह-रहकर गोते लगाते रहे और यह कार्यक्रम देर रात्रि अपने अंतिम सोपान पर पहुंचा।

### घुमक्कड़ों ने साझा किए रोमांचक-सुखद अनुभव, खूब हुआ ज्ञानवर्धन

उत्तराखंड की वादियों के आनंदमय वातावरण में सभी ने न केवल भरपूर आनंद लिया, बल्कि विचारों-अनुभवों को जान-सुनकर ज्ञानवर्धन भी खूब हुआ। सौम्य-शांत और आनंदमय वातावरण में हम-खयाल लोगों से मिलना-जुलना अच्छा रहा।

इकट्ठा हुए घुमक्कड़ों ने अपने-अपने घुमक्कड़ी के अनुभवों का आदान-प्रदान किया। कुछ लोगों ने घुमक्कड़ी के अपने-अपने सर्वश्रेष्ठ अनुभव सुनाए-बताए। रोमांचक और सुखद अनुभवों को साझा करने के साथ ही गुदगुदाने वाली कहानियों से अपनी कहन कला का बखूबी प्रदर्शन करते हुए खूब मनोरंजन किया।

इस अवसर पर घुमक्कड़ों ने जिम कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान में जंगल सफारी का आनन्द भी लिया। सभी इच्छुक घुमक्कड़ जिप्सियों पर सवार हो ढेला द्वार (ढेला गांव) से जिम कॉर्बेट में प्रवेश कर वन्यजीव देखने पहुंचे। हालांकि हाथियों, हिरनों, बंदरों और लंगूरों के झुंड, अनेक प्रजाति की चिड़िया तो देखने को मिलीं, लेकिन %बाघ% देखने से वंचित रहे और उसके %पग चिन्ह% ही देख सके।

ढेला गांव और आस-पास की प्राकृतिक सुन्दरता ने सभी का मनमोह लिया। उस पर्वतीय-वन्य वातावरण, आनन्दित करती वायु, चहुंओर फैली हरियाली, कीट-पतंगों का मल्हार गायन, नील गगन में छाए मेघ, आकाश को अचानक अच्छादित कर बादलों का बरसना, बारिश के बाद मिटटी से आती सौंधी-सी मनमोहक सुगंध, जंगल के रहस्यमयी सन्नाटे को चीरते हुए रह-रहकर आते वन्य जीवों के रोमांचकारी स्वर आदि-इत्यादि के इस अनुभव को शब्दों में कहना-बताना, प्रकट करना बहुत कठिन है, क्योंकि इसे केवल और केवल अनुभव ही किया जा सकता है।

## पर्यटन है क्षेत्रीय और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था का मेरुदंड : इमरान खान

मुख्य कार्यक्रम में उपस्थित घुमक्कड़ी जिन्दाबाद परिवार के सदस्यों को वक्तओं ने अपने ज्ञान भंडार से सिंचित किया। ज्ञानवर्धन का यह सत्र बहुत अच्छा रहा। सम्मेलन के प्रमुख वक्ता अपने-अपने क्षेत्र के महारथी हैं, उनके सुनना अत्यंत रोचक और प्रेरक रहा। मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ सम्मेलन में आए गणमान्य घुमक्कड़ों का स्वागत के साथ हुआ। आयोजक मंडल की ओर से सभी वक्ताओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका अभिनन्दन किया गया।

संबोधन-सत्र का आरंभ आभासी समूह घुमक्कड़ी जिन्दाबाद के संस्थापक-संचालक नीरज मुसाफिर (जो नीरज कुमार और नीरज जाट आदि नामों से भी लोकप्रिय हैं) के उदबोधन से हुआ। नीरज मुसाफिर ने अपने खांटी देशी अंदाज में अपने अनुभव सुनाए-बताए। तत्पश्चात मुख्यवक्ता वरिष्ठ प्रकृतिशास्त्री इमरान खान ने माइक संभाला और जिम कॉर्बेट के विषय में रोचक जानकारियां दीं। साथ ही असम में अपने कार्यकाल के अनुभव सुनाए और जंगली जीवन के बारे में व्यापक प्रकाश डाला। इमरान खान ने पर्यटन, पर्यावरण और वन्यजीवन को परस्पर जोड़ते हुए अपने अनुभव सुनाए। उन्होंने पर्यटन को सबंधित क्षेत्रों संग राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की मेरुदंड बताया।

कैप्टन सुदीप विजय स्वयं एक घुमक्कड़ हैं और देश-विदेश के विभिन्न प्रसिद्ध स्थलों के साथ ही अंटार्टिका की यात्रा का भी अनुभव कर चुके हैं। कैप्टन सुदीप ने अपनी अंटार्कटिका यात्रा के रोमांचक अनुभव बताए और केदारनाथ आपदा के समय किए हुए अपने बचाव अभियान के विषय में जानकारी दी। केदारनाथ आपदाकाल का यह अनुभव रोंगटे खड़े कर देने वाला था। समाजसेवा क्षेत्र में कार्य कर रहे पैदल घुमक्कड़ विपुल सिंह तपस ने अपने सफर के किस्से-अनुभव सुनाए।

कमल रामवानी सारांश ने चुटीले अंदाज में संक्षेप में अपने यात्रा वृतांत सुनाए। ललित शर्मा ने गुदगुदाने वाले किस्से-कहानियों ने भरपूर मनोरंजन करने के साथ ही अपने अनेकानेक अनुभवों से अवगत कराया। पेरु से आए राहुल गौड़ ने अपनी समुंद्री यात्राओं के अनुभव के किस्से सुनाकर श्रोताओं को रोमांचित-अचंभित कर दिया।

सम्मेलन में आए पर्यटन उद्यमियों ऋषिकेश के गोविंद अग्रवाल और मनाली के राहुल जीटीएम (गौतम) आदि ने भी अपने अनुभव साझा किए। मुख्य कार्यक्रम की समय सीमा के कारण बहुत से लोगों के विचार नहीं सुने जा सके, लेकिन बहुत अच्छा आयोजन रहा। कुल मिलाकर घुमक्कड़ी सम्मेलन-कभी न भूलने वाला अनुभव रहा। संचालन का दायित्व अर्पण शर्मा ने सफलता पूर्वक संभाला। कार्यक्रम को आभासी दुनिया के मंच पर जीवंत प्रसारित (फेसबुक लाइव टेलीकास्ट) करने का दायित्व गोविन्द अग्रवाल ने निभाया।

### देश भर के विभिन्न राज्यों से रही गौरवमयी उपस्थिति

सम्मेलन में उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात आदि देश भर के विभिन्न राज्यों से लगभग 250 घुमक्कड़ों की गौरवमयी उपस्थिति रही। इनमें प्रमुख रूप से हिमाचल से ललित शर्मा, हरिद्वार-ऋषिकेश से आचार्य भूपेन्द्र शुक्लेश और गोविंद अग्रवाल, भीलवाड़ा से कमल रामवानी सारांश, मनाली से राहुल जीटीएम (गौतम), माधवी गौतम, विकास नगर (देहरादून) से संजय कुमार जैन, %घुमक्कड़ी जिन्दाबाद% समूह के 50 हज़ारी सदस्य उदयपुर राजसमन्द के रतन बागवान, दिल्ली से नितिन तोमर, स्वर्णा शरद राव, अमित धल्ल, नितिन गोयल, लखनऊ से शैलेष कुमार,

गाजियाबाद से दिनेश मावी, सहारनपुर से विकास जैन, बिजनौर से सी.एस. पुलकित गुप्ता, अयोध्याजी से सूरज मिश्रा, मुरादाबाद-संभल के मयंक तिवाना, बदायूं से राहुल गुप्ता, पुणे-तलेगाव से गणेश बुदखाले, आगरा के नितिन अग्रवाल, बरेली के हरीश वर्मा, हरवेन्द्र सिंह %हैरी%, अलीगढ़ से एम.पंकज, झुंझुनूं नवलगढ़ से सुनील शर्मा, छत्तीसगढ़ वाले विवेक शुक्ला के अलावा दीप्ति सिंह, मुक्ता व्यास, विजया सिंह, पल्लवी, शालू, कांता शर्मा, मयंक, जतिन, हिमांशु कुमार, सूरज मिश्रा, गौरव मिश्रा, हरबेन्द्र सिंह, धरम लाकड़ा, हिमांशु कुमार, हेमराज सिंह सम्भरवाल, राजेश कुमार लोहानी, हरीश यादव, शालिनी गुप्ता, अमित गुप्ता, पल्लवी गुप्ता, आसिफ खान, प्रदीप, धर्मेंद्र पाचुनकर, शैलेष कुमार, गौरव मिश्रा, सत्यम तिवारी, अश्विनी चौहान, हिमांशु कुमार, कल्पदीप माथुर, आशीष, अनूप, नितिन गोयल, मीता बक्शी, अरूण कुमार पूनिया, संदीप प्रताप सिंह, राजेंद्र वशिष्ठ, अरविन्द शर्मा, जसवंत सिहं, शौकत दिलावर खान बेरी, ध्यान उमेश आदि के नाम उल्लेखनीय हैं।

### घुमक्कड़ों ने स्मृति स्वरूप एक-दूसरे को दिए उपहार-भेंट

'जीजेड-50 के' आयोजन की एक और विशेष बात यह रही कि बहुत से प्रतिभागी अपने साथ स्मृति स्वरूप में पुस्तकें, की-चेन, कॉफी मग आदि कुछ न कुछ उपहार-भेंट, एक-दूसरे को देने के लिए लेकर आए। इसमें विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध खाद्य उत्पाद विशेषकर श्रीनाथजी के लड्डू, जयपुरी घेवर, अयोध्या के आंवला लड्डू-बर्फ़ी, पश्चिमी उप्र की प्रसिद्ध बालुशाही, महाराष्ट्र की भाखरवाड़ी (पुणे की चितले बाकरवड़ी), आगरे का पेठा, झुंझुनूं के पेड़े आदि मिठाईयां और विकास नगर का अदरक, भीलवाड़ा की कचौड़ी, नकमीन शामिल रहीं। देश भर से आए सभी घुमक्कड़ आपस में मिल-जुलकर, घुल-मिलकर अत्यंत आनंदित हुए और मधुर अनुभव के साथ आगामी आयोजनों में उपस्थिति सुनिश्चित कराने के वादे के साथ जिम कार्बेट क्षेत्र से अपने गंतव्यों को प्रस्थान कर गए। बेशक समय कुछ कम रहा हालांकि इस दौरान भी हासिल करने वालों को भरपूर मिला, यूं कहें कि झोला भर के मिला। आभासी मंच के मित्र-परिचित कुछ ऐसे मिले मानो कि कई वर्षों से एक-दूसरे को जानते-पहचानते हों। आभासी दुनिया एक मंच से बाहर पहली बार एक-दूजे से रूबरू हुए अनेक आभासी मित्रों के बीच अब तो वास्तविक मित्रता भी हो गई है। सभी हमारे यहां अवश्य आना कह एक-दूसरे को आमंत्रित कर अपने-अपने क्षेत्रों में बुलाने को आतुर दिखे।

### एकल घुमक्कड़ महिलाओं ने भी किया प्रतिभाग

इस भव्य आयोजन में स्वर्णा शरद राव, दीप्ति कुमार, मीता बक्शी, दीप्ति ठाकुर, आशा, मुक्ता व्यास और सुनीता राजपाल आदि लगभग एक दर्जन ऐसी महिलाओं ने भी प्रतिभाग किया जो कि एकल घुमक्कड़ (सोलो ट्रेवलर) के रूप में जानी-पहचानी जाती हैं। यह अपने आप में न केवल एक विशेष, बल्कि महत्वपूर्ण बात है। सभी महिला घुमक्कड़ों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और भरपूर आनंद उठाया।

**(यह लेख सोशल मीडिया समूह 'घुमक्कड़ी जिन्दाबाद' के माध्यम से प्राप्त सूचनाओं पर आधारित है। सभी छायाचित्र 'घुमक्कड़ी जिन्दाबाद' के सौजन्य से प्राप्त किए गए हैं।)**

# कहानी पाकिस्तान के पहले प्रधानमंत्री लियाकत अली की, जिसने कराया था भारत पर पहला हमला

अंकित सिंह



भारत लौटने के बाद लियाकत अली राजनीति में दिलचस्पी रखने लगे। वह भारतीय मुसलमानों की बात उठाने लगे। भारतीय मुसलमानों पर अंग्रेजों के दमन के खिलाफ वह लड़ाई लड़ने लगे। इस दौरान उन्होंने हिंदू मुस्लिम एकता की भी वकालत की।

अखंड भारत की वकालत करने वाले लोगों के लिए 14 अगस्त 1947 का दिन किसी सदमे से कम नहीं था। भारत का बंटवारा हुआ था। मां भारती को दो हिस्सों में बांटा गया था और पाकिस्तान का जन्म हुआ था। आज हम आपको पाकिस्तान के पहले प्रधानमंत्री लियाकत अली खान के बारे में बताने जा रहे हैं। लियाकत अली खान का जन्म 1 अक्टूबर 1885 को पंजाब के करनाल में हुआ था। उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की थी। उनका परिवार मुस्लिम विचारक और दार्शनिक सैयद अहमद खान के प्रति गहरा सम्मान रखता था। परिवार ने लियाकत अली के शिक्षा दीक्षा अच्छी तरह से कराई। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से कानून और राजनीति विज्ञान में डिग्री हासिल की थी। उनका परिवार जमींदारों का परिवार माना जाता था। उच्च शिक्षा के लिए लियाकत अली इंग्लैंड के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में भी पढ़ाई करने पहुंचे थे। 2023 में लियाकत अली भारत लौट आए। भारत लौटने के बाद लियाकत अली राजनीति में दिलचस्पी रखने लगे। वह भारतीय मुसलमानों की बात उठाने लगे। भारतीय मुसलमानों पर अंग्रेजों के दमन के खिलाफ वह लड़ाई लड़ने लगे। इस दौरान उन्होंने हिंदू मुस्लिम एकता की भी वकालत की। उन्हें कांग्रेस में शामिल होने के लिए कहा गया था। हालांकि, उन्होंने इनकार कर दिया। 1923 में ही में ऑल इंडिया मुस्लिम लीग में शामिल हो गए। वह मोहम्मद अली जिन्ना से काफी प्रभावित थे। दोनों के बीच अच्छे रिश्ते बनाने लगे 1926 में उन्हें मुजफ्फरनगर के ग्रामीण मुस्लिम निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद का सदस्य चुना गया। यहां से उनके राजनीतिक जीवन की शुरुआत हुई और 1932 में उन्हें सर्वसम्मति से उत्तर प्रदेश विधान परिषद का उपाध्यक्ष बनाया गया। लियाकत अली लगातार मोहम्मद अली जिन्ना के साथ काम करने लगे। हालांकि, कुछ समय के लिए मोहम्मद अली जिन्ना ब्रिटेन चले गए। वहां से लौटने के बाद उन्होंने फिर से मुस्लिम लीग को संगठित करने का काम शुरू किया। 1940 में लियाकत खान को मुस्लिम लीग संसदीय दल का उपनेता बनाया गया। पार्टी में लियाकत अली खान का कद लगातार बढ़ता गया। 1945-46 के चुनाव मुस्लिम लीग के लिए बेहद अच्छा साबित हुआ। ब्रिटिश सब भारत के मुसलमानों के आरक्षित 87त्न सीटों पर पार्टी ने जीत हासिल की थी और यही कारण था कि लियाकत अली खान को केंद्रीय संसदीय बोर्ड का अध्यक्ष चुना गया। भारत विभाजन के दौरान मुस्लिम लीग की ओर से वार्ताकारों में लियाकत अली भी हिस्सा हुआ करते थे जो कांग्रेस के नेताओं से बात करते थे। मोहम्मद अली जिन्ना के साथ उनकी नजदीकी का फायदा उन्हें भारत-पाक विभाजन के बाद मिला। वह पाकिस्तान के पहले प्रधानमंत्री रहे।

हालांकि, लियाकत अली खान को भारत का पहला वित्त मंत्री होने का भी गौरव हासिल है। भारत-पाकिस्तान के पूरी तरह आजाद होने से पहले एक टेंपरेरी सरकार बनी थी। उसके प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू थे। उस दौरान वित्त मंत्री की जिम्मेदारी लियाकत अली खान को दी गई थी। देश के विभाजन के बाद लियाकत अली खान पाकिस्तान के पहले प्रधानमंत्री बने। उन्होंने 15 अगस्त 1947 को प्रधानमंत्री के पद की शपथ ली थी और 16 अक्टूबर 1951 तक वहां पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रहे। उनकी रावलपिंडी में 16 अक्टूबर 1951 को ही हत्या कर दी गई थी।

# दिल्ली के पहले मुख्यमंत्री चौ. ब्रह्मप्रकाश के गांव से ग्रामीणों ने अधिकारों के लिए भरी हुंकार

### शकूरपुर गांव में दिल्ली ग्राम पंचायत संघ द्वारा आयोजित पंचायत में सौ से अधिक गांवों के पंचों ने शिकरत की



नई दिल्ली। दिल्ली के गांवों पर बेबुनियाद थोपे जा रहे कानून व नियमों और ग्रामीणों को अधिकारों से वंचित रखने के विरोध और गांवों को हक दिलाने की मांग के संबंध में दिल्ली ग्राम पंचायत संघ, दिल्ली प्रदेश के बैनर तले आज दिल्ली के प्रथम मुख्यमंत्री चौ. ब्रह्मप्रकाश के पैथृ ?क गांव शकूर पुर में पंचायत हुई। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि देश आजाद हुए 75 वर्ष हो चुके है और पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, लेकिन दिल्ली के गांवों एवं ग्रामीणों की स्थिति देखकर यह नहीं लग रहा है कि देश आजाद हो चुका है। ग्रामीणों की स्थिति गुलाम देश के निवासियों जैसी है। उन पर अंग्रेज शासन की तरह कानून थोपे जा रहे है। पंचायत की अध्यक्षता चौ. श्रीनंबरदार प्रधान ने की।

पंचायत में संघ के प्रमुख थानसिंह यादव ने ग्रामीणों की 18 सूत्री मांग संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस मौके पर पूर्व सांसद चौ. तारीफ सिंह, पूर्व मंत्री देवेंद्र शौकीन, ओबीसी आयोग के पूर्व चेयरमैन चौ. चतर सिंह के अलावा पंच प्रमुख सुनील शर्मा, शिव कुमार यादव, प्रो. आरबी सोलंकी आदि विचार व्यक्त किए, वहीं प्रसिद्ध समाजसेवक करण यादव ने ग्रामीणों की मांगों को उचित ठहराते हुए उनका समर्थन किया। दिल्ली बाल्मीकि समाज के अध्यक्ष रणबीर बिड़लान ने भी पंचायत के मुद्दों का समर्थन किया।

पंचायत में पास किए गए प्रस्ताव में सभी गांवों को मालिकाना हक देने, गांवों में तुरंत हाउस टैक्स नोटिस देने बंद किए जाए, गांवों को नगर निगम के सभी टैक्सों, संपत्ति कर, कन्वर्जन चार्ज, पार्किंग चार्ज आदि से मुक्त किया जाए, नगर निगम के भवन उप नियम से गांवों को बाहर रखा जाए, गांवों को व्यवसाय श्रेणी में रखा जाए, ताकि ग्रामीणों की आजीविका चल सके, सभी गांवों में पार्किंग के लिए जगह छोड़ी जाए, गांवों के छात्र छात्राओं को गैर सरकारी व सरकारी स्कूलों व कॉलेजों में शत-प्रतिशत दाखिला दिया जाए, गांवों के युवाओं को दिल्ली सरकार की सभी नौकरियों में शत प्रतिशत जगह की जाए, गांवों के भूमिहीन व गरीबों को मकान दिए जाए, गांवों की पहचान खत्म न की जाए और नगर निगम वार्डो, विधान सभा क्षेत्रों के नाम गांवों के नाम से किए जाए, गावों में सील की गई संपत्तियों को डीसील किया जाए, गावों में भवमंजिला भवन निर्माण की छूट दी जाए, गांवों की वर्षों पहले अधिकृत कृषि भूमि जिसका आज तक उपयोग में नहीं लाया गया वह किसानों को वापस दी जाए, लैंड पूलिंग पॉलिसी वापिस ली जाए, सर्कल रेट बढ़ाया जाए और इसके तहत अधिकृत भूमि का मुआवजा दिया जाए, म्यूटेशन जल्द से जल्द शुरू की जाए, गांवों की ग्राम सभा कृषि भूमि को अधिग्रहण से बाहर रखा जाए, इस भूमि को ग्रामीणों की सुविधा के लिए इस्तेमाल किया जाए और सभी गांवों की चारों तरफ 100 फुटा रास्ता छोड़ने की मांग की गई।

पंचायत में संघ के प्रमुख व 360 खाप के सुरेश शौकीन ने सरकार से इन मांगों पर जल्द से जल्द कार्रवाही करने के लिए आग्रह किया है। साथ ही चेतावनी दी कि कार्रवाही न होने पर पंचायत संघ कर्तव्य पथ तक मार्च निकालने और नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा के समक्ष अपना मांग पत्र रखने के लिए बाध्य होगा।